VPL
वर्ष 10 अंक 327
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, गुरुवार
4 सितंबर 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in
DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 जमानत पर छूटे विदेशियों के लिए नीति बनाने पर विचार करे केंद्र ... | 06 अफगानिस्तान का भूकंप: त्रासदी और ज़िम्मेदारी :ऋषभदेव शर्मा | 11 धोनी की तरह 'कैप्टन कूल' बनना चाहती हैं पाकिस्तानी कप्तान...




डॉ आर के पालीवाल
आई.आर.एस (रि.)
(संस्थापक अध्यक्ष)

कृणवंत सहाय
आई.आर.एस (रि.)
(संरक्षक)

सुमंत सिन्हा
आई.आर.एस (रि.)
(संरक्षक)

के के सिंह
आई.आर.एस (रि.)
(संरक्षक)

अशोक गुप्ता
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(अध्यक्ष)

वैंकटेश गुप्ता
प्रकाशक : नेशनल एक्सप्रेस
(संरक्षक)

"श्रम, अर्थ, समय और ज्ञान का दान है योगदान"
डॉ आर के पालीवाल

संस्था कं उददेश्य
- जैविक खेती का प्रचार प्रसार
- समग्र ग्राम विकास
- स्वस्थ शिक्षित समृद्ध गांव अभियान
- रोजगार परक शिक्षा
- आदर्श ग्राम के माडल विकसित करना
- वंचित वर्गो के उत्थान संबंधी कार्यक्रम
- साहित्यिक गतिविधियां

योगदान
आजादी के स्वर्ण जयंती वर्ष 1997
से कार्यरत समाजसेवी संस्था





"संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता, उससे दो दो हाथ हर दिन करना जरुरी है!"



Saurabh Shivhare
Saurabh_SS19


## निलंबित बीआरएस नेता कविता ने पार्टी एमएलसी पद छोड़ने की घोषणा की

**हैदराबाद**, (भाषा) के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से निलंबन के एक दिन बाद वरिष्ठ नेता के. कविता ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की और अपने चचेरे भाई एवं पूर्व मंत्री टी. हरीश राव पर निशाना साधा।

पार्टी संस्थापक और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी कविता ने विधान परिषद की सदस्यता से भी इस्तीफा देने की घोषणा की और संकेत दिया कि उनके पिता केसीआर पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का 'दबाव' था। उन्होंने हरीश राव पर केसीआर परिवार के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया।

यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए 47 वर्षीय पूर्व सांसद ने हरीश राव पर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ ''गुप्त समझौता'' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''मैंने कभी किसी पद की आकांक्षा नहीं रखी। मैं (विधान परिषद) सभापति को अपना त्यागपत्र भेज रही हूं... मैं केसीआर को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा भेज रही हूं।''

कविता ने कहा कि उनके भाई और बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव को हरीश राव की कथित साजिशों से ''सावधान'' रहना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि जब उनके



**कविता ने हरीश राव पर केसीआर परिवार के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया**

खिलाफ ''दुर्भावनापूर्ण अभियान'' चलाया गया, तो उनके भाई ने उनका साथ नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि 2018 के विधानसभा चुनावों में हरीश राव ने पार्टी द्वारा प्रदान की गई धनराशि के अलावा 20-25 विधायकों को अतिरिक्त धनराशि दी।

कविता ने कहा, 'हरीश राव को इतना पैसा कैसे मिला? 100 प्रतिशत, यह पैसा कालेश्वरम परियोजना में हुए भ्रष्टाचार से आया था। उनका विचार था कि अगर नतीजे स्पष्ट नहीं होते हैं तो उनके पास अपने विधायक होने चाहिए।' फिल्म 'बाहुबली' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हरीश राव खुद को 'कट्टप्पा' बताते हुए केसीआर के प्रति वफादारी जताते हैं, लेकिन उन्हें विधायकों को अलग से धन क्यों देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि हरीश राव ने 2009 के विधानसभा चुनावों में सिरसिला निर्वाचन क्षेत्र में के. टी. रामाराव को हराने के लिए पैसे भेजे थे।

कविता ने आरोप लगाया कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना में कथित अनियमितताओं को लेकर केसीआर के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच उनके चचेरे भाइयों हरीश राव और संतोष राव के भ्रष्टाचार के कारण हुई। उन्होंने कहा, ''मैं रामू अन्ना (के टी रामाराव) से अनुरोध कर रही हूं। हरीश या संतोष आज आपके साथ अच्छा व्यवहार करने का दिखावा कर सकते हैं। लेकिन, वे हमारे शुभचिंतक नहीं हैं। वे तेलंगाना के लोगों या केसीआर के शुभचिंतक नहीं हैं। आप उन्हें दूर रखें और जन आंदोलन आयोजित करने के लिए बीआरएस के कार्यकर्ताओं को साथ लें। तब बीआरएस बचेगा और पिता (केसीआर) की प्रतिष्ठा धूमिल नहीं होगी।''

इस बीच, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बुधवार को कविता द्वारा हरीश राव के साथ 'गुप्त समझौता' संबंधी आरोप को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें 'ऐसे गंदे लोगों के साथ उलझने की जरूरत नहीं है।' रेड्डी ने कहा कि उन्हें 'बीआरएस के पारिवारिक विवादों में नहीं घसीटा जाना चाहिए।' इस बीच कविता ने दावा किया कि उनके कुछ कर्मचारियों को बीआरएस शासन के दौरान कथित अवैध फोन टैपिंग की जांच के सिलसिले में पुलिस से नोटिस मिले थे। पुलिस को शक है कि उनके फोन भी टैप किए गए थे। कविता ने आरोप लगाया कि उनके कर्मचारियों की फोन टैपिंग के पीछे हरीश राव का हाथ हो सकता है।

बीआरएस ने मंगलवार को कहा था कि पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर राव ने कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है, क्योंकि हाल के दिनों में उनका व्यवहार और उनकी ''पार्टी विरोधी गतिविधियां'' पार्टी को नुकसान पहुंचा रही थीं।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कड़ी सुरक्षा के बीच जनसुनवाई फिर से शुरू की

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपने 'कैंप कार्यालय' में जनसुनवाई फिर से शुरू की।

एक पखवाड़े पहले ही जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने उन पर हमला कर दिया था।

सुबह आठ बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराईं और मुख्यमंत्री से मदद की गुहार की।

गुप्ता एक कुर्सी पर बैठी थीं, जबकि लोग एक-एक करके उनके सामने आकर अपने आवेदन जमा कर रहे थे और इस उद्देश्य के लिए उनकी मेज पर लगाए गए माइक्रोफोन के माध्यम से उनसे बातचीत कर रहे थे। इससे पहले गुप्ता अपने आवास-सह-कैंप कार्यालय में 'जन सुनवाई' के लिए एकत्रित लोगों के बीच जाती थीं और उनसे खुलकर बातचीत करती थीं।

मुख्यमंत्री के जनसुनवाई करने के दौरान महिला सुरक्षाकर्मियों सहित पुलिसकर्मियों ने उनके चारों ओर घेरा बना रखा था। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, जिसमें मेटल डिटेक्टर से प्रतिभागियों की तलाशी लेना और सीसीटीवी



**20 अगस्त को जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान न एक व्यक्ति ने उन पर हमला कर दिया था**

कैमरों के माध्यम से कार्यवाही की निगरानी करना शामिल था।

गुप्ता पर 20 अगस्त को राज निवास मार्ग स्थित उनके 'कैंप कार्यालय', मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में जनसुनवाई के दौरान राजकोट (गुजरात) के एक व्यक्ति ने हमला किया था।

दिल्ली की मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने समूची दिल्ली से आए लोगों से मुलाकात की और अधिकारियों को उनकी शिकायतों के तत्काल निवारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा, ''जनता से बातचीत मुझे हमेशा एक नयी ऊर्जा से भर देती है और सेवा के प्रति मेरी प्रतिबद्धता को और गहरा करती है। जन सुनवाई एक नयी परंपरा है।'' उन्होंने कहा, ''जन सुनवाई के दौरान हर नागरिक की बात सुनी जाती है और हर सुझाव दिल्ली के विकास का प्रतीक बन जाता है।'' उन्होंने कहा कि जनसेवा और हर शिकायत का निवारण दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद और सरकार से मदद की गुहार लगाने के लिए बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं मुख्यमंत्री आवास पर एकत्रित हुए।

अधिकारियों ने बताया कि लगभग 165 लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी शिकायतें और सुझाव सौंपे, जिन पर उन्होंने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।


RERA REGISTRATION NO.: RC/REP/HARERA/GGM/831/563/2024/58 DATED 03.06.2024 (WWW.HARYANARERA.GOV.IN)

SIGNATURE GLOBAL
Titanium SPR
SECTOR 71, GURUGRAM
3.5 & 4.5 BHK
UBER LUXURIOUS CONDOMINIUMS



SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121


## राष्ट्रीय शिक्षा नीति परंपरा और आधुनिकता का सर्वश्रेष्ठ समन्वय है: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**तिरुवरुर** (तमिलनाडु), (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को यहां कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति परंपरा और आधुनिकता का सर्वश्रेष्ठ समन्वय है और जो लोग इसे अपना सकते हैं और नए कौशल सीख सकते हैं, वे बदलाव के अगुआ बनेंगे।

तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुर्मू ने कहा कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक स्तर के उच्च मानकों को बनाए रखने और बौद्धिक जिज्ञासा एवं आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देने वाला प्रेरक वातावरण बनाने के लिए विशेष प्रशंसा का पात्र है। उन्होंने कहा, ''भारत में, हमारी महान और प्राचीन परंपराएं हैं जो ज्ञान के लिए ज्ञान की तलाश करती हैं।'' उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में, छात्रों के पास सीखने के इतने सारे संसाधन उपलब्ध होने से वे एक बेहतरीन स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, ''आपके लिए अपनी समृद्ध विरासत को फिर से खोजना किसी भी पिछली पीढ़ी की तुलना में कहीं अधिक आसान है। यह राष्ट्रीय शिक्षा



नीति के मूल में है; यह परंपरा और आधुनिकता के सर्वोत्तम पहलुओं को एक साथ लाती है।'

छात्रों से निरंतर सीखते रहने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दशकों में इंटरनेट क्रांति ने दुनिया को इस तरह बदल दिया है कि कई नए पेशे सामने आए हैं, जिनकी पहले कभी कल्पना भी नहीं की गई थी। उन्होंने कहा, ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता और औद्योगिक क्रांति 4.0, कार्य संस्कृति को और बदल देंगे। ऐसे गतिशील वातावरण में, जो लोग नए कौशल सीख सकते हैं, वे बदलाव में अग्रणी भूमिका के वाहक बनेंगे।''

मुर्मू ने कहा कि वह एक स्कूल शिक्षिका थीं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जीवनभर विद्यार्थी रहे और उन्होंने तमिल और बांग्ला जैसी भाषाओं को जाना, गीता जैसे धर्मग्रंथ का अध्ययन किया और साथ ही चप्पल बनाने और चरखा चलाने जैसे कौशल सीखे। उन्होंने कहा, ''उनके मामले में यह सूची लगभग अंतहीन है। गांधीजी अपने अंतिम समय तक असाधारण रूप से सजग और सक्रिय रहे। उन्होंने छात्रों को जिज्ञासु बने रहने की सलाह दी। इससे निरंतर सीखते रहने को बढ़ावा मिलेगा और निरंतर सीखने से उनके कौशल की हमेशा मांग बनी रहेगी।''

तमिलनाडु स्थित केन्द्रीय विश्वविद्यालय सामुदायिक कॉलेज और डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केन्द्र जैसी पहलों के माध्यम से हाशिए पर पड़े वर्गों के समग्र विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तिगत विकास को सामाजिक विकास से जोड़ना होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा का उद्देश्य समाज का हित होना चाहिए।

## जीएसटी में होंगे केवल दो कर स्लैब रोजमर्रा के सामान होंगे सस्ते : वित्त मंत्री सीतारमण

नयी दिल्ली, (भाषा) जीएसटी परिषद ने बुधवार को लोगों को राहत देते हुए माल एवं सेवा कर के तहत पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय कर संरचना को मंजूरी दे दी। इसमें रोजमर्रा के उपयोग वाले सामानों पर जीएसटी दरों में कटौती की गयी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में लिये गये निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जीएसटी में व्यापक सुधारों के तहत बाल में लगाने वाले तेल, साबुन, साइकिल आम और मध्यम वर्ग की वस्तुओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत या 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है।इसके अलावा, छेना, पनीर, रोटी और पराठा पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। जीवन रक्षक दवाओं पर भी जीएसटी शून्य होगा।

सीतारमण ने यह भी कहा कि व्यक्तिगत जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर जीएसटी से छूट मिलेगी। इसके अलावा, छोटी



कारों और 350 सीसी तक के दोपहिया वाहनों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। तिपहिया वाहन पर भी अब 18 प्रतिशत कर लगेगा।

उन्होंने कहा कि तंबाकू, पान मसाला और सिगरेट पर जीएसटी 40 प्रतिशत की विशेष दर से लगेगा।

सीतारमण ने कहा, '' यह केवल जीएसटी में सुधार नहीं है, बल्कि संरचनात्मक सुधारों और लोगों की जीवन को सुगम बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है।''

तंबाकू उत्पादों और सिगरेट को छोड़कर नई जीएसटी दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी।

## दिल्ली में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का काम जारी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली में पुराने रेलवे पुल (ओआरबी) पर बुधवार अपराह्न एक बजे यमुना नदी का जलस्तर 207 मीटर तक बढ़ जाने के कारण निचले बाढ़ग्रस्त इलाकों से 7,500 से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



निकाले गए लोगों को 25 स्थानों पर ठहराया गया है, जहां राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया, ''पांच जिलों - पूर्व, उत्तर, दक्षिण-पूर्व, उत्तर-पूर्व और मध्य दिल्ली से 7,500 से अधिक लोगों को निकाला गया है। उन्हें 25 जगहों पर बने राहत शिविरों में पहुंचाया गया है, जिनमें तंबू, स्कूल आदि शामिल हैं।''


LOHIA
100% MAKE IN INDIA
AB INDIA CHALEGA, LOHIA ELECTRIC PE
lohiaauto.com
Let's drive into the future with LOHIA Electric Vehicles



narain DX
HIGHLIGHTS
Li-ion Battery
Analog Speedometer
Heavy Duty Chassis
Sheet Metal Roof Top
+91 9582888576
+1800 120 5933
www.lohiaauto.com
info@lohiaauto.com


## राहुल गांधी की याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निर्णय सुरक्षित रखा

**प्रयागराज**, (भाषा) इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अमेरिका में दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने से संबंधित मामले पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

दरअसल, एक विशेष अदालत ने मजिस्ट्रेट अदालत को गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के संबंध में दायर याचिका पर विचार करने का निर्देश दिया था, जिसके बाद गांधी ने उच्च न्यायालय का रुख किया था।

न्यायमूर्ति समीर जैन ने गांधी की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए विशेष अदालत के आदेश को स्थगित रखा। गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल चतुर्वेदी ने दलील दी कि शिकायतकर्ता द्वारा दायर आवेदन में उस तारीख का उल्लेख नहीं है जिस दिन गांधी ने कथित बयान दिया था।

## जब तक सारे नक्सली आत्मसमर्पण नहीं करते, पकड़े या मारे नहीं जाते; मोदी सरकार चैन से नहीं बैठेगी: शाह

**नयी दिल्ली,** (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर देते, पकड़े नहीं जाते या उनका सफाया नहीं हो जाता।

छत्तीसगढ़ के करेंगुट्टा पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और 'कोबरा' बल के जवानों को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत को नक्सल मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर देते, पकड़े नहीं जाते या उनका सफाया नहीं हो जाता।''

शाह ने कहा कि 'ऑपरेशन ब्लैक



फॉरेस्ट' के दौरान जवानों द्वारा दिखाई गई बहादुरी और पराक्रम को नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरे के बावजूद, सुरक्षा बलों ने ऊंचे मनोबल के साथ अभियान चलाया और एक प्रमुख नक्सल बेस कैंप को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

गृह मंत्री ने कहा कि करेंगुट्टा पहाड़ी पर से नक्सलियों के सामग्री भंडार और आपूर्ति शृंखला को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने बहादुरी से नष्ट कर दिया।

शाह ने कहा कि नक्सलियों ने देश के कुछ सबसे कम विकसित क्षेत्रों को भारी नुकसान पहुंचाया है, स्कूलों, अस्पतालों को बाधित किया है और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में बाधा डाली है।

उन्होंने कहा कि निरंतर नक्सल विरोधी अभियानों के कारण, पशुपतिनाथ से तिरुपति तक फैले पूरे क्षेत्र में 6.5 करोड़ लोगों के जीवन में एक 'नया सूर्योदय' हुआ है।

शाह ने यह भी कहा कि मोदी सरकार नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए सुरक्षाकर्मियों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है और उनका जीवन आसान बना रही है। उन्होंने कहा कि सरकार 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद परिवार कल्याण महा परिषद का रक्षा मंत्री से महत्वपूर्ण वार्तालाप

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद परिवार कल्याण महा परिषद का सात सदस्यीय शिष्ट मंडल हाल ही में भारत सरकार के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से विशेष बैठक के लिए आमंत्रित हुआ। इस बैठक में महा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर प्रहलाद प्रसाद प्रजापति ने नेतृत्व किया, जबकि अन्य सदस्य राष्ट्रीय महासचिव श्री कुमार पटेल, राष्ट्रीय समन्वयक श्री हरिराम गुप्त, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री राम कुमार स्वतंत्र, राष्ट्रीय महिला समन्वयक डॉ. इंदिरा मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विनोद कुमार चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री एसएन मिश्रा और श्री सुनील कुमार प्रजापति शामिल रहे।बैठक में राष्ट्रीय महासचिव श्री कुमार पटेल ने स्पष्ट किया कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि देश को स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के अनुरूप बनाया जाए। महा परिषद के माध्यम से देशभर के लगभग दो करोड़ स्वतंत्रता सेनानी और शहीद परिवार इस मिशन के प्रति संकल्पित हैं। महा परिषद की 800 जिलों में सक्रिय यूनिट स्वतंत्रता सेनानी और शहीद परिवारों की सेवा में काम कर रही हैं।बैठक में महा परिषद ने आगामी सितंबर, अक्टूबर और नवंबर महीने में विभिन्न राज्यों में स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की स्वतंत्र बैठकों का आयोजन करने की योजना साझा की। इसके अलावा मार्च 2026 तक नई दिल्ली में एक विशाल कार्यक्रम आयोजित करने की भी जानकारी दी गई। राष्ट्रीय समन्वयक श्री हरिराम गुप्त ने स्वतंत्रता सेनानियों के नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए नौ सूत्री कार्यक्रमों पर विशेष चर्चा की। वहीं, राष्ट्रीय महिला समन्वयक डॉ. इंदिरा मिश्रा ने महा परिषद में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे।बैठक में महा परिषद ने सरकार के सामने अपने उद्देश्य और अपेक्षाएँ प्रस्तुत कीं। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि स्वतंत्रता सेनानी और शहीद परिवारों की अलग से गणना की जाए, उनके लिए ऑनलाइन परिचय पत्र जारी किया जाए, और महा परिषद को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया जाए। इसके साथ ही, यह कार्य भारत को विश्व स्तर पर एक अलग पहचान दिलाने में सहायक होगा।अंत में महा परिषद ने यह संकल्प व्यक्त किया कि देश के लगभग दो करोड़ स्वतंत्रता सेनानी और शहीद परिवार सरकार के साथ मिलकर भारत को स्वतंत्रता सेनानी के सपनों का भारत बनाने में पूरी सक्रियता से सहयोग करेंगे।

# एमएलसी दिनेश गोयल ने वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज में 5 किलोवाट का सोलर प्लांट समर्पित किया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मेरठ।** मेरठ-सहारनपुर ग्रेजुएट सीट के माननीय एमएलसी दिनेश गोयल ने अपनी विधायक निधि से वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज, अग्रवाल मंडी टटीरी में 5 किलोवाट का सोलर प्लांट समर्पित किया।

इस परियोजना की कुल लागत लगभग 8.40 लाख रुपए रही। उद्घाटन के अवसर पर एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि "एक शिक्षित बालिका दो परिवारों को रोशन करती है", यह शिक्षा और सौर ऊर्जा दोनों के महत्व को रेखांकित करता है।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक आत्माराम मौर्य ने बताया कि एमएलसी दिनेश गोयल ने वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज के साथ ही सरदार पटेल इंटर कॉलेज, बली में भी 5 किलोवाट के सोलर प्लांट का उद्घाटन किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. कमला अग्रवाल ने की। साथ ही जिला सहसंयोजक सतबीर सिंह बड़का ने भी अपने उद्बोधन में सौर ऊर्जा और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।कॉलेज अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने संचालन करते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान और गणेश वंदना के माध्यम से अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पूर्ण अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, पंकज गुप्ता, संजीव शर्मा, अनिल गांधी, डॉ. मयंक गोयल, संजीव पीटीआई, निर्मला, शिल्पा वर्मा, ममता आर्य, ममता मानव, अनीता सिंह, डॉ. राखी गुप्ता, प्रवीण जी, संजय जी, नितिन वशिष्ठ, रामकिशोर, प्रेमवती, अनिल, सचिन कुमार और अश्वनी मानव ने भी अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में कॉलेज प्रांगण में ढोल द्वारा विधायक दिनेश गोयल का भव्य स्वागत किया गया।

इस पहल से न केवल छात्रों को शिक्षा के महत्व का संदेश मिला बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग से कॉलेज की बिजली आवश्यकता को भी सतत और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से पूरा करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

# अंतरराष्ट्रीय जाट संसद ने ग्रेटर नोएडा निवासी एवं राष्ट्रीय सचिव अनीता चौधरी को किया सम्मानित







नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा,** अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के अध्यक्ष पी.एस. कलवानिया के नेतृत्व में पानीपत ज़िले में एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रेटर नोएडा निवासी एवं अंतरराष्ट्रीय जाट संसद महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव अनीता चौधरी को समाजसेवा और संगठनात्मक कार्यों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

श्रीमती अनीता चौधरी पिछले दो दशकों से ग्रेटर नोएडा (सेक्टर अल्फ़ा-1) में निवास कर रही हैं और लगातार सामाजिक उत्थान के कार्यों में सक्रिय रही हैं।

कोरोना महामारी के कठिन समय में उन्होंने ज़रूरतमंदों तक सहायता पहुँचाने, वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियानों का नेतृत्व करने के साथ-साथ निर्धन कन्याओं के विवाह जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्यों में अहम भूमिका निभाई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अनीता चौधरी ने कहा—"अंतरराष्ट्रीय जाट संसद समाज की एकता और विकास का प्रतीक है। इस संगठन से जुड़ना मेरे लिए गर्व का विषय है।

मैं विशेष रूप से अध्यक्ष श्री पी.एस. कलवानिया जी की आभारी हूँ, जिनके मार्गदर्शन में संगठन नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और युवाओं का मार्गदर्शन ही समाज के वास्तविक विकास की कुंजी है। हम सब मिलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएँ और आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करें।"

अपने वक्तव्य के अंत में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय जाट संसद, जिला गौतम बुद्ध नगर सहित सभी महिला एवं पुरुष पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं और संगठन की निरंतर सफलता की कामना की।

## पामतेल पर आयात शुल्क, उर्वरक सब्सिडी बढ़ाने की मांग

**नयी दिल्ली, (भाषा)** तेलंगाना के कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने बुधवार को केंद्र से, घरेलू खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कच्चे पाम तेल पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग की तथा गैर-यूरिया उर्वरकों पर सब्सिडी बढ़ाने की अपेक्षा जताई। राव ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ एक बैठक में ये मांगें उठाईं।

वर्ष 2025-26 में 50,000 एकड़ अतिरिक्त भूमि पर पाम तेल की खेती करने के प्रयास चल रहे हैं। इस संदर्भ में, आयात शुल्क एक समस्या बन गया है।'' उन्होंने केंद्रीय मंत्री से पाम तेल किसानों को 25,000 रुपये प्रति टन का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने के लिए पाम तेल पर आयात शुल्क बढ़ाकर 44 प्रतिशत करने पर विचार करने की अपील की। ''इससे राज्य में पाम तेल की खेती बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।''यूरिया और गैर-यूरिया उर्वरकों के बीच मूल्य संतुलन बनाए रखने के लिए, तेलंगाना के मंत्री ने केंद्र सरकार से पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना के तहत फॉस्फोरस और पोटेशियम पर सब्सिडी बढ़ाने की मांग की।

# राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित समाजसेवी भुवनेश गुप्ता का पोरवाल वरिष्ठ युवा फोरम ने किया अभिनंदन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**कोटा।** पोरवाल वरिष्ठ युवा फोरम, कोटा की ओर से बुधवार को एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुए समाजसेवी एवं लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक भुवनेश गुप्ता का अभिनंदन किया गया।

फोरम के अध्यक्ष राजेंद्र पोरवाल एवं सचिव सतीश गुप्ता ने बताया कि यह सम्मान समारोह गुप्ता की तीन दशकों से जारी निरंतर सेवा कार्यों की सराहना स्वरूप आयोजित किया गया। इस अवसर पर बतौर अतिथि फोरम संरक्षक रवींद्र गुप्ता, रघुवर दयाल गुप्ता एवं पोरवाल युवक संघ कोटा के जिला महामंत्री धनराज गुप्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि कोटा के भुवनेश गुप्ता का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। इससे युवाओं को नई दिशा मिलेगी और वे भी समाजसेवा तथा मानव जीवन रक्षा के कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे। गुप्ता ने कोरोनाकाल में सैकड़ों मरीजों को प्लाज्मा उपलब्ध करवाकर अनगिनत जीवन बचाए। उन्होंने पिछले 30 वर्षों में लाखों युवाओं को रक्तदाता बनाकर समाजसेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की है। उनके इन्हीं कार्यों के लिए उन्हें पूर्व में देश के उपराष्ट्रपति द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम का शुभारंभ विमलेश गुप्ता द्वारा तिलक व माल्यार्पण के साथ हुआ। कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने आयोजन के उद्देश्य और फोरम की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। समारोह में भुवनेश गुप्ता को समाज के विभिन्न पदाधिकारियों और सदस्यों ने शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदित किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोहनलाल गुप्ता, सीताराम गुप्ता, सुरेश जैन, ओमप्रकाश गुप्ता, चंद्रमोहन गुप्ता, पुरुषोत्तम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने भुवनेश गुप्ता की समाजसेवा को प्रेरणादायक और अनुकरणीय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# जीएसटी परिषद में कर स्लैब घटाने पर चर्चा शुरू, बृहस्पतिवार को फैसले का ऐलान

**नयी दिल्ली, (भाषा)** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की स्लैब व्यवस्था में व्यापक बदलाव की कवायद बुधवार को जीएसटी परिषद की बैठक के साथ शुरू हो गई। इसमें रोजमर्रा की कई उपभोक्ता वस्तुओं पर कर घटाने और कर ढांचे को सरल बनाने पर चर्चा हुई। जीएसटी से संबंधित मामलों की सर्वोच्च संस्था जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शुरू हुई। इस बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा बृहस्पतिवार को किए जाने की उम्मीद है।

सूत्रों ने कहा कि परिषद ने बैठक के पहले दिन रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले कई उत्पादों के अलावा जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर घटाने और कारोबारों के लिए अनुपालन नियमों को आसान बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में कर ढांचे को चार स्लैब से घटाकर पांच एवं 18 प्रतिशत के दो स्लैब में डालने और बड़ी कारों, तंबाकू एवं सिगरेट जैसी चुनिंदा वस्तुओं को 40 प्रतिशत कर के विशेष स्लैब में रखने से संबंधित अंतिम रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में मक्खन, घी, ड्राई फ्रूट्स, कंडेंस्ड मिल्क, सॉसेज, मांस, जैम एवं जेली, नारियल पानी, नमकीन, पीने के पानी की 20 लीटर वाली बोतल, फल का गूदा और जूस, दूध वाले पेय, आइसक्रीम, पेस्ट्री, बिस्कुट, कॉर्न फ्लेक्स एवं अनाज जैसे उत्पादों पर कर की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने पर विचार किया गया। बिना पैक खाद्य पदार्थों पर शून्य कर जारी रहेगा। सूत्रों के मुताबिक, जूते-चप्पल और रेडिमेड कपड़ों पर भी राहत का प्रस्ताव है। अभी तक 1,000 रुपये तक की कीमत वाले उत्पादों पर पांच प्रतिशत और उससे अधिक दाम वाले उत्पादों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगता है। जीएसटी परिषद ने जूते-चप्पल एवं परिधानों पर पांच प्रतिशत कर की सीमा बढ़ाकर 2,500 रुपये करने का फैसला किया है। इससे ऊपर की श्रेणी के रेडिमेड कपड़े एवं जूते 18 प्रतिशत कर के दायरे में आएंगे।

टूथपाउडर, दूध पिलाने वाली बोतल, बर्तन, साइकिल, बांस के फर्नीचर और कंघी जैसी वस्तुओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किए जाने की संभावना है। वहीं, शैम्पू, टैल्कम पाउडर, टूथपेस्ट, ब्रश, फेस पाउडर, साबुन और हेयर ऑयल पर कर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने पर चर्चा हुई।

सीमेंट पर कर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत और छोटे पेट्रोल-डीजल वाहनों एवं 350 सीसी इंजन तक के दोपहिया वाहनों पर कर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर भी विचार हुआ है। सूत्रों ने कहा कि टेलीविजन, एयर कंडीशनर, डिशवॉशर जैसे उपभोक्ता उत्पादों पर भी कर को घटाकर 18 प्रतिशत के स्लैब में लाने का प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा की थी। यह कदम ऐसे समय उठाया जा रहा है जब अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत तक का शुल्क लगा दिया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि जीएसटी सुधार लागू होने के दो साल में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में 0.5 प्रतिशत अंक तक की तेजी आ सकती है। ऐसा होने पर अमेरिका की तरफ से लगाए गए उच्च शुल्कों के असर को कम करने में मदद मिलेगी। इस बीच, जीएसटी बैठक शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के शासन वाले आठ राज्यों ने अलग से बैठक कर अपनी रणनीति तय की और दरों में कटौती से होने वाली राजस्व क्षति की भरपाई करने की मांग दोहराई।

झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि उनके राज्य को कर स्लैब में बदलाव से 2,000 करोड़ रुपये का नुकसान होगा और केंद्र को इसकी भरपाई करनी चाहिए। किशोर ने कहा, ''अगर केंद्र सरकार इस बदलाव से हमें होने वाले नुकसान की भरपाई करने के लिए तैयार हो जाती है तो हमें परिषद की बैठक में रखे जाने वाले एजेंडा को मंजूरी देने में कोई समस्या नहीं है।''

# एफडीआई चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़कर 18.62 अरब डॉलर पर, अमेरिका से निवेश बढ़ा




**नयी दिल्ली, (भाषा)** देश में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 15 प्रतिशत बढ़कर 18.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया। शुल्क मुद्दों के बावजूद इस तिमाही के दौरान अमेरिका से निवेश लगभग तीन गुना होकर 5.61 अरब डॉलर रहा।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बीते वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-जून के दौरान एफडीआई 16.17 अरब डॉलर रहा था। पिछले वित्त वर्ष में, मार्च तिमाही में निवेश सालाना आधार पर 24.5 प्रतिशत घटकर 9.34 अरब डॉलर पर था। इक्विटी निवेश समेत कुल एफडीआई समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बढ़कर 25.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2024-25 की इसी अवधि में यह 22.5 अरब अमेरिकी डॉलर था।

इस अवधि के दौरान, शुल्क मुद्दों के बावजूद, अमेरिका 5.61 अरब डॉलर के साथ एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत रहा। जबकि 2024-25 में अप्रैल-जून के दौरान यह 1.50 अरब डॉलर था। इसके बाद सिंगापुर (4.59 अरब डॉलर), मॉरीशस (2.08 अरब डॉलर), साइप्रस (1.1 अरब डॉलर), यूएई (एक अरब डॉलर), केमैन आइलैंड (67.6 करोड़ डॉलर), नीदरलैंड (66.7 करोड़ डॉलर), जापान (55.1 करोड़ डॉलर) और जर्मनी (19.1 करोड़ डॉलर) का स्थान रहा। अमेरिका अप्रैल, 2000 और जून, 2025 के बीच 76.26 अरब डॉलर के निवेश के साथ भारत में तीसरा सबसे बड़ा निवेशक है। इसी अवधि में निवेश के शीर्ष स्रोत मॉरीशस (182.2 अरब डॉलर) और सिंगापुर (179.48 अरब डॉलर) हैं। क्षेत्रवार, अप्रैल-जून तिमाही के दौरान कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर (5.4 अरब डॉलर), सेवा (3.28 अरब डॉलर), व्यापार (50.6 करोड़ डॉलर), दूरसंचार (2.4 करोड़ डॉलर), वाहन (1.29 अरब डॉलर), निर्माण विकास (7.5 करोड़ डॉलर), गैर-परंपरागत ऊर्जा (1.14 अरब डॉलर) और रसायन (14 करोड़ डॉलर) में निवेश बढ़ा।

आंकड़ों के अनुसार, तिमाही के दौरान कर्नाटक में सबसे अधिक 5.69 अरब डॉलर का निवेश हुआ। इसके बाद महाराष्ट्र (5.36 अरब डॉलर), तमिलनाडु (2.67 अरब डॉलर), हरियाणा (1.03 अरब डॉलर), गुजरात (1.2 अरब डॉलर), दिल्ली (एक अरब डॉलर) और तेलंगाना (39.5 करोड़ डॉलर) का स्थान रहा। सरकार ने निवेशक-अनुकूल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति लागू की है, जिसके तहत अधिकांश क्षेत्र स्वचालित मार्ग से 100 प्रतिशत विदेशी निवेश के लिए खुले हैं।

सरकार ने एफडीआई मानदंडों को उदार बनाने के लिए कई क्षेत्रों में सुधार किए हैं। 2014 से 2019 के बीच, महत्वपूर्ण सुधारों में रक्षा, बीमा और पेंशन क्षेत्रों में एफडीआई सीमा में वृद्धि और निर्माण, नागर विमानन और एकल ब्रांड खुदरा व्यापार के लिए उदार नीतियां शामिल हैं।

# महावीर इंटरनेशनल के चुनाव सम्पन्न सीए वीर अनिल कुमार जैन अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित






नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

महावीर इंटरनेशनल संस्था के 2025-27 कार्यकाल के लिए हुए चुनाव ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से सम्पन्न हुए। इस चुनाव में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर सीए वीर अनिल कुमार जैन ने भारी मतों से विजय हासिल कर संगठन का नेतृत्व संभालने का गौरव प्राप्त किया। उनकी जीत को संगठन के सदस्यों और समर्थकों ने ऐतिहासिक बताया।इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर वीर श्यामसुंदर जालान निर्वाचित हुए। साथ ही, जॉन चैयरमेन के रूप में नागरमल जांगिड़ ने सफलता हासिल की। वहीं, सीकर के सुरेश कुमार अग्रवाल को अंतरराष्ट्रीय टीम में गवर्निंग काउंसिल मेम्बर के रूप में निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निर्विरोध निर्वाचन के बाद पूरे संगठन में हर्ष और उत्साह का माहौल है।देश के कोने-कोने से नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयों का तांता लग गया है। संगठन से जुड़े लोगों ने भरोसा जताया है कि नई टीम महावीर इंटरनेशनल को और अधिक सशक्त बनाएगी तथा सेवा, सहयोग और समाज कल्याण के कार्यों को और गति प्रदान करेगी। इस चुनावी परिणाम ने संगठन के भविष्य को लेकर नए उत्साह और नई ऊर्जा का संचार किया है।

# भारत में विद्यापीठ तो चलते फिरते विद्यापीठ हुआ करते थे: बाबा विनोबा



शास्त्रों में बहुत से आचार्य ऐसे हुए हैं जिनके नाम प्रसिद्ध हैं। भगवान उपवर्ष नाम के एक महान ऋषि हो गए। जो मीमांसा के जैमिनी के गुरु थे। प्राचीन काल से अर्वाचीन काल तक भारत में आचार्यों की बहुत बड़ी परंपरा चली। इन लोगों ने समाज को तैयार किया और अपनी ओर से खूब विद्या_ दान दिया। रामानुजाचार्य के शिष्य रामानंद फिर उनके दोनों शिष्य कबीर और तुलसी। रामानंद और शंकराचार्य पूरे देश में घूमे और अपने विचारो का प्रचार किया। आचार्यों के आधार पर समाज बदलता गया। बीच में राज्यसत्ताएं तो भले अनेक आयी। लेकिन भारत का समाज आचार्यों की परंपरा के अनुसार चला। शादी_विवाह भी आचार्यों के निर्देशानुसार होते थे। संध्या, उपासना आदि भी उन्हीं के बताए आधार पर होती थी। बाबा कहते थे कि वह ऐसी कौन सी शक्ति थी जिसके कारण सत्ताधारियों का समाज पर कोई असर नहीं पड़ा? टेनिसन के झरने का कथन है कि मनुष्य आते हैं,जाते हैं, परन्तु वह सतत बहता ही रहता है। भारत को किसी राजसत्ता ने नहीं बनाया। उसको तो यहां के संत, फकीर और आचार्यों ने ही बनाया है। पहले के जमाने में हमारे देश में विद्या शहरों में नहीं ,बल्कि नदी के किनारे, जंगलों में या दुर्गम स्थानों में पनपती थी। भारत की विद्या शहर की नहीं जंगल की है। विद्वान गांव में रहते थे और उनके निर्वाह की चिंता ग्रामजन करते थे। आज तो शिक्षा का स्वरूप



बदला हुआ है।अब तो शिक्षा वही प्राप्त कर सकता है जो उसका खर्चा उठा सके। भारत के विद्यापीठ चलते फिरते विद्यापीठ थे। कबीर तुलसी चैतन्य नामदेव, आदि भक्त गांव गांव घूमकर उपनिषदों की ब्रह्मविद्या लोगों तक पहुंचाते थे।

बाबा विनोबा कहते थे कि यहां की जनता पढ़_पढ़कर ज्ञानी नहीं हो पाती है। वह तो श्रवण से ज्ञानी होती रही है। सर्वोत्तम विचार रोज सुनने और सुनाने चाहिए। नवधा भक्ति के तीन साधन_ श्रवण, कीर्तन और स्मरण। इसमें पहला स्थान श्रवण का है। यहां तुलसीदास जी ने राम के निवास स्थान के बारे में गाया है _ जिन्ह के श्रवन समुद्र समाना। कथा तुम्हारि सुभग सरि नाना।। जिनके समुद्र रूपी कानों में तुम्हारी कथारूपी नदियां निरंतर बहती हैं,फिर भी जिनकी तृप्ति नहीं होती, उनका हृदय हे राम जी, आपके लिए उत्तम निवास स्थान है,यहां आप आराम से रहिए। हमारे यहां विद्वान को बहुश्रुत अर्थात जिसने बहुत सुना है। जबकि अंग्रेजी में वेलरेड को विद्वान अर्थात जिसने बहुत पढ़ा है। इसमें बुनियादी फर्क है। जैसे गाय खुद घास खाकर, पचाकर उसका दूध बनाकर बछड़ों को पिलाती है, वैसे ज्ञानी ग्रंथों का अध्ययन करके अनुभवयुक्त सुंदर ज्ञान देते हैं। पहले वह ज्ञान को हजम करते हैं और फिर वह डाइजेस्टेड फूड पचाया हुआ खुराक हमें देते हैं। यह खूबी पठन में तो नहीं है। बाबा बहुत थोड़े में शिक्षणशास्त्र को श्रुति,स्मृति और कृति बताते थे। देश का हर एक नागरिक ज्ञानी होना चाहिए यह विचार पुराना है। शिक्षण यानी समग्र विकास की सारी सामग्री। हमें अनुभवी पुरुषों ने सिखलाया है कि मुख्य शिक्षण वही है, जिससे हम अपने आपको मन और शरीर से भिन्न पहचान सकें।स्वयं की यह पहचान ही सर्वोपरि गुण है।

बाबा कहते थे कि हमारे शास्त्रों के अनुसार अगर कोई विद्यार्थी गुरु के पास जाकर केवल विद्यार्जन कर ले ,तो उसे विद्या_स्नातक कहते है। वह पूर्ण स्नातक नहीं हो सकता था। जो स्वयं पर विजय प्राप्त करके आत्म_दमन की,आत्म_नियमन की कला सीख सकेगा, उसे व्रत स्नातक कहते थे। इस तरह जब तप_ तपाकर खरा उतरा विद्यार्थी संसार में प्रवेश करता है तो वीर_वृत्ति और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ ही प्रवेश करता है। वह संसार में किसी के सामने सिर झुकाकर नहीं बल्कि छाती फुलाकर चलेगा। वेद में वाक्य है कि जैसे वीर आवेश में ऐसे चलेगा जैसे पृथ्वी उससे दबी जा रही हो।

# जमानत पर छूटे विदेशियों के लिए नीति बनाने पर विचार करे केंद्र : उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी एक विदेशी नागरिक के जमानत पर रिहा होने के बाद फरार हो जाने की जानकारी मिलने के बाद, उच्चतम न्यायालय ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस नीति की जरूरत रेखांकित की है कि देश में अपराध करने वाले विदेशी नागरिक 'सजा से बच' न सके।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल चार दिसंबर को झारखंड उच्च न्यायालय के मई 2022 के आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें आरोपी एलेक्स डेविड को जमानत दी गई थी। जब मामला 26 अगस्त को न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया तो पीठ ने कहा कि देश में आपराधिक कार्यवाही का सामना करने के लिए एक नाइजीरियाई नागरिक के प्रत्यर्पण पर नाइजीरिया और भारत के बीच कोई द्विपक्षीय संधि नहीं है।

पीठ ने कहा, ''विशेष अनुमति याचिका का निस्तारण किया जाता है, जिसमें जमानत रद्द करने के आदेश की पुष्टि की जाती है, लेकिन केंद्र सरकार को उचित नीति बनाने या आवश्यक और उचित समझी जाने वाली आगे की कार्रवाई शुरू करने का अधिकार दिया जाता है, ताकि विदेशी नागरिक भारत में अपराध करने के बाद न्याय की प्रक्रिया से



भाग न सकें।'' डेविड पर धोखाधड़ी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम सहित कई अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया था।

उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने के बाद, आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई। हालांकि उच्चतम न्यायालय को बताया गया कि डेविड जमानत पर बाहर आने के बाद फरार हो गया है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से ऐसे मामलों में प्रक्रिया और दिशा-निर्देशों के बारे में सवाल किया। केंद्र ने एक हलफनामा दायर किया, जिसमें विदेश में जांच के लिए व्यापक दिशा-निर्देशों की मौजूदगी, अनुरोध पत्र जारी करने, परस्पर कानूनी सहायता अनुरोध और आपराधिक मामलों के संबंध में सम्मन, नोटिस और न्यायिक दस्तावेजों की तामील का संकेत दिया गया।

पिछले साल चार दिसंबर को, उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया था और केंद्र को उनके दिशानिर्देशों में सुझाए गए उचित उपाय करने का निर्देश दिया था। जब 26 अगस्त को मामला सुनवाई के लिए आया, तो केंद्र की ओर से पेश वकील ने पीठ के समक्ष विदेश मंत्रालय के सलाहकार (कानूनी) द्वारा सॉलिसिटर जनरल को संबोधित एक पत्र प्रस्तुत किया।

पीठ ने पत्र की विषयवस्तु दर्ज की, जिसमें लिखा था, ''हालांकि, यह ध्यान देने योग्य है कि भारत और नाइजीरिया के बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि के अभाव में, नाइजीरियाई प्राधिकारियों द्वारा अपने ही नागरिक को प्रत्यर्पित करने की संभावना नहीं है।'' पत्र में कहा गया है कि प्रत्यर्पण अनुरोध नाइजीरिया के अबुजा स्थित भारतीय उच्चायोग को भेजा गया था, ताकि उसे ''आपसी सहयोग के भरोसे'' के आधार पर संबंधित नाइजीरियाई अधिकारियों को आगे भेजा जा सके।

पत्र और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि भारत में आपराधिक कार्यवाही का सामना करने के लिए नाइजीरियाई नागरिक के प्रत्यर्पण पर दोनों देशों के बीच कोई द्विपक्षीय संधि नहीं है, पीठ ने कहा कि याचिका को लंबित रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

## यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते के जल्द ही संपन्न हो जाने की उम्मीद: जयशंकर

नयी दिल्ली, (भाषा) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत चाहता है कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए उसकी बातचीत जल्द ही किसी निर्णायक नतीजे पर पहुंचे।

जयशंकर ने जर्मनी के अपने समकक्ष जोहान वेडफुल के साथ व्यापक वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता में यह टिप्पणी की।

विदेश मंत्री ने कहा कि वार्ता में अर्थव्यवस्था, जलवायु परिवर्तन, रक्षा, और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा, ''हम भारत के साथ व्यापार को दोगुना करने संबंधी जर्मनी के लक्ष्य की सराहना करते हैं।'' विदेश मंत्री ने निर्यात नियंत्रण के मुद्दों को सुलझाने के लिए भी जर्मनी की प्रशंसा की। जयशंकर ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग के लिए जर्मनी की दिलचस्पी का भी स्वागत किया।

# जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में सर्पदंश के मामले बढ़ने की आशंका: शोध

नयी दिल्ली, (भाषा) जलवायु परिवर्तन के कारण जहरीले सांपों के लिए भारत के उत्तर और पूर्वोत्तर भाग की ओर जाने और फैलने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन सकती हैं, जिससे अब तक सांपों के लिए अनुपयुक्त माने जाने वाले इन क्षेत्रों में सर्पदंश के मामले बढ़ने की आशंका है। एक शोध में यह बात सामने आई है।

भारतीय उपमहाद्वीप में 'बिग फोर' के नाम से जाने जाने वाले चार जहरीले सांपों- कॉमन क्रेट, रसल्स वाइपर, एकिस कैरिनेटस और इंडियन कोबरा, सर्पदंश के अधिकतर मामलों के लिए जिम्मेदार हैं।

डिब्रू-सैखोवा संरक्षण सोसाइटी, असम कृषि विश्वविद्यालय और दक्षिण कोरिया के पुकयोंग राष्ट्रीय विश्ववविद्यालय के शोधकर्ताओं ने आशंका जताई है कि बढ़ती गर्मी और आर्द्रता समेत जलवायु परिवर्तन से जुड़े कुछ कारकों की वजह से हरियाणा, राजस्थान और असम में



'बिग फोर' सांपों के लिए उपयुक्त ठिकाने बढ़ सकते हैं।

शोधकर्ताओं की टीम ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मानव-सांपों के बीच आमना-सामना बढ़ने से सार्वजनिक स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रबंधन के लिए नयी चुनौतियां पेश हो सकती हैं।

'पीएलओएस नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीजेज' पत्रिका में प्रकाशित निष्कर्षों में कहा गया है कि इसके अलावा तापमान में निरंतर वृद्धि के कारण, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे पूर्वोत्तर राज्यों में सर्पदंश के मामलों में 100 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा सकती है, जहां वर्तमान में सांपों के लिए अनुकूल ठिकाने नहीं हैं।

शोधकर्ताओं ने भविष्य में विभिन्न जलवायु परिदृश्यों के बीच 'बिग फोर' सांपों की वर्तमान और भविष्य की भौगोलिक पहुंच को दर्शाने वाले मॉडलों का उपयोग किया।

इसके अलावा उन्होंने अगले 50 वर्षों में भारतीय जिलों और राज्यों में सर्पदंश जोखिम सूचकांक विकसित करने के लिए क्षेत्रीय सामाजिक-आर्थिक और जन स्वास्थ्य आंकड़ों का भी उपयोग किया गया।

लेखकों ने लिखा है, ''जोखिम सूचकांक में कई दक्षिण भारतीय राज्यों और जिलों की पहचान की गई है। इनमें कर्नाटक (चिक्काबल्लापुरा, हावेरी और चित्रदुर्ग समेत) और गुजरात (देवभूमि द्वारका और जामनगर) शामिल हैं, जो सर्पदंश के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं।''

# वर्ष 2021 में एक अरब से अधिक लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे: डब्ल्यूएचओ

नयी दिल्ली, (भाषा) विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2021 में दुनिया भर में एक अरब से ज्यादा लोग (यानी लगभग हर सात में से एक व्यक्ति) मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। इनमें दो तिहाई से अधिक मामले चिंता (ऐंग्जाइटी) और अवसाद से जुड़े विकार के थे।

संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि ये विकार भारी मानवीय और आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं।

डब्ल्यूएचओ ने 'वर्ल्ड मेंटल हेल्थ टुडे' और 'मेंटल हेल्थ एटलस 2024' शीर्षक वाली रिपोर्टों में कहा है कि युवाओं में आत्महत्या मृत्यु का एक प्रमुख कारण है और दुनिया भर में 100 में से एक मौत आत्महत्या के कारण होती है। रिपोर्ट के लेखकों ने यह भी कहा कि सिजोफ्रेनिया और बाइपोलर डिसऑर्डर क्रमशः 200 में से लगभग 1 और 150 में से 1 वयस्क को प्रभावित करते हैं जो प्रमुख चिंता का विषय हैं।

उन्होंने लिखा, ''अपनी तीव्र



अवस्था में सिजोफ्रेनिया को सभी स्वास्थ्य स्थितियों में सबसे ज़्यादा नुकसान पहुंचाने वाला माना जाता है और यह समाज के लिए प्रति व्यक्ति सबसे महंगा मानसिक विकार है।''।

इस स्थिति की पहचान मतिभ्रम और अव्यवस्थित सोच से होती है।

ये निष्कर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रबंधित 'ग्लोबल हेल्थ एस्टिमेट्स 2021' और वाशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन द्वारा समन्वित 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज, इंजरीज़ एंड रिस्क फैक्टर्स स्टडी 2021' डेटाबेस के विश्लेषण पर आधारित हैं।

संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि ये अनुमान मानसिक विकारों की व्यापकता और बोझ को लेकर नवीनतम निष्कर्ष हैं और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में अंतराल के बारे में देश-वार जानकारी भी प्रकट करते हैं। ये 2020 में फैली कोविड-19 महामारी के बाद से यह इस तरह का पहला आकलन है।

रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि मानसिक स्वास्थ्य और देखभाल में निरंतर निवेश की तत्काल आवश्यकता है, साथ ही लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा और उसे बढ़ावा देने के लिए सेवाओं में वृद्धि की भी आवश्यकता है।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रस अधनम घेब्रेयेसस ने कहा, ''मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव लाना सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है।'' साल 2020 से, देशों ने मानसिक स्वास्थ्य नीतियों और नियोजन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

## पैसे को लेकर विवाद के चलते गोलीबारी करने पर दो गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के आदर्श नगर में पैसों के विवाद में एक घर के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि आरोपियों की पहचान आदर्श नगर निवासी रितिक (22) तथा भदोला गांव के उमेश (22) के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पश्चिम) भीष्म सिंह ने बताया, ''31 अगस्त को आदर्श नगर में गोलीबारी होने के संबंध में एक पीसीआर कॉल आयी। शिकायतकर्ता राजेश कुमार (50) ने आरोप लगाया कि उनके बेटे आवेश का रितिक के साथ वित्तीय विवाद था। रितिक ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर उनके घर के बाहर हवा में गोली चलाई और मौके से फरार हो गया।'' उपायुक्त के मुताबिक आदर्श नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता और हथियार कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया तथा एक गुप्त सूचना के आधार पर एक सितंबर को आरोपियों को कुछ देर तक पीछा करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

# गृह मंत्रालय ने हवाई अड्डों, बंदरगाहों और रेलवे स्टेशन पर निर्दिष्ट आव्रजन चौकियों की घोषणा की

**नयी दिल्ली,** (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के प्रवेश और निकास के लिए 37 हवाई अड्डों, 34 समुद्री और नदी बंदरगाहों और 37 अंतरराष्ट्रीय सीमा स्थलों को आव्रजन चौकियों के रूप में निर्दिष्ट किया है।

गृह मंत्रालय ने भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित छह रेलवे स्टेशन को अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के प्रवेश और निकास के लिए आव्रजन चौकियों के रूप में निर्दिष्ट किया है।

आव्रजन और विदेशी आदेश, 2025 को एक सितंबर को अधिसूचित किये जाने के बाद यह घोषणा गृह मंत्रालय द्वारा एक राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से की गई।

निर्दिष्ट आव्रजन चौकियों वाले हवाई अड्डे अहमदाबाद, लखनऊ, अमृतसर, वाराणसी, बागडोगरा, बैंगलोर, भुवनेश्वर, राजा भोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, भोपाल, कालीकट (केरल), चंडीगढ़, चेन्नई, कोचिन, कोयंबटूर, डाबोलिम (गोवा), दिल्ली, गया (बिहार), गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर (मध्य प्रदेश), जयपुर, कोलकाता हैं।

अन्य हवाई अड्डे कन्नूर (केरल), मदुरै (तमिलनाडु), मंगलोर, मुंबई, मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, मोपा (गोवा), नागपुर, पटना, पोर्ट




ब्लेयर, पुणे, श्रीनगर, सूरत, त्रिची (तमिलनाडु), तिरुवनंतपुरम, तिरूपति, विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) हैं।

बंदरगाह- अलंग (गुजरात), अगाती और मिनिकॉय द्वीप (लक्षद्वीप), बेदी बंदर (जामनगर, गुजरात), भावनगर (गुजरात), कालीकट (केरल), चेन्नई, कोचिन, कुड्डालोर (चेन्नई), धामरा (ओडिशा), काकीनाडा (आंध्र प्रदेश), कोलकाता, कांडला (गुजरात), कृष्णापट्टनम (आंध्र प्रदेश) हैं।

अन्य बंदरगाह कट्टुपल्ली (तमिलनाडु), करीमगंज (असम), कामराजार (तमिलनाडु), कोल्लम (केरल), मांडवी (गुजरात), मोरमगोआ हार्बर (गोवा), मुंद्रा (गुजरात), मुंबई, न्यू मंगलोर, नागपट्टिनम (तमिलनाडु), न्हावा शेवा (महाराष्ट्र), पारादीप (ओडिशा), पोरबंदर, पोर्ट ब्लेयर, सिलघाट (असम), तूतीकोरिन (तमिलनाडु), विशाखापत्तनम, वल्लारपदम, विझिंजम (दोनों केरल), धुबरी, और पांडु (दोनों असम) हैं।

भूमिपत्तन (लैंडपोर्ट) अटारी रोड, डेरा बाबा नानक (दोनों पंजाब), बनबसा (उत्तराखंड), चांगराबांधा, घोजाडांगा, हरिदासपुर, हिली, जयगांव, लालगोलाघाट, महदीपुर, फुलबारी, राधिकापुर, रानीगंज, गेडे (सभी पश्चिम बंगाल), डालू, डावकी (दोनों मेघालय), डारंग, करीमगंज, मनकाचर, सुतारकांडी (सभी असम) हैं।

अन्य 'लैंडपोर्ट' अगरतला, धलाईघाट, खोवाल, मुहुरिघाट, रग्ना, कैलाशहर, सबरूम, श्रीमंतपुर (सभी त्रिपुरा), गौरीफंटा, रुपईडीहा, सोनौली (सभी उत्तर प्रदेश), जोगबनी, रक्सौल (दोनों बिहार), मोरेह (मणिपुर), सबरूम (दक्षिण त्रिपुरा), कावरपुइचुआ, ज़ोरिनपुई, ज़ोखावथर (सभी मिजोरम) हैं।

आव्रजन चौकियों वाले रेलवे स्टेशन मुनाबाव (राजस्थान), अटारी (पंजाब), गेडे रेल और रोड चेक पोस्ट, पेट्रापोल/चितपुर, हरिदासपुर और न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन (सभी पश्चिम बंगाल) हैं।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने अमित शाह का भतीजा बता व्यापारी को ठगने वाले आरोपी को जमानत नहीं दी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भतीजा होने का दावा कर एक व्यापारी से 3.9 करोड़ रुपये ऐंठने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने आरोपी अजय कुमार नैय्यर के खिलाफ आरोपों की गंभीर प्रकृति को देखते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपी ने शिकायतकर्ता को कथित तौर पर राष्ट्रपति भवन के जीर्णोद्धार हेतु चमड़े की आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार से 90 करोड़ रुपये का ठेका दिलाने का आश्वासन दिया था।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, शिकायतकर्ता का आरोपी से परिचय जालंधर जिमखाना क्लब में एक पारिवारिक मित्र के माध्यम से हुआ था। वहां नैय्यर ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री का भतीजा अजय शाह बताया था और शिकायतकर्ता को सरकारी ठेका दिलाने का आश्वासन दिया था।



अभियोजन पक्ष का कहना है कि शिकायतकर्ता को बाद में उसकी कंपनी के पक्ष में 90 करोड़ रुपये का 'डिमांड ड्राफ्ट' दिखाया गया और उसे 'प्रोसेसिंग फीस' (प्रक्रिया शुल्क) के रूप में 2.5 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया।

अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपी के साथ कई दौर की बैठकों के बाद, शिकायतकर्ता ने निविदा के लिए विभिन्न अवसरों पर नकद और आरटीजीएस के माध्यम से उसे 3.90 करोड़ रुपये का भुगतान किया, लेकिन नैय्यर ने 127 करोड़ रुपये के एक अन्य 'डिमांड ड्राफ्ट' की तस्वीर दिखाई तथा कहा कि निविदा की लागत 90 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 127 करोड़ रुपये कर दी गई थी।

जब शिकायतकर्ता को ठगे जाने का अहसास हुआ तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद आरोपी को दिसंबर 2021 में गिरफ्तार कर लिया गया।

अभियोजक ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों में संशोधन करने और प्रासंगिक अपराधों के लिए आरोप जोड़ने पर विचार कर रहा है, जिसमें आपराधिक षड्यंत्र और शिकायतकर्ता को प्रतिभूति के रूप में आरोपी द्वारा जाली चेक का उपयोग करने से संबंधित आरोप भी शामिल हैं और चूंकि इसके लिए आजीवन कारावास की सजा हो सकती है, इसलिए (जमानत के लिए) चार साल तक हिरासत में रहने का आधार महत्वहीन हो जाता है। अभियोजक ने कहा कि आरोपी इसी तरह की धोखाधड़ी से संबंधित एक अन्य मामले में भी कथित रूप से शामिल था, जिसे उसने शिकायतकर्ता को 75 लाख रुपये देकर निपटाया था।

# आप सांसद राघव चड्ढा ने बाढ़ प्रभावित पंजाब को 3.25 करोड़ रुपये दिए

नयी दिल्ली, (भाषा) पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने बाढ़ प्रभावित राज्य में राहत कार्य के लिए अपने स्थानीय क्षेत्र विकास (एलएडी) योजना कोष से 3.25 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई।

राज्यसभा सांसद के कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने पंजाब के सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित जिलों में से एक गुरदासपुर में रावी नदी के तटबंधों की मरम्मत के लिए 2.75 करोड़ रुपये और अमृतसर में राहत एवं पुनर्वास कार्य के लिए 50 लाख रुपये मंजूर किए हैं।

चड्ढा ने बाढ़ से संबंधित घटनाओं में मारे गए 30 लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, ''ये धनराशि मेरी नहीं है, यह पंजाब और पंजाबियों की है। प्रत्येक रुपया पंजाब की सेवा और पुनर्निर्माण के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।''



आप राज्यसभा सांसद ने भारतीय सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस के साथ-साथ बचाव और राहत कार्य में शामिल अधिकारियों और चिकित्सकों के प्रयासों की भी सराहना की।

चड्ढा ने कहा, ''मैं केंद्र सरकार से अपील करता हूं कि वह पंजाब की हरसंभव मदद करे।'' चड्ढा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो संदेश पोस्ट किया, जिसमें पंजाब के 23 जिलों में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण जान-माल और फसलों के नुकसान पर दुख व्यक्त किया।

उन्होंने कहा, ''मैं सिविल सोसाइटी, गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) और हमारे युवाओं का धन्यवाद करता हूं, जो अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा कर रहे हैं। यह वह पवित्र भूमि है जहां बाबा नानक ने लंगर की रस्म शुरू की थी और आज भी उनकी कृपा से पंजाब के हर गांव और गुरुद्वारे में लंगर परोसा जा रहा है।''

चड्ढा ने कहा कि वह पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे और उन्होंने केंद्र सरकार से ज्यादा से ज्यादा सहायता देने का आग्रह किया।

# बीएसएफ ने भावी संघर्ष की खातिर अपने जवानों को प्रशिक्षित करने के लिए ड्रोन युद्धकौशल स्कूल शुरू किया

नयी दिल्ली, (भाष) पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ लगती भारत की सीमाओं की रक्षा का दायित्व संभाल रहा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) आधुनिक युद्ध कौशल के लिए अपनी विशेष यूनिट 'ड्रोन कमांडो' और 'ड्रोन योद्धाओं' को रिमोट संचालित एरियल प्लेटफार्म सहित विभिन्न प्रशिक्षण दे रहा है ताकि उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे मिशनों में तैनात किया जा सके।

सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के टेकनपुर में बल की अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में 'ड्रोन युद्ध स्कूल' का उद्घाटन किया।

'पीटीआई-भाषा' ने जुलाई में खबर दी थी कि करीब 2.65 लाख कर्मियों वाला बीएसएफ 'ऑपरेशन सिंदूर' से सीख लेकर अपना पहला 'ड्रोन स्क्वाड्रन' स्थापित कर रहा है।

बल के एक प्रवक्ता ने कहा, ''ड्रोन युद्ध स्कूल, बल के सीमा प्रहरियों को आधुनिक सामरिक चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेगा।'' उन्होंने कहा, ''यह संस्थान पांच विशेष पाठ्यक्रमों के माध्यम से ड्रोन कमांडो और ड्रोन योद्धाओं को तैयार करेगा, जिनमें मानव रहित यान (यूएवी) संचालन, ड्रोन-विरोधी युद्ध और निगरानी एवं खुफिया जानकारी एकत्र करना शामिल है।''

इस स्कूल में 'सिमुलेटर' और 'लाइव ड्रोन फ्लाइंग ज़ोन', यूएवी और 'पेलोड' एकीकरण की सुविधाएं, रात्रि



संचालन की सुविधाएं, रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) जैमर और 'काइनेटिक इंटरसेप्टर' के लिए उपकरण,' लिंक्ड हार्डवेयर' और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरण होंगे।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि स्कूल के उद्घाटन के बाद, बीएसएफ महानिदेशक ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया और तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के बारे में बात की, जिसमें ड्रोन ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महानिदेशक ने यह भी कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर से रणनीतिक सीख ली है। अगस्त में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 'अद्वितीय वीरता' और 'बेमिसाल पराक्रम' का प्रदर्शन करने के लिए बीएसएफ के 18 जवानों को वीरता पदक से सम्मानित किया गया। इनमें दो ऐसे जवान भी शामिल थे जिन्हें मरणोपरांत सेना के वीर चक्र से सम्मानित किया गया।

# दिल्ली पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया, तीन गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने चोरी और छीने गए मोबाइल फोन की पड़ोसी देशों में तस्करी किए जाने में शामिल एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कथित सरगना सहित इसके तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यहां एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी मोताहर शेख (33), उसके भाई अब्दुल शमीम (22) और उनके सहयोगी मोहम्मद गुलु शेख (33) को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) हेमंत तिवारी ने कहा, ''एक गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार शाम विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की एक टीम ने सराय काले खां स्थित 'वेस्ट टू वंडर पार्क' के पास जाल बिछाया और शाम करीब सात बजकर 15 मिनट पर संदिग्ध रूप से



घूम रहे तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।''

अधिकारी ने बताया कि उनकी तलाशी लेने पर पुलिस को तीन देशी पिस्तौल समेत छह कारतूस और 228 महंगे मोबाइल फोन से भरे तीन बैग मिले।

प्रारंभिक पूछताछ से पता लगा कि मोताहर इस गिरोह का मुख्य सरगना था। वह अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली भर के अपराधियों से चोरी और छीने गए मोबाइल फोन औने-पौने दामों पर खरीदता था। फिर गिरोह इन मोबाइल फोन को बिचौलियों के ज़रिए नेपाल और बांग्लादेश भेजता था, जहां उन्हें मोटा मुनाफा मिलता था।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने कहा, ''यह गिरोह चोरी के फोन की मांग बढ़ाकर और साथ ही सीमा पार अवैध व्यापार संचालित कर शहर (दिल्ली) में सड़क पर हो अपराधों को बढ़ावा दे रहा था। उनकी गिरफ्तारी से एक बड़े अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय गिरोग का पर्दाफाश हुआ है।''

पुलिस ने बताया कि आरोपी पश्चिम बंगाल के मालदा के मूल निवासी हैं और मालदा पड़ोसी देशों में चोरी के उपकरणों की तस्करी का केंद्र बन गया है।

हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी से यह भी संकेत मिलता है कि यह समूह पुलिस कार्रवाई का प्रतिरोध करने के लिए उच्च स्तर की तैयारी के साथ काम कर रहा था।

ुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए एक सरकारी उपकरण- 'सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर' (सीईआईआर) के कारण गिरोह ने चोरी के मोबाइल फोन सीमा के पार पहुंचा दिए। सीईआईआर, अनजाने में तस्करी को बढ़ावा दे रहा हैं और हजारों छीने गए मोबाइल इसी के माध्यम से नेपाल तथा बांग्लादेश भेजे जा रहे हैं।

दिल्ली पुलिस ने 2025 में अब तक 20 से अधिक गिरफ्तारियां दर्ज की हैं और ऐसे गिरोह का पता लगाया है जो राजधानी भर से चोरी किए गए फोन एकत्र करते हुए उन्हें कूरियर, बसों तथा बिहार और पश्चिम बंगाल के सीमा मार्गों के माध्यम से भेजते हैं।

नाम न बताने की शर्त पर पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''चोरी और दूसरे देशों में मोबाइल फोन के अवैध व्यापार में यह बढ़ोतरी सीधे तौर पर सीईआईआर से जुड़ी है, जो एक बार ब्लॉक हो जाने पर मोबाइल को भारतीय दूरसंचार नेटवर्क पर इस्तेमाल करने लायक नहीं छोड़ता।

इस व्यवस्था के कारण चोरों के पास देश के अंदर इन मोबाइल फोन को बेचने के लिए बाज़ार नहीं बचता और वे सीमा पार तस्करी के गिरोहों में शामिल हो जाते हैं।''

## दुलकर सलमान के प्रोडक्शन हाउस ने आलोचना के बाद 'लोका' का संवाद बदलने की बात कही

नयी दिल्ली, (भाषा) मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1: चंद्रा' के निर्माताओं ने खेद प्रकट किया है और वादा किया है कि वे उस संवाद को हटा देंगे जिससे 'कर्नाटक के लोगों की भावनाओं को अनजाने में ठेस पहुंची है'।

कल्याणी प्रियदर्शन, सैंडी और नसलैन अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन डोमिनिक अरुण ने किया है और यह 28 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। दुलकर सलमान ने अपने प्रोडक्शन बैनर वेफेयरर फिल्म्स के तहत इसका निर्माण किया है।

इस फिल्म के एक दृश्य की आलोचना हो रही है जिसमें सैंडी का निभाया किरदार इंस्पेक्टर नचियप्पा गौड़ा बेंगलुरु की लड़कियों को अपमानजनक तरीके से संबोधित करता है। सलमान के बैनर ने मंगलवार शाम अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर माफी मांगते हुए कहा कि टीम संवाद में बदलाव करेगी।



# उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एआई डिजाइन से बनीं मूर्तियों को विदेश में भी मांग




**गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), (भाषा)** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं, मूर्ति निर्माण कार्यशालाओं में चहल-पहल है और कारीगर पारंपरिक दुर्गा मूर्तियों को आधुनिक रूप देने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से बने डिजाइनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। गोरखनाथ मंदिर में 20 से ज्यादा कारीगर एआई का उपयोग करके मूर्तियां बनाने के लिए 24 घंटे काम कर रहे हैं। बी. पाल मूर्ति कार्यशाला के विशाल सिंह ने कहा कि इस साल मुख्य आकर्षण भगवान शिव की लहराती जटाओं वाली मूर्ति होगी, जिसके दोनों ओर दुर्गा के नौ रूप होंगे, जबकि दुर्गा की एक विशाल मूर्ति श्रृंगार के बाद भक्तों को मंत्रमुग्ध कर देगी।

सिंह ने कहा कि मूर्तिकार विशालकाय राक्षसों की मूर्तियां भी बना रहे हैं, जिनमें 'सिक्स-पैक एब्स' वाली 12 फुट की आकृति और एआई-मॉडल वाले शेर शामिल हैं।

सिंह ने कहा कि एआई डिजाइन वाली मूर्तियों की मांग पारंपरिक शैली वाली मूर्तियों से ज्यादा है, न केवल गोरखपुर बल्कि पड़ोसी जिलों और नेपाल से भी ऑर्डर आ रहे हैं।

यह कार्यशाला आमतौर पर सालाना लगभग 100 मूर्तियां बनाती है, लेकिन इस सीज़न में पहले ही पिछले रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। सिंह ने बताया कि आकार और सजावट के आधार पर मूर्तियों की कीमत 10,000 रुपये से दो लाख रुपये के बीच है। मूर्तियों के लिए मिट्टी आस-पास की नदियों से लाई जाती है, जबकि मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल के नदिया जिले से आए कारीगर गोरखपुर में लगभग चार महीने बिताकर इन मूर्तियों को तैयार करते हैं।

# झोलाछाप डॉक्टर दवाई की जगह बांट रहे मौत वे वक्त करा रहे यमराज के दर्शन

## झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन से किशोरी की मौत, परिवार में मचा कोहराम




नेशनल एक्सप्रेस बरेली।

थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र की नई बस्ती निवासी 18 वर्षीय विनीता पुत्री सोमपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि झोलाछाप डॉक्टर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन से उसकी जान गई है। मृतका के भाई ने बताया कि मंगलवार रात विनीता के अचानक पेट में तेज दर्द उठा। परिजन उसे कस्बे के झोलाछाप तस्लीम डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने उसे तीन इंजेक्शन लगाए और कहा कि यह गैस का दर्द है, 20 मिनट में आराम मिल जाएगा। लेकिन इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद ही विनीता की मौत हो गई।

परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां सुदामा का रो-रोकर बुरा हाल है। विनीता तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटी थी तथा कक्षा 11वीं की छात्रा थी।

परिवार ने थाने में तहरीर देकर झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि इस झोलाछाप के कारण पहले भी कई लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि कहीं न कहीं स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत के कारण ही झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ इलाज कर रहे हैं।

# बिजली विभाग ने बनाई क्यूआरटी टीम, अब फाल्ट पर मिलेगी तुरंत राहत

*बिजली समस्या के लिए 1912 टोल फ्री नंबर जारी फॉल्ट की स्थिति में क्यूआरटी तुरंत पहुंचकर करेगी समस्या का समाधान*

नेशनल एक्सप्रेस बरेली।



शहरवासियों को अब बिजली से जुड़ी समस्याओं से जल्द राहत दिलाने के लिए बिजली विभाग ने विशेष कदम उठाया है। मंगलवार को बरेली में बिजली विभाग की क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) का गठन किया गया। इस मौके पर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने कोतवाली थाना क्षेत्र से क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जानकारी के अनुसार, विभाग ने कुल चार क्यूआरटी टीमें बनाई हैं। इनका मुख्य उद्देश्य बिजली फाल्ट की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर समस्या का तत्काल समाधान करना है। इससे शहर और आसपास के इलाकों में लोगों को लंबे समय तक बिजली कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। विभाग ने लोगों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 1912 भी जारी किया है। इस नंबर पर कॉल करने के बाद संबंधित क्षेत्र की क्यूआरटी तुरंत मौके पर पहुंचेगी और समस्या का निपटारा करेगी। अधिकारियों का कहना है कि इससे बिजली उपभोक्ताओं को राहत तो मिलेगी ही, साथ ही विभाग की कार्यप्रणाली पर लोगों का विश्वास भी मजबूत होगा।

कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि क्यूआरटी टीमों के गठन से अब उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी परेशानियों का समाधान अधिक तेज़ी से मिल सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभाग इस व्यवस्था को और सशक्त बनाकर उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देगा। इस पहल से बरेली में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू और भरोसेमंद बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। अब छोटी-मोटी तकनीकी गड़बड़ियों के चलते घंटों बिजली गुल रहने की समस्या से लोगों को राहत मिल सकेगी।

# युवती को लेकर युवक फरार, घरवालों की इज्जत तार तार



नेशनल एक्सप्रेस बरेली।

थाना बारादरी क्षेत्र कटकुइंया पुराना शहर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री मुजस्सीम उत्तराखंड की एक फैक्ट्री में काम करती थी। उसी फैक्ट्री में कार्यरत शाहिल उर्फ मुन्ना पुत्र अख्तर हुसैन निवासी खटेमा नूरिया, थाना खटीमा, जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड) से उसकी जान-पहचान हो गई।

आरोप है कि शाहिल युवती को घुमाने के बहाने अपने साथ ले गया और बहला-फुसलाकर उसकी अश्लील तस्वीरें खींच लीं। बाद में आरोपी ने युवती की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर ली।

पीड़िता का परिवार फैक्ट्री का काम छोड़कर घर आ चुका है, लेकिन अब शाहिल लगातार कॉल करके युवती पर खटेमा आने का दबाव बना रहा है और धमकी दे रहा है कि मना करने पर उसकी अश्लील तस्वीरें वायरल कर देगा।

परिजनों का कहना है कि जब युवती ने मिलने से इनकार किया तो आरोपी ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर तथा परिजनों के व्हाट्सएप नंबरों पर भी अश्लील तस्वीरें डाल दीं। शाहिल उस पर अवैध संबंध बनाने का दबाव डाल रहा है। पीड़िता की मां ने थाना बारादरी पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नो हेलमेट—नो फ्यूल अभियान: अमरोहा में डीएम निधि गुप्ता वत्स के निर्देश, बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**अमरोहा।** सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए जिलेभर में नो हेलमेट—नो फ्यूल अभियान की शुरुआत की है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अब पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में हो रहे सड़क हादसों में सबसे अधिक जानमाल की हानि दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ती है। इनमें से अधिकांश मौतें सिर पर गंभीर चोट लगने से होती हैं। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना जीवन की रक्षा का सबसे आसान और प्रभावी उपाय है। प्रशासन ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आदेश दिया है कि नियम का पालन सख्ती से करें। यदि किसी पंप पर बिना हेलमेट पेट्रोल देने की शिकायत मिली तो संबंधित पंप संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसके साथ ही यातायात पुलिस को शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में नियमित चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जोक्स में

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जनता से अपील करते हुए कहा कि यह नियम केवल प्रशासन की सख्ती नहीं बल्कि लोगों की सुरक्षा के लिए है। हर व्यक्ति को स्वयं और अपने परिवार की जिम्मेदारी समझते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना चाहिए। साथ ही पीछे बैठने वाले व्यक्ति के लिए भी हेलमेट उतना ही जरूरी है। प्रशासन का मानना है कि हेलमेट पहनने की आदत से गंभीर चोटों और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अभियान की सफलता जनता के सहयोग पर निर्भर करेगी।

# प्राइवेट बसों पर कार्रवाई की बजाय गुंडागर्दी पर उतारू एआरएम साहब

*रोडवेज के एआरएम पर दबंगों के साथ मिलकर प्राइवेट ड्राइवरों से मारपीट का आरोप*



नेशनल एक्सप्रेस बरेली।

थाना फरीदपुर क्षेत्र के जाटऊआ निवासी पीड़ित मनीष ने एसपी कार्यालय में शिकायत पत्र देकर रोडवेज परिवहन अधिकारियों और दबंगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित मनीष का कहना है कि वह प्राइवेट वाहन चालक है। उसके साथ इस्माइल पुत्र नत्थू शाह निवासी मठिया मोहल्ला, थाना फरीदपुर और राशिद अली पुत्र सय्यद शब्बीर अली निवासी ऊँचा क्लस्वा, थाना फरीदपुर भी मौजूद थे। आरोप है कि परिवहन विभाग के रोडवेज अधिकारी, एआरएम और उनके सहयोगियों ने एक दर्जन भाड़े के गुंडों के साथ मिलकर शाहजहांपुर रोड स्थित 883 आर्मी बटालियन पानी पंप, MES के पास तीनों ड्राइवरों को घेरकर बुरी तरह मारा-पीटा। पीड़ित ने बताया कि दबंगों ने खदेड़-खदेड़ कर मारपीट की, गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान प्राइवेट वाहन चालकों से जबरन पैसे भी छीन लिए गए। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवैध तमंचा, कारतूस, गौकशी के उपकरण और संदिग्ध मोटरसाइकिल बरामद

# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी गिरोह का शातिर आरोपी गिरफ्तार, साथी फरार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**अमरोहा/सैदनगली।** पुलिस ने गौकशी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, गौकशी के उपकरण और संदिग्ध मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना पुलिस ने बुधवार सुबह ढक्का-सैदनगली रोड पर कर्बला के पास चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध पुलिस को दिखाई दिए। रोकने की कोशिश पर बाइक सवारों ने पुलिस पर गोली चला दी और भागने लगे। कुछ दूरी पर बाइक फिसलने से एक आरोपी घायल हो गया जबकि दूसरा जंगल में फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान शोएब पुत्र रईस निवासी मोहल्ला कुरेशियान, कस्बा उझारी, थाना सैदनगली के रूप में हुई है। उसका साथी दानिश पुत्र अनीश फरार है।

### बरामदगी..

गिरफ्तार शोएब के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, गौकशी के उपकरण, दो छुरे, रस्सी, दांव, काली पिन्नी, प्लास्टिक कट्टा, और एक संदिग्ध मोटरसाइकिल बरामद की गई।

### पूछताछ में खुलासा...

पूछताछ में शोएब ने स्वीकार किया कि वह अपने साथी दानिश के साथ आवारा गौवंश का वध कर उनके मांस को दिल्ली में बेचता था। एक सितम्बर की रात अमरोहा-सम्भल जनपद सीमा पर गांव चांदपुर और मथना में हुई गौकशी की घटना को भी उसी गिरोह ने अंजाम दिया था। इसी मामले में थाना सैदनगली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

### पुलिस टीम में शामिल

इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष सैदनगली, उपनिरीक्षक विकास कुमार, उपनिरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार एवं शिवा हुड्डा शामिल रहे।

# एक एक रुपया जोड़कर वीसी चलाई रकम वापसी के टाइम जान से मारने की धमकी




**नेशनल एक्सप्रेस बरेली।** थाना इज्जतनगर क्षेत्र के नीम वाली मठिया, सुर्खा बानखाना निवासी फैजी अली ने पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उन्होंने बालाजी बी.सी. ग्रुप (पता मिथिलापुरी फेस-1, निकट जगमोहन मंदिर, डेलापीर, जिला बरेली) में बीते 5 वर्षों से वीसी डाली थी। ग्रुप का संचालन विजय कुमार पुत्र शंकर लाल करता है और हर महीने की 7 तारीख को बालाजी रेस्टोरेंट, राजेंद्र नगर में बैठक होती थी।

पीड़ित ने अपने परिवार के नाम से 6 वीसी डाली थीं, जिनकी अवधि पूरी होने पर मई 2025 में उसने अपनी जमा रकम ₹18,30,000/- (अठारह लाख तीस हजार रुपये) मांगी।

आरोप है कि विजय कुमार ने रकम लौटाने में टालमटोल की और बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया। पीड़ित ने बताया कि जब वह 17 अगस्त को विजय कुमार के घर गया तो उसकी पत्नी डॉली ने कपिल असनानी व जितेंद्र असनानी उर्फ जीतू असनानी को बुला लिया। वे लोग आते ही गंदी-गंदी गालियां देने लगे और उसे पकड़कर जान से मारने की धमकी दी।

आरोपियों ने साफ कह दिया कि वे पैसे नहीं देंगे और अगर आगे मांगने आया तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और अपने जानमाल की सुरक्षा की मांग की है।

# उत्तर प्रदेश के बदायूं में निजी बस पलटी, बुजुर्ग महिला की मौत




**बदायूं (उत्तर प्रदेश), (भाषा)** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में बुधवार को एक तेज रफ्तार बस पलटकर पानी से भरे गड्ढे में गिर जाने के कारण 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई और लगभग 20 लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि हादसा दातागंज थाना क्षेत्र के डहरपुर कला गांव में हुआ। पुलिस ने बताया कि मृतक महिला की अभी पहचान नहीं हो पाई है और घायलों में एक बच्चे की हालत गंभीर है।

जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने कहा, ₹प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि चालक को झपकी आ गई होगी, जिसकी वजह से यह दुर्घटना हुई। लगभग 20 यात्री घायल हुए हैं, जिसमें से कुछ को मामूली और कुछ को गंभीर चोट आई हैं।

सभी को दातागंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बदायूं जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और स्थानीय निवासी बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। दुर्घटना के बाद बस चालक और सहायक फरार हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

# शिव-पार्वती विवाह प्रसंग ने किया भाव-विभोर

## शिव महापुराण कथा सुनने उमड़ी भारी भीड़, कथा सुन झूम उठे श्रद्धालु

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





**अमरोहा** प्राचीन रियासत मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा के चौथे दिन आचार्य नवीन शास्त्री नौटियाल ने शिव-माता पार्वती विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि माता पार्वती ने हिमालय राजा के यहां पर जन्म लिया था।

पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को मानती थी। इसीलिए भोलेनाथ से माता पार्वती का विवाह हुआ। उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि भोलेनाथ व माता पार्वती के विवाह के पहले से ही तारकासुर राक्षस का तीनों लोक में अत्याचार था और उसका वध भोलेनाथ व माता पार्वती के पुत्र से होना था।

इसीलिए भोलेनाथ व माता पार्वती का विवाह पहले से ही होना तय था। यानी यह सब लीला भगवान की थी। शिव महिमा सुनाते हुए नौटियाल जी ने कहा कि जो भी भक्त भोलेनाथ का पूजा-अर्चना और उनके नाम का जाप करता है, भोलेनाथ उसके सभी कार्यो शीघ्र पूरा करते हैं। कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया । इसके बाद माता पार्वती पर्वत राज हिमालय के घर अवतरित हुईं। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उनकी शादी की चिंता सताने लगी।

उन्होंने कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए।

लेकिन माता पार्वती खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लीं । विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए । शिव-पार्वती विवाह में श्रद्धालु झूमकर विवाह गीत गाने लगे । कथा में रमेश चंद्र गुप्ता,

अभिषेक रघुवंशी, करन रघुवंशी, दिनेश रघुवंशी, नन्हा प्रजापति, राघव, ओम, भोला, रघुवंशी, शरद अग्रवाल, गौरव वर्मा, गौरव अग्रवाल, राजीव कुमार दिल्ली वाले, रविन्द्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा में बारिश से चार लाख एकड़ फसल बर्बाद, 15 सितंबर तक खुला रहेगा पोर्टल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंडीगढ। हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने प्रदेश में सामान्य से अधिक वर्षा के कारण उत्पन्न हुई स्थिति और बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों पर बुधवार को चंडीगढ़ में आपात बैठक बुलाई। बैठक में विभिन्न विभागों, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन इकाइयों और अन्य हितधारकों के साथ तैयारियों का जायजा लिया गया। बाढ़ और जलभराव से प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने के लिए सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को 15 सितंबर, 2025 तक खुला रखने का निर्णय लिया है। इस पोर्टल के माध्यम से किसान अपनी खरीफ फसलों को हुए नुकसान की जानकारी अपलोड कर सकते हैं। अब तक लगभग 4 लाख एकड़ खरीफ फसलों के नुकसान के दावे इस पोर्टल पर दर्ज किए जा चुके हैं। विपुल गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दावों का सत्यापन और भुगतान प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए ताकि किसानों को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके। प्रदेश में इस मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है, जिसके कारण कई क्षेत्रों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई है। राजस्व मंत्री ने बैठक में फ्लड कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, राहत सामग्री (रिलीफ स्टॉक) और बचाव उपकरणों (रेस्क्यू इक्विपमेंट) की उपलब्धता की समीक्षा की गई। विभाग ने सेना, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) के साथ समन्वय स्थापित करने की प्रक्रिया को भी मजबूत करने पर जोर दिया। इस वर्ष हरियाणा को स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फंड के तहत लगभग 636 करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है। यह फंड आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों के लिए उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा सभी जिला उपायुक्तों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए रिजर्व फंड उपलब्ध कराया गया है, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग को भी विशेष रिजर्व फंड प्रदान किया गया है। बैठक में विभाग द्वारा बताया गया कि अत्यधिक बारिश और जलभराव के कारण खरीफ फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए अब तक लगभग 4 लाख एकड़ भूमि पर फसल नुकसान का दावा किसानों द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों के दावों का त्वरित निपटान किया जाए ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत मिल सके। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि आईआरबी भोंडसी की पहली बटालियन जिसमें 950 जवान शामिल हैं, को हरियाणा स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स के रूप में नामित किया गया है। यह बल आपदा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत और बचाव कार्यों के लिए तैयार है। यह टीम यमुनानगर, अंबाला, पंचकूला, करनाल, कैथल, पलवल, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, हिसार, रोहतक, और गुरुग्राम जैसे संवेदनशील जिलों में तैनात की गई है। इसके अलावा एचएसडीआरएफ के लिए 1149 पद स्वीकृत किए गए हैं, जो आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## गुरुग्राम पुलिस के २२ पुलिसकर्मियों को एनएसजी में मिली खतरों से निपटने की ट्रेनिंग

### 11 स्पेशल रेंजर्स ग्रुप ने आतंकवाद रोधी क्षमता निर्माण प्रशिक्षण में लिया हिस्सा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



गुरुग्राम। पसंगठित अपराध, विध्वंसकारी तत्वों और आतंकवादी खतरों से निपटने के लिए जिला पुलिस के 11 जवानों को राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) मानेसर में ट्रेनिंग दिलाई गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 11 स्पेशल रेंजर्स ने आतंकवाद रोधी क्षमता निर्माण प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। एनएसजी मानेसर के यूनिट कमांड सुदीप्त दास की देखरेख में गुरुग्राम पुलिस की स्पेशल वैपन एंड टैक्टिस (एसडब्ल्यूएटी) टीम के 22 पुलिसकर्मियों को इस प्रशिक्षण के लिए चुना गया। एनएसजी इकाई 11 स्पेशल रेंजर्स गुरप द्वारा आतंकवाद-रोधी क्षमता निर्माण प्रशिक्षण में हिस्सा लेकर इस विशेष कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा किया। एनएसजी की विशेष इकाई एसआरजी से गुरुग्राम पुलिस की एसडब्ल्यूएटी टीम के 22 पुलिसकर्मियों द्वारा ली गई ट्रेनिंग से उनमें संगठित अपराधों, विध्वंसकारी तत्वों और आतंकवादी खतरों से निपटने की क्षमता बढ़ेगी। एनएसजी के साथ अंतर संचालन क्षमता में भी सुधार होगा। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने एनएसजी द्वारा गुरुग्राम पुलिस टीम के साथ संयुक्त प्रशिक्षण और मॉकड्रिल करने के बाद स्पेशल वैपन एंड टैक्टिस (एसडब्ल्यूएटी) के पुलिसकर्मियों को यह प्रशिक्षण दिलाने का निर्णय लिया गया। पुलिस आयुक्त के अनुरोध पर ही एनएसजी में यह विशेष प्रशिक्षण कोर्स आयोजित करके पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

## किसान व मजदूरों की मांगों पर संवेदनशील है सरकार : कृष्ण लाल पंवार



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि किसानों और मजदूरों की समस्याओं पर सरकार का रुख हमेशा सकारात्मक और संवेदनशील रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों व मजदूरों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर समाधान हेतु ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। पंवार बुधवार को चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में राष्ट्रीय मजदूर किसान मंच के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक के दौरान राष्ट्रीय मजदूर किसान मंच के प्रतिनिधियों ने मंत्री को मांग पत्र सौंपा। इसमें प्रमुख मांगों में 5 अगस्त 2025 के आदेश की वापसी, पूरे राज्य में स्वतंत्र जांच कराना, मनमाने विभागीय पत्र जारी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय करना तथा जिन मजदूरों को अधिकारों से वंचित किया गया है, उन्हें मजदूरी और मुआवजा राशि से क्षतिपूर्ति करना शामिल रहा। पंवार ने भरोसा दिलाया कि किसानों और मजदूरों की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी भी मजदूर को 100 दिन के वेतन से वंचित नहीं रखा जाएगा। सरकार हर संभव प्रयास करेगी कि किसान और मजदूर सम्मान और सुरक्षा के साथ अपना जीवन यापन कर सकें।

## प्रदेशभर में जल निकासी तथा पेयजल व्यवस्था को बहाल करें

नेशनल एक्सप्रेस



चंडीगढ़। हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश में जिन स्थानों पर पानी का भराव हुआ है, उनकी प्वाइंटिंग कर रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या से बचने के लिए ठोस और स्थायी कार्ययोजना बनाई जा सके। इसके अलावा जिस भी क्षेत्र में जल भराव की दिक्कत हैं, उनका तुरन्त समाधान किया जाएं। अगर मौसम ऐसे ही रहता हैं, तो उस दौरान बनने वाली परिस्थिति से निपटने के लिए भी अपनी तैयारियों को और सदृढ़ किया जाए। गंगवा की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय स्थित कार्यालय में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की आपातकालीन आपदा प्रबंधन बैठक हुई। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न जिलों से जुड़े फील्ड अधिकारी तथा अधीक्षण अभियंता और कार्यकारी अभियंता ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि विभाग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जलभराव से निपटान तथा आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। बैठक में हरियाणा के अलग-अलग क्षेत्रों में जारी बारिश के बाद बने हालात पर सर्कल वाइज चर्चा की गई। अधिकारियों ने बारिश के दौरान हुए जलभराव और इसकी निकासी को लेकर कितना वक्त लगा इस बारे रिपोर्ट मंत्री गंगवा के समक्ष प्रस्तुत की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिन जगहों पर एसटीपी, डब्ल्यूटीपी और ट्यूबवेल प्रभावित हुए हैं। इनकी तुरंत बहाली हो तथा जिन कॉलोनियों या क्षेत्रों में बारिश के कारण पिछले 3-4 दिनों से जल आपूर्ति बाधित रही है, वहां त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। टेंकर इत्यादि से पेयजल की सप्लाई करने की जरूरत हैं तो वो भी किया जाये। इसके साथ ही निर्देश दिए गए कि सीवरेज मिक्स पेयजल किसी हालात में सप्लाई ना हो, साथ ही बरसात का पानी वार्टर वर्क्स में मिक्स ना हो, इसका भी ख्याल रखा जाए। मंत्री ने निर्देश दिए कि पंजाब से बाढ़ प्रभावित होकर हरियाणा में आने वाले लोगों के लिए शुद्ध पेयजल की विशेष व्यवस्था की जाए। उन्होंने हरियाणा के अलग अलग एरिया की बस्ती क्षेत्रों में भी जल निकासी सुव्यवस्थित करने निर्देश दिए।

## गुरुग्रामः दूसरे का प्लॉट अपना बताकर बेचा, एक करोड़ की ठगी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



गुरुग्राम। दूसरे का प्लॉट अपना बताकर धोखाधड़ी से बेचकर एक करोड़ सात लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पुलिस ने इस अपराध में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बुधवार को बताया कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से इस घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार सात अगस्त 2025 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम के कार्यालय के माध्यम से एक शिकायत पुलिस थाना सेक्टर-9ए गुरुग्राम की पुलिस टीम को मिली। शिकायतकर्ता द्वारा कहा गया कि वह अपने चाचा के लडक़े नितिश कुमार के साथ सांई प्रोपर्टी देवीलाल कॉलोनी गुरुग्राम के कार्यालय में कृष्ण, सोनू नामक प्रोपर्टी डीलर से प्लॉट लेने के सम्बन्ध में मिले थे। उन्होंने बसई इण्डस्ट्रीयल एरिया में 200 वर्ग गज का एक प्लॉट दिखाया तो उस प्लॉट को खरीदने के लिए हां कर दी। प्लॉट बेचने वालों ने प्लॉट के लिए तयशुदा राशि के हिसाब से कुल एक करोड़ सात लाख रुपये अलग-अलग भाग में ट्रान्सफर करवा लिए। जिनमें से 80 लाख रुपए भारत-भूषण (मकान मालिक) के बैंक खाते में तथा 27 लाख रुपए कृष्ण व सोनू को नगद दिए गए। पीड़ित ने प्लॉट बेचने वालों से प्लॉट का कब्जा लेने के लिए कहा तो वे टाल-मटोल करने लगे। जब आसपास के लोगों से पता किया तो पता चला कि उसने जिस प्लॉट को खरीदा है, वह शमशेर सिंह नामक व्यक्ति के नाम है।



## संपादकीय

# टैरिफ के मुद्दे पर नरम रुख

अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और वहां के अधिकारी अब भारत के साथ टैरिफ के मुद्दे पर नरम रुख दिखाने लगे हैं। ट्रंप की पोस्ट में यह स्वीकारोक्ति भी झलकती है कि भारत और अमरीका के बीच लंबे समय से एकतरफा संबंध रहे हैं। उनका कहना है कि भारत अमरीका पर ज्यादा टैरिफ लगाता रहा और अमरीकी कंपनियों को दिक्कत होती रही। हथियार और तेल की खरीद में भारत का रुझान रूस की ओर रहा, अमरीका की ओर नहीं। हालांकि ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि भारत पर लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ आधिकारिक बातचीत के बाद घटाया जा सकता है। इसके बावजूद उन्होंने यह भी कहा कि भारत और अमरीका आज भी रणनीतिक दोस्त हैं। भारत में अमरीकी राजदूत ने भी यह दोहराया कि दोनों देशों के बीच का रिश्ता 21वीं सदी के लिए सबसे अहम है और यह साझेदारी नई ऊंचाइयां छू रही है। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने दोनों देशों की जनता के बीच स्थायी दोस्ती को सहयोग की नींव बताया, लेकिन ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की सोच भारत के प्रति नकारात्मक रही। उन्होंने भारत पर रूस का लॉन्ड्री हाउस बनने का आरोप लगाया और ब्राह्मण वर्ग को जनता की कीमत पर मुनाफा कमाने वाला बताया। यह बयान दर्शाता है कि अमरीका के बौद्धिक और सत्तासीन वर्ग में भारत के प्रति पूर्वाग्रह अब भी मौजूद है।भारत ने अमरीका के इन रवैयों का जवाब भी दिया है। उसने रूसी तेल की खरीद को 30 फीसदी बढ़ा कर 20 लाख बैरल प्रतिदिन कर दिया है। इसके साथ ही भारत ने अपने निर्यात-बाजार को विविध और व्यापक बनाने के लिए 50 से अधिक देशों से बातचीत शुरू कर दी है, ताकि अमरीका पर निर्भरता घटाई जा सके। अब तक करीब 25 फीसदी निर्यात अमरीका को होता था, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि अब यह स्थिति बदल रही है। एससीओ का साझा घोषणा पत्र और वहां हुए समझौते अमरीका पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान समेत कई देशों से समझौते किए हैं, जिनमें 60,000 करोड़ रुपए का निवेश, सेमीकंडक्टर निर्माण और सामरिक साझेदारी शामिल है। यह ट्रंप की उस टिप्पणी का जवाब भी है, जिसमें उन्होंने भारत को मृत अर्थव्यवस्था बताया था।भारत के लिए रूस दशकों से मित्र देश रहा है, वहीं चीन ने भी अब दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी भारत के साथ व्यापार और निवेश की इच्छा जताई है। ऑस्ट्रेलिया के पास रेयर अर्थ मिनरल्स का भंडार है और भारत को उनकी जरूरत है। इन साझेदारियों से भारत की वैश्विक स्थिति मजबूत हो रही है। स्पष्ट है कि ट्रंप का टैरिफवाद भारत को कमजोर या गरीब नहीं बना सकता। उल्टा यह भारतीय निर्यातकों को नए बाजार तलाशने के लिए प्रेरित कर रहा है, जिनमें जापान, मध्य पूर्व, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण-पूर्व एशिया शामिल हैं।हालांकि विवाद और मतभेद हैं, लेकिन भारत और अमरीका के रिश्ते खत्म नहीं हो सकते। दोनों देशों के बीच रक्षा, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान जैसे कई अहम क्षेत्र हैं, जिन पर टैरिफ का असर नहीं पड़ेगा। यह भी ध्यान देने योग्य है कि ट्रंप का विरोध उनके अपने देश में भी हो रहा है।ऐसे में अमरीका चाहे कितना भी टैरिफवाद अपनाए, भारत अब अपनी विदेश और आर्थिक नीति को अधिक स्वतंत्र और विविधतापूर्ण बना रहा है, जिससे वह किसी एक देश पर निर्भर नहीं रहेगा।

# उम्मीदों की चीप से हौसलों की उड़ान भरता भारत



ललित गर्ग

भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है, जिससे भारत अनेक मोर्चें पर सफलता के परचम फहरायेगा। इस स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की अर्धचालक प्रयोगशाला ने अभिकल्पित किया है और इसे "विक्रम" नाम दिया गया है।

भारत ने तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया इतिहास रचते हुए अपना पहला पूर्णतया स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर एक तकनीकी क्रांति को आकार दिया है। यह उपलब्धि न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है। भारत ने इस तकनीकी क्रांति की तरफ कदम बढ़ते हुए आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी तकनीकी प्रगति को नये आयाम दिये हैं। पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिये इसरो की सेमीकंडक्टर लैब साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं, अब भारत को इस तरह की तकनीक के लिये विदेशों के पराधीन नहीं होना होगा। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है, निश्चित ही इससे भारत की ताकत बढेग़ी और तकनीक के साथ-साथ यह आर्थिक विकास को तीव्र गति देगा। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। विशेषतः भारत की यह जादूई उपलब्धि अमेरिका को आइना दिखाने वाली है, ट्रंप को यह एक बड़ा झटका है।

भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है, जिससे भारत अनेक मोर्चें पर सफलता के परचम फहरायेगा। इस स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की अर्धचालक प्रयोगशाला ने अभिकल्पित किया है और इसे "विक्रम" नाम दिया गया है। यह अंतरिक्ष-मानक माइक्रोप्रोसेसर है, जो मुख्यतः अंतरिक्ष अभियानों और रॉकेट प्रणालियों में प्रयोग के लिए तैयार किया गया है। इसरो ने सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) चंडीगढ़ के साथ मिलकर दो स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विक्रम 3201 और कल्पना 3201 विकसित किए हैं। यह माइक्रोप्रोसेसर प्रक्षेपण यानों के नेविगेशन और नियंत्रण में मदद करेंगे। विक्रम 3201 पूरी तरह भारत में बना पहला 32-बिट प्रोसेसर है। इस कदम से इसरो को विदेशी प्रोसेसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा जिससे अंतरिक्ष में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। निश्चित ही इससे भारत ने महाशक्ति बनने की ओर अपनी गति को तीव्रता दी है, जिससे अमेरिका हिला और दुनिया भारत की ताकत से रू-ब-रू हो रही है।



अब तक भारत को अनेक जटिल अंतरिक्ष अभियानों के संचालन हेतु विदेशी सूक्ष्म-प्रक्रमकों और अर्धचालक पट्टिकाओं पर निर्भर रहना पड़ता था। यह विदेशी निर्भरता न केवल आर्थिक दृष्टि से बोझिल थी बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनौतीपूर्ण थी। "विक्रम" माइक्रोप्रोसेसर के निर्माण से भारत ने इस निर्भरता की बेड़ियों को तोड़ा है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाया है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री मोदी इसके लिये निरन्तर प्रयासरत है। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राएं भारत को ऐसे ही विकास के नये शिखरों पर आरोहण कराने का सशक्त माध्यम बन रही है।

निश्चित रूप से मोदी सरकार के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल, राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूट करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है। उम्मीद है कि भारत का स्वेदशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपॉलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा, भारत तकनीकी विकास के नये आयाम उद्घाटित करते हुए विश्व को अचंभित भी करेगा। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बना सकते हैं।

32-बिट क्षमता का अर्थ है कि यह माइक्रोप्रोसेसर अधिक व्यापक स्मृति का उपयोग कर सकता है और जटिल संगणकीय कार्यों को तीव्र गति से संपन्न कर सकता है। अंतरिक्ष अभियानों में जहाँ प्रत्येक क्षण और प्रत्येक संकेत का महत्व होता है, वहाँ इस प्रकार की क्षमता अत्यंत आवश्यक है। यह केवल गति और कार्यकुशलता नहीं देता बल्कि विकिरण-सहनशीलता और दीर्घकालीन स्थिरता जैसे गुण भी समाहित करता है। अंतरिक्ष में प्रबल विकिरण, तापमान का उतार-चढ़ाव और कठोर परिस्थितियाँ होती हैं, जिनका सामना सामान्य माइक्रोप्रोसेसर नहीं कर सकते। इसलिए इस प्रकार का अंतरिक्ष-योग्य माइक्रोप्रोसेसर ही मिशनों की सफलता का आधार बन सकता है। इस उपलब्धि का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके लिए आवश्यक रूपांकन, निर्माण और परीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया भारत में ही सम्पन्न की गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत अब केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं बल्कि उसका सर्जक भी है। सूक्ष्म-संगणक की यह अभिकल्पना केवल एक चिप का निर्माण नहीं है, यह भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा, उसकी दूरदृष्टि और आत्मविश्वास का परिचायक है।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सफलता हासिल करने की दिशा में भारत का एक सशक्त पक्ष यह भी है कि दुनिया के लगभग बीस फीसदी चिप डिजाइन इंजीनियर भारत में हैं। दरअसल, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी क्षेत्र में कामयाबी के लिये भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर परियोजना के रूप में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। सरकार बड़ी घरेलू कंपनियों को संबल देने के लिये डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव यानी डीएलआई के तहत दिए जा रहे लाभ के विस्तार के साथ ही, इसके तहत दिये जाने वाले अनुदान को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। जिसके तहत महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उत्पादन परियोजनाओं के लिये केंद्र व राज्यों से प्रोत्साहन के रूप में परियोजना की कुल लागत का सत्तर फीसदी मिलना जारी रह सकता है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को भारत में गेम चेंजर टेक क्रांति माना जा रहा है।

इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के विभिन्न प्रौद्योगिकी संस्थान पहले ही "शक्ति" और "वेगा" जैसे स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर पर काम कर चुके हैं। इन प्रयासों ने आधारभूमि तैयार की और आज "विक्रम" के रूप में वह प्रयास मूर्त रूप में सामने आया है। यह न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि रक्षा, चिकित्सा उपकरणों और संचार प्रणाली में भी क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है। निश्चित ही चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। बड़े पैमाने पर उत्पादन, उपकरण-समूह की उपलब्धता, संगणक-कार्यक्रमों का विकास, अनुप्रयोग-तंत्र का विस्तार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन जैसी प्रक्रियाएँ अभी पूरी करनी होंगी। किंतु भारत ने जिस आत्मविश्वास के साथ इस दिशा में पहला कदम रखा है, वह आश्वस्त करता है कि भविष्य में हम और भी उन्नत सूक्ष्म-प्रक्रमक तैयार करने में सक्षम होंगे। "विक्रम" केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है, यह भारत की स्वाभिमानी यात्रा का घोष है। यह घोषणा है कि अब भारत केवल विज्ञान का अनुयायी नहीं बल्कि विज्ञान का निर्माता और मार्गदर्शक बनने की ओर अग्रसर है। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना अब शब्दों में नहीं, ठोस उपलब्धियों में आकार ले रही है।

## इतिहास में आज का दिन

4 सितंबर का दिन विश्व इतिहास में कई निर्णायक घटनाओं का साक्षी रहा है। सन 476 में इसी दिन पश्चिमी रोमन साम्राज्य का पतन हुआ जब अंतिम सम्राट रोमुलस ऑगस्टुलस ने सत्ता छोड़ दी और ओडोएसर ने स्वयं को इटली का राजा घोषित किया। यह घटना यूरोप के मध्ययुगीन युग की शुरुआत का प्रतीक बनी और पश्चिमी सभ्यता के इतिहास में एक नए अध्याय की नींव पड़ी। इसके बाद 1260 में ऐन जलूत का युद्ध लड़ा गया, जिसमें मिस्र के मामलुकों ने मंगोलों को पराजित किया। इस जीत ने न केवल इस्लामी सभ्यता को विनाश से बचाया बल्कि यह भी साबित किया कि मंगोलों को हराया जा सकता है। यही कारण है कि इसे मध्यकालीन इतिहास की महत्वपूर्ण लड़ाइयों में गिना जाता है।सत्रहवीं शताब्दी में 1609 को अंग्रेज़ खोजकर्ता हेनरी हडसन ने मैनहैटन द्वीप की खोज की, जिसने बाद में न्यूयॉर्क जैसे विश्व के महानगर की नींव रखी। फिर 1781 में स्पेनिश उपनिवेशवादियों ने लॉस एंजेलिस शहर की स्थापना की, जो आने वाले समय में एक वैश्विक महानगर बन गया। उन्नीसवीं सदी में 1882 का 4 सितंबर भी खास रहा जब अमेरिका में न्यूयॉर्क स्थित पर्ल स्ट्रीट पर एडिसन का पहला बिजली संयंत्र चालू हुआ। यह आधुनिक विद्युत युग की शुरुआत थी, जिसने मानव जीवन की दिशा बदल दी। इसी तारीख को 1886 में एपीचा नेता जेरोनिमो ने अमेरिकी सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिससे पश्चिमी सीमांत पर मूल निवासियों के संघर्ष का एक बड़ा अध्याय समाप्त हुआ। दो वर्ष बाद 1888 में जॉर्ज ईस्टमैन ने रोल फिल्म कैमरे का पेटेंट कराया और "कोडक" नाम का ट्रेडमार्क पंजीकृत करवाया, जिसने फोटोग्राफी को आम लोगों तक पहुंचाया।बीसवीं सदी में भी यह दिन अनेक घटनाओं से भरा रहा। 1944 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र राष्ट्रों ने बेल्जियम के प्रमुख बंदरगाह शहर एंटवर्प को जर्मनी के कब्जे से मुक्त कराया, जिससे युद्ध में एक नया मोड़ आया। 1949 में अमेरिका के पिक्स्किल शहर में पॉल रोबेसन के कार्यक्रम के बाद हिंसक घटनाएँ हुईं, जिसने नस्लीय और राजनीतिक तनाव को उजागर किया। 1951 में पहली बार ट्रांसकॉन्टिनेंटल टेलीविजन प्रसारण हुआ, जिसने दुनिया को एक साथ जोड़ने का सपना साकार किया। 1957 में अर्कांसस राज्य के गवर्नर ने नौ अश्वेत छात्रों को सेंट्रल हाई स्कूल में दाखिला लेने से रोक दिया, जो अमेरिकी नागरिक अधिकार आंदोलन में बड़ा मोड़ साबित हुआ।खेल जगत में भी यह दिन अविस्मरणीय है। 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में अमेरिकी तैराक मार्क स्पिट्ज ने सात स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा, जिसे दशकों तक एक अद्वितीय उपलब्धि माना गया। उसी वर्ष अमेरिकी टेलीविजन पर "द प्राइस इज राइट" नामक लोकप्रिय शो की शुरुआत हुई, जो आगे चलकर सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाला गेम शो बना।इतिहास का यह दिन तकनीक और नवाचार से भी जुड़ा है। 1998 में गूगल की स्थापना हुई, जिसने सूचना क्रांति को एक नया आयाम दिया और पूरे विश्व के ज्ञान तक पहुँच आसान बनाई। इंटरनेट के इस नए युग ने शिक्षा, व्यापार, राजनीति और समाज को पूरी तरह बदल दिया। इसके बाद 2016 में पोप फ्रांसिस ने मदर टेरेसा को संत घोषित किया, जिससे उनकी मानव सेवा और करुणा को वैश्विक मान्यता मिली।इन सब घटनाओं के बीच 4 सितंबर को एक खास पहचान मिलती है। यह तारीख बताती है कि कैसे साम्राज्यों का पतन हुआ, कैसे नई सभ्यताओं और शहरों की नींव पड़ी, विज्ञान और तकनीक ने जीवन को बदल दिया और कैसे सामाजिक संघर्षों ने न्याय और समानता की लड़ाई को नई दिशा दी। यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि इतिहास का हर अध्याय सिर्फ किसी एक देश का नहीं होता बल्कि पूरी मानवता का साझा अनुभव होता है।

## समसामयिक



ऋषभदेव शर्मा

# अफगानिस्तान का भूकंप : त्रासदी और जिम्मेदारी

अफगानिस्तान में 1 सितंबर, 2025 को आए भूकंप ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रकृति की शक्तियाँ कितनी अप्रत्याशित और विनाशकारी हो सकती हैं! इस आपदा में अब तक 1,400 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 3,000 से ज्यादा घायल हुए हैं।

तालिबान सरकार ने मौतों का आँकड़ा बढ़ने की आशंका जताई है, क्योंकि कई दूरदराज के पहाड़ी गाँवों में अभी तकबचाव दल नहीं पहुँच सके हैं। दरअसल, यह भूकंप न केवल अफगानिस्तान के लिए एक बड़ी त्रासदी है, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए चेतावनी भी है। सयाने बता रहे हैं कि भूकंप रात के समय आया, जब ज्यादातर लोग अपने मिट्टी और पत्थर से बने घरों में सो रहे थे। इन कमजोर ढाँचों के ढहने से गाँव के गाँव तबाह हो गए। कुनेर प्रांत के सुदूर इलाकों में सड़कें और पुल टूट गए, जिससे बचाव कार्यों में बाधा आ रही है।

हेलीकॉप्टरों की मदद से बचाव दल गाँवों तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन बारिश और पहाड़ी रास्तों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं और ठंडी रातों में खुले आसमान के नीचे बसर करने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और पहले से ही चल रहे मानवीय संकट - गरीबी, युद्ध के घाव और खाद्य असुरक्षा - ने इस त्रासदी को और कारुणिक बना दिया है। महिलाएँ और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, क्योंकि अनेक परिवारों के मुखिया इस आपदा में खो गए हैं।

ग़ौरतलब है कि अफगानिस्तान भौगोलिक रूप से हिंदूकुश पर्वत शृंखला में स्थित है। यह इंडियन प्लेट और यूरेशियन प्लेट की टक्कर का इलाका है। टेक्टोनिक प्लेटों की गतिविधियों के कारण भूकंप-प्रवण भी! पिछले कुछ दशकों में यहाँ कई बड़े भूकंप आए हैं। जैसे 2022 के 6.1 तीव्रता वाले भूकंप में भी हजारों जानें गई थीं।

जगज़ाहिर है कि जलवायु परिवर्तन भी अप्रत्यक्ष रूप से ऐसी घटनाओं को बढ़ावा दे रहा है। ग्लेशियरों के पिघलने से भूमि की अस्थिरता बढ़ रही है न! लेकिन मुख्य कारण मानवीय लापरवाही भी है। जैसे, भूकंप-प्रतिरोधी भवन निर्माण का अभाव और आपदा पूर्व चेतावनी प्रणालियों की कमी। अफगानिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक संकट ने हालात को और भी नाजुक बना छोड़ा है। तालिबान शासन के दौरान अंतरराष्ट्रीय मदद में कमी आई है, जिससे बुनियादी ढाँचा मजबूत नहीं हो सका।ज़रूरी है कि इस आपदा में भविष्य के लिए निहित संकेतों को गंभीरता से लिया जाए। सबसे पहले, समझना होगा कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएँ सीमाओं को नहीं मानतीं।

अफगानिस्तान भारत का पड़ोसी है, और हमारी सीमाएँ पाकिस्तान के माध्यम से जुड़ी हुई हैं। अगर ऐसे भूकंप बढ़ते हैं, तो इसका असर पूरे इलाके पर पड़ेगा। भारत को अपने सीमावर्ती इलाकों में भूकंप-प्रतिरोधी निर्माण पर जोर देना चाहिए। साथ ही, वैश्विक स्तर पर प्लेट टेक्टॉनिक्स की निगरानी के लिए उन्नत तकनीकें विकसित करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों को अफगानिस्तान जैसे देशों में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण और उपकरण प्रदान करने चाहिए। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पेरिस समझौते जैसे प्रयासों को मजबूत करना होगा। क्योंकि जलवायु परिवर्तन परोक्ष रूप से भूकंपों की तीव्रता को प्रभावित कर सकता है।इस त्रासदी से निकलने वाला मुख्य संदेश एकजुटता का है। तालिबान ने अंतरराष्ट्रीय मदद की अपील की है। वैश्विक समुदाय को राजनीतिक मतभेदों को अलग रखकर मदद करनी चाहिए।

आखिर, आपदाएँ किसी शासन को नहीं देखतीं; इंसानों को प्रभावित करती हैं।अंत में, यह भूकंप हमें याद दिलाता है कि जीवन कितना अनिश्चित है। हमें अपनी तैयारियों को मजबूत करना होगा, ताकि ऐसी त्रासदियाँ कम से कम हानि पहुँचाएँ। प्रकृति की चुनौतियों के सामने मानवता की एकता ही सबसे बड़ा हथियार है। अफगानिस्तान के लोगों के लिए हमारी संवेदनाएँ।

# टैरिफ संकट : करने होंगे तात्कालिक उपाय

अंततः भारत-अमेरिका की आर्थिक शत्रुता बढ़ाने वाला बड़ा निर्णय ट्रंप ने ले ही लिया। गत 28 अगस्त से अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय उत्पादों पर कुल पचास प्रतिशत शुल्क लगने लगेगा। भारत में तो नहीं किंतु अमेरिका में बढ़े हुए शुल्क के शासकीय निर्णय पर पक्ष-विपक्ष के राजनेता तथा उनसे संबद्ध विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के दो समूह बन गए हैं। एक समूह भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने को अनुचित मान रहा है, तो दूसरा ट्रंप के निर्णय का समर्थन कर रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट सकारात्मक हैं। वे आशान्वित हैं कि अंततः अमेरिका व भारत के मध्य अर्थव्यवस्था की अनुकूल स्थितियां बनेंगी। उनके अनुसार एकपक्षीय टैरिफ व कुछ अनावश्यक वक्तव्यों के बाद भी दोनों देशों के मध्य वार्ता की राह बंद नहीं हुई है। कुछ अन्य प्रभावशाली पदाधिकारी भी बारंबार कह रहे हैं कि यदि भारत पर पच्चीस प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ रूस से तेल खरीद के कारण लगा है तो फिर चीन पर बढ़ा हुआ टैरिफ क्यों नहीं लगाया गया, क्योंकि वो तो भारत की तुलना में रूस से अधिक तेल आयात कर रहा है। इस आपत्ति के आलोक में विचार करें तो यही ज्ञात होता है कि ट्रंप जो हैं वे मोदी के साथ अपनी व्यक्तिगत मित्रता के कारण यही चाहते थे कि भारत के साथ प्रस्तावित अमेरिका के अनेक क्षेत्रों, विशेषकर व्यापार से संबंधित समझौतों पर भारत वैश्विक भूराजनीतिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्यों पर विचार किए बिना ही सहमति के साथ हस्ताक्षर कर दे। भारत ने ऐसा नहीं किया और अमेरिकी टैरिफ के चक्रव्यूह में फंस गया। भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली वस्तुओं में आभूषण, वस्त्र, हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ इत्यादि सम्मिलित हैं। इन वस्तुओं के उत्पादन में नियुक्त औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सम्मुख आगामी समय चुनौतियों से पूर्ण होगा। जब तक भारतीय शासन द्वारा अमेरिका को विभिन्न वस्तुएं निर्यात करने के माध्यम से वैश्विक बाजार में टिके हुए निर्यातकों को बड़े व नवोन्मेषी राहत पैकेज नहीं मिल जाते अथवा अमेरिका के साथ वार्ता करके अतिरिक्त शुल्क के निर्णय को निष्क्रिय नहीं कर दिया जाता, तब तक इनके स्तर पर देशी-विदेशी व्यापार मंद होता रहेगा। हालांकि भारतीय वाणिज्य विभाग निर्यातकों की सहायता के लिए विविध आयामी व्यापारनीति पर कार्य कर रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के स्तर पर निर्यातकों हेतु नकदी की चुनौतियों से निपटने के उपायों पर विचार हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मूलतः अमेरिका में वस्तुएं भेजने वाले निर्यातकों को शीघ्रातिशीघ्र सहायता उपाय लागू करने का भरोसा दिया है। शासन पहले से चली आ रही योजनाओं को पुनर्जीवित करने व निर्यात संवद्र्धन अभियान को भी शीघ्र लागू करने की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री जापान, चीन की यात्रा पर हैं। वे इस समयावधि में प्रमुख रूप से भारत के उन आर्थिक-व्यापारिक क्षेत्रों के लिए ही नए विकल्प ढूंढने को प्राथमिकता देंगे, जिन्हें अमेरिकी टैरिफ के बाद मंदी का सामना करना पड़ेगा। टैरिफ संकट से निकलने का प्रत्यक्ष एवं आसान उपाय तो यही है कि भारत टैरिफ की चिंताओं व समस्याओं के संबंध में अमेरिका से निरंतर वार्ता करता रहे। अमेरिकी वित्त मंत्री सहित भारत हितैषी कुछ नेताओं द्वारा इस संदर्भ में सकारात्मक वक्तव्य भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जो कहीं न कहीं गुप्त रूप से यही इंगित कर रहे हैं कि ट्रंप के राष्ट्रपति पद से हटते ही भारत-अमेरिका के मध्य टैरिफ संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। टैरिफ व्यूह से निकलने के इन तात्कालिक उपायों, आशाओं एवं कार्यों के अतिरिक्त भारत को अपनी भावी आर्थिक स्थितियों को अमेरिका या किसी एक बड़े देश पर आश्रित करने की तुलना में आत्मनिर्भरता तथा स्वदेशी के अर्थबल द्वारा साधना होगा। स्वदेशी अर्थव्यवस्था को कार्यबल देकर भारत टैरिफ की समस्याओं से तात्कालिक मुक्ति पा सकता है। पारंपरिक रूप से मांग व उपभोग आधारित रही अपनी अर्थव्यवस्था को भारत एफएमसीजी यानी फास्ट मूविंग कंज्यूमर प्रोडक्ट के उत्पादन से लेकर अंतिम उपभोग के चरण तक आर्थिक वृद्धि का आधार बना सकता है। इसके लिए भारतीय बाजारों को वस्तु के कम मूल्य से लेकर गुणवत्ता तक का तो ध्यान रखना ही होगा, साथ ही साथ बाजारीकरण के पुराने ढर्रे और ऑनलाइन आपूर्ति श्रृंखला का सामंजस्य भी बनाए रखना होगा। विभिन्न क्षेत्रों में बड़े विनिर्माणन उद्योगों में निर्मित होने वाले यांत्रिक उत्पादों में लगने वाले छोटे व सहायक उपकरणों हेतु मेक इन इंडिया अभियान को स्टार्टअप से जोडक़र परिणामोन्मुखी व लाभोन्मुखी बनाना होगा।

अमेरिका को निर्यात होने वाले हीरे-जवाहरात, वस्त्र, शिल्पकारी की वस्तुओं, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों व अन्य उत्पाद सामग्रियों के लिए मांग आधारित स्वदेशी व विदेशी, दोनों बाजारों में मूल्य को प्रतिक्षण प्रतिस्पद्र्धी व लचीला रखना होगा। मूल्यह्रास की प्रतिस्पद्र्धा में बने रहकर होने वाली आर्थिक हानि को वस्तुओं व सामग्रियों की मांग में पुनरावृत्ति करके कम करना होगा। इस हेतु वस्तु व सामग्री की गुणवत्ता, आकर्षण एवं मांग होने पर त्वरित आपूर्ति की व्यवसाय-संस्कृति विकसित करनी होगी। अमेरिका को छोड़ जिन अन्य देशों के साथ भारत का आयात-निर्यात दहाई के प्रतिशत में है, उनके हाई परचेजिंग उपभोक्ताओं में भारतीय उत्पादों व सेवाओं के प्रति विशेष रुचि उत्पन्न करने की दिशा में कार्य करना होगा। इन देशों में चीन, यूएई, जर्मनी, हांगकांग, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, नाइजीरिया, बेल्जियम, जापान, इराक, ईरान, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका सम्मिलित हैं। अभी ब्रिक्स के दो सदस्य देशों रूस और ब्राजील को भी भारत के निर्यात खरीददार के रूप में स्थापित करने की चुनौती सामने है। विश्व में जनसंख्या में शीर्ष के तीन देशों में तो अमेरिका, चीन समेत स्वयं भारत प्रथम स्थान पर है। शीर्ष दस बड़े आबादी वाले देशों में से पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत के व्यापार संबंध रसातल में पहुंचे हुए हैं। इनके अतिरिक्त ब्राजील, नाइजीरिया, रूस व यूथोपिया के अधिक जनसंख्या वाले देशों तक भी भारतीय एफएमसीजी उत्पादों एवं सेवाओं का प्रसार करना होगा। इन देशों की बड़ी क्रयशक्ति वाले ग्राहकों की रुचि के अनुसार स्वदेशी निर्माण, विनिर्माण व निर्यातकों का यथोचित पूल बनाना होगा। इन तात्कालिक उपायों के अतिरिक्त अनेक दीर्घकालिक उपाय भी हैं, जो भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था को हर संकट, समस्या एवं चुनौती से सुरक्षित रख सकते हैं। जैसे कि प्राकृतिक खेती एवं कृषि। इस क्षेत्र में नवोन्नत प्रगति करके इससे संबंधित खाद्य उत्पादों के सबसे बड़े विक्रेता, निर्यातक व लाभार्जक के रूप में भारत की स्थापना अवश्य हो सकती है, क्योंकि दुनिया में बढ़ते स्वास्थ्य संकट, कृत्रिम व रसायनमिश्रित खाद्यान्नों की प्रचुरता से विश्व के लोग दुःखी हैं। वे किसी भांति, कहीं से भी प्राकृतिक खाद्यान्न चाहते हैं। अतः इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं।

**विकेश कुमार बडोला**

खबरें फटाफट

## थाना रसूलाबाद कानपुर देहात में खेतों में खाद डालने जा रहे किसान की नहर में गिरकर हुई मौत



कानपुरः बीतें दिन 1-9-25 दिन सोमवार को रसूलाबाद कानपुर देहात के ढकपुरवा पोस्ट जोत थाना रसूलाबाद के रहने वाले गोविन्द सिंह पुत्र राजा सिंह की नहर में गिर कर मृत्यु हो गई। जानकारी अनुसार बीत दिन मृतक गोविन्द सिंह अपने 45 वर्षीय पुत्र पिन्टू संग खेत पर खाद बुआई के लिए जा रहे थे। रास्ते पर पुल के डिवाइडर से पैर फिसला तो वह नहर में जा गिरे। घर वालों ने उनको नहर में कूद कर बहुत खोजा लेकिन उन लोगों ने नहीं खोज नहीं पाने पर निराश होकर थाने पर सूचना दी।

आज दिनांक 03/9/25 को चाट निवादा झाल में मृत अवस्था में एक लाश की सूचना पर तिसती चौकी प्रभारी राजेश कुमार और कांस्टेबल केशव यादव और सूर्य सेन ने मौके पर पहुँचे। बॉडी को नहर से बाहर निकलाया और उनके घर वालों को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक की शिनाख्त की घर वाले तीन दिन से बहुत परेशान थे वह नहर में जगह-जगह ढूंढ रहे थे मगर आज मृत अवस्था में देख उन्होंने मृतक की शिनाख्त कर ली है। पुलिस द्वारा विधिक कार्य वाही की जा रहीं हैं। मौके पर कानून व्यवस्था कायम है।

## गणपति बप्पा जी का विसर्जन बड़े ही धूम-धाम से किया जाएगा



कानपुर,ग्वालटोली स्थित अहिराना में प्रथम गणेश महोत्सव का आयोजन पूरे भक्तिभाव से किया जा रहा है जिसकी स्थापना 27 अगस्त 2025 को हुई वही विधि-विधान से गणेश प्रतिमा की स्थापना के बाद लगातार भजन-कीर्तन के कार्यक्रम हो रहे हैं। वही बुढ़वा मंगल के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ व श्री राधा कृष्ण,बाबा भोलेनाथ की सुंदर झाकियां कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई वही तीन सितम्बर को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ एवं चार सितंबर 2025 को बड़े ही धूम-धाम से विसर्जन किया जाएगा। जिसमें आए हुए सभी शहर के गणमान्य अतिथियों का समिति ने पटका पहना कर सम्मान किया गया। वही अनिल कुमार वर्मा ने कहा गणेश जी की ज्योति से नूर मिलता है सबके दिलों को जरूर मिलता है जो भी जाता है गणेश जी के द्वारा कुछ ना कुछ जरूर मिलता है इसी के साथ गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया इस अवसर पर नीरज यादव,आजाद वर्मा,आदर्श सोनकर,शुभम यादव,बंटी, हिमांशु,दीपांशु,सूरज वर्मा,सुशील वर्मा,एकलव्य वर्मा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# टेक्नोलॉजी मनुष्य के लिए वरदान, टेक्नोलॉजी का उपयोग मानवता व देश हित में होना चाहिए : मुख्यमंत्री

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि टेक्नोलॉजी मनुष्य के लिए वरदान है। टेक्नोलॉजी का उपयोग मानवता व देश हित में होना चाहिए। आई0आई0टी0 कानपुर का गौरवशाली इतिहास रहा है। लगभग 06 दशकों में आई0आई0टी0 कानपुर ने देश में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। मुख्यमंत्री जी आज जनपद कानपुर नगर में आई0आई0टी0 कानपुर में उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम 'समन्वय' में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स, साइबर सुरक्षा तथा सस्टेनिबिलिटी आदि महत्वपूर्ण विषयों से सम्बन्धित अलग-अलग टेक्निकल सेशन आयोजित किये जाएंगे। सामान्य नागरिक, समाज, देश और दुनिया इन विषयों को लेकर संवेदनशील है।

मुख्यमंत्री जी ने इण्डस्ट्री से जुड़े डेलीगेट्स व लीडर्स से कहा कि उन्हें अपने मुनाफे का बड़ा हिस्सा इनोवेशन, रिसर्च एण्ड डेवलपमेण्ट में उपयोग करना चाहिए। आई0आई0टी0 कानपुर भारत का पहला डीप टेक भारत-2025 विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयास करे। यहां डीप टेक भारत से सम्बन्धित अच्छी समिट होनी चाहिए। इस उद्देश्य से जनपद गौतम बुद्ध नगर में लैंड अलॉट की गयी है। आई0आई0टी0 कानपुर को इस क्षेत्र में लीड करना चाहिए। इस कार्य में डी0आर0डी0ओ0, इसरो और अन्य संस्थाओं का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन्हें विगत दिनों नोएडा का ड्रोन टेक्नोलॉजी केन्द्र देखने का अवसर प्राप्त हुआ। वहां हमने देखा कि हमारा युवा किस प्रकार नये भारत की सामरिक चुनौतियों का मुकाबला कर रहा है। आई0आई0टी0 कानपुर इन चुनौतियों का सामना करने में युवाओं को सक्षम बना रहा है। कानपुर में मेड टेक का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बन रहा है। अगले वर्ष यह सेण्टर प्रदेश वासियों को उपलब्ध हो जाएगा। आज प्रतिस्पर्धा के समय में हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहने का प्रयास होना चाहिए, क्योंकि लोग अग्रिम पंक्ति में रहने वालों को ही याद रखते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज क्वॉण्टम कम्प्यूटिंग के क्षेत्र में भी आई0आई0टी0 कानपुर कार्य कर रहा है। यहां विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथमेटिक्स आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। मैथमेटिक्स की कर्माकर थ्योरी भारत के गणितज्ञ ने दी है। गणितज्ञ कर्माकर जी को आई0आई0टी0 कानपुर के साथ जोड़ने का प्रयास चल रहा है। वह क्वॉण्टम कम्प्यूटर से भी बेहतर कम्प्यूटर देने का सामर्थ्य रखते हैं। वह इस दिशा में यहां के विद्यार्थियों का काफी सहयोग कर सकते हैं। क्वॉण्टम कम्प्यूटर से बेहतर कम्प्यूटर बनाकर आप दुनिया को नया अनुभव प्रदान कर सकते हैं।

## 4 सितंबर 2025 को विधि-विधान से गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,अन्नपूर्णा मंदिर वाली गली पटकापुर स्थित 14वां गणेश महोत्सव का आयोजन श्री पटकापुर बाल सेवा समिति के द्वारा पूरे भक्तिभाव से चल रहा है। आयोजक मनीष सिंह ने बताया कि जिसकी स्थापना 27 अगस्त 2025 को हुई थी वही 31 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ व 4 सितंबर 2025 को बड़े ही धूम-धाम से विसर्जन किया जाएगा। वही विधि-विधान से गणेश प्रतिमा की स्थापना के बाद लगातार भजन-कीर्तन के कार्यक्रम हो रहे हैं। वही बुढ़वा मंगल के अवसर पर सुंदरकांड का भव्य आयोजन हुआ जिसमें आए हुए सभी शहर के गणमान्य अतिथियों का मनीष सिंह ने पटका पहना कर सम्मान किया गया। वही मनीष ने कहा गणेश जी की ज्योति से नूर मिलता है सबके दिलों को जरूर मिलता है जो भी जाता है गणेश जी के द्वारा कुछ ना कुछ जरूर मिलता है इसी के साथ गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया और कहा कि श्री गणेश जी ने चाहा तो आगे भी इस तरह के आयोजन किए जाएंगे।

## अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की कार्यशाला में बोले श्रमिक नेता राकेश मणि-मातृत्व और सामाजिक सुरक्षा करे सरकार



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। महिलाओं की मातृत्व और सामाजिक सुरक्षा को लेकर सुरक्षा को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) भी बहुत चिंतित है। उसने आयोजित हुई कार्यशाला में प्रस्तावना 183 के तहत केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के साथ मिलकर इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार को भी भेजी है।

हिंद मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय महामंत्री और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठनके नेताओं में से एक राकेश मणि पांडे ने भेजी गई रिपोर्ट पर शीघ्र ही प्रभावी कदम उठाए जाने की मांग करते हुए बताया कि मजदूर और महिलाओं के हित में बहुत महत्वपूर्ण कार्यशाला में कामकाजी महिलाओं के मातृत्व सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए व्यवहारिक कथनों पर सहमति बनाने के लिए सभी केन्द्रीय श्रमिक संगठन एक साथ आये हैं। जो कि संयुक्त अनुसंशा इस मुद्दे को राष्ट्रीय एजेण्डा में बनाये रखने के लिए सामाजिक संवाद को गहरा करने और व्यवहारिक सुरक्षा में सुधार सम्बन्धित हित धारकों के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यशाला के दौरान मातृत्व सुरक्षा के मुख्य तथ्यों, छुट्टी, नगद, एवं चिकित्सा लाभ, कार्य स्थल सुरक्षा, रोजगार संरक्षण स्तन पान सहायता के बारे में समझ और विचार किये जाने की जानकारी देते हुए

नेशनल फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन (एन एफ आई टी यू) के केन्द्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश के महामंत्री वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में औपचारिक व अनौपचारिक श्रमिकों तथा भारत में काम करने वाले कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले मुख्य स्थितियों पर भी चर्चा करने के साथ ही सी-183 अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के पारित सम्मेलन पर कार्यवाही व संवाद को जारी रखने का प्रयास किया गया।

उन्होंने बताया कि इस सार्थक प्रयास में आईएलओ कनवेन्सन 183 के अनुसमर्थन को बढ़ावा, और कानूनी अन्तर विश्लेषण से समावेशी मातृत्व सुरक्षा में दबाव डालना तथा प्रगति में निगरानी करना ,राज्य व केन्द्र सरकार के स्तरों पर एकीकृत आवास सुनिश्चित किया जाना, निर्माण घरेलू कार्य, गिग/प्लेटफार्म कार्य तथा राज्य व मंत्रालय

# निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श हेतु चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) मुख्यालय में आज दिनांक 03.09.2025 को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर के समन्वय से निगम प्रबंधन द्वारा निगम के अधिकारियों / कर्मचारियों एवं मैनपॉवर संस्था के माध्यम से कार्यरत कामगारों के निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श हेतु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर की अध्यक्ष महोदया डॉ. नंदिनी रस्तोगी, चेयरमैन सामुदायिक सेवा डॉ. वी.सी. रस्तोगी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सचिव डॉ. विकास मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए 1*

मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. नंदिनी रस्तोगी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम मिश्रा, फिजीशियन डॉ. अंबिका प्रसाद, डॉ. पी.के. माथुर एवं डॉ. आर.के. निगम, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अवध दुबे, वरिष्ठ सर्जन डॉ. एस.के. मिश्रा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अवधेश शर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. के.के. त्रिपाठी एवं डॉ. संजय रस्तोगी, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. डी.पी. शिवहरे , नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. काजल अग्रवाल। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर की अध्यक्ष महोदया डॉ. नंदिनी रस्तोगी, चेयरमैन सामुदायिक सेवा डॉ. वी.सी. रस्तोगी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सचिव डॉ. विकास मिश्रा,महाप्रबंधक वित्त, प्रशासन, सामग्री प्रबंधन, परियोजना श्री अतुल रूस्तगी, महाप्रबंधक / इंचार्ज (संचालन / सी.वी.ओ.) श्री अजय चौधरी, महाप्रबंधक / इंचार्ज (विपणन, अभिकल्पन, एवं सूचना प्रौद्योगिकि) श्री विवेक द्विवेदी उप-महाप्रबंधक सामग्री प्रबंधन श्री आलोक ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया गया एवं संचालन श्री आशीष सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक व प्रशासन), श्री आर.के. मिश्रा, प्रबंधक (कार्मिक व प्रशासन) द्वारा किया गया।

## विसर्जन में उत्साह का संगम देखने को मिला



कानपुर,गणेश महोत्सव के सातवें दिन मंगलवार को शहरभर में श्रद्धा और उत्साह का संगम दिखा। कैंट स्थित मैस्कर घाट पर गणपति बप्पा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से हुआ। भक्तों ने पूरे परिवार संग पहुंचकर गणपति बप्पा को विदा किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज,आतिशबाज़ी और 'गणपति बप्पा मोरया,अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। विसर्जन स्थल पर सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## हैलट में फैला कुत्तों का साम्राज्य, हैलट आए तो रैबीज का इंजेक्शन साथ लाए



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कालेज से सम्बंद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय ( हैलट) में अब मरीज अगर ओपीडी में दिखाने आए तो पहले रैबीज का इंजेक्शन जरूर साथ लेकर आए नही तो हैलट में तैनात कुत्ते इस कदर आपकी सेवा करेंगे की आप फिर ओपीडी आने के लिए कई बार सोंचेंगे।

जी हां तस्वीर बता रही है कि तरह से हैलट की ओपीडी में स्ट्रीट डॉग का कब्जा हो गया है। यहीं नही ऐसे ही हालात जच्चा बच्चा अस्पताल के भी है जहां आपको कुत्ते आराम फरमाते हुए आसानी से मिल जायेंगे। हैलट की ओपीडी में घूमते यह कुत्ते कब किसको अपना शिकार बना ले यह कोई नही कह सकता है। सीएमएस से लेकर एसआईसी तक राउण्ड करते है ,लेकिन उन्हें शायद यह घायल करने वाले जीवित उपकरण नही दिखाई दे ते है जिसके चलते कभी भी मरीज या तीमारदार इन हैलट मे तैनात कुत्तो के शिकर या कोपाभाजन के शिकार हो सकते है। हैलट अस्पताल के शायद कोई ऐसया विभाग होगा जहां इन कुत्तो का सामराज्य न चलजा हो ,लेकिन न तो हाउस कीपिंग ही इस ओर ध्यान केन्द्रीत करते है और न ही अधिकारी। अस्पताल के कई कोनो में ऐसे कुत्ते सोते हुए मिल जायेगें।

हैलट विभाग में एक्स-रे फिल्म खतम होने से कई मरीजो के एक्स-रे रोक दिए गए। एक्स-रे न होने से मरीज काफी परेशान दिखे। विभाग कर्मी ने बताया कि बुधवार को फिल्म खत्म हो गई और बजट भी नही मिला जिसके चलते एक्स-रे नही हो पा रहे है। हांलकि मंगलवार तक एक्स-रे फिल्म बची हुई थी, लेकिन बुधवार को स्टॉक में फिल्म खत्म हो गई। फिल्म खत्म होने से मरीज बाहर जाने को मजबूर हो गए।

आज का राशिफल
ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

मेष : व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

वृष : सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्घि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे।

कर्क : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

सिंह : शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

कन्या : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

तुला : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

वृश्चिक : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

धनु : सुख आरोग्य प्रभावित होगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा।

मकर : स्वविवेक से कार्य करें। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

कुंभ : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

मीन : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने बांटी 05 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 20 ब्रेल किट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर नगर, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल योजना एवं कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत आज माननीय विधायक गोविंद नगर, श्री सुरेंद्र मैथानी ने 05 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 18 दिव्यांग बच्चों को ब्रेल किट, 08 दिव्यांग बच्चों को कान की मशीन तथा 05 दिव्यांगजनों को बैसाखी वितरित की। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्री विनय उत्तम ने मुख्य अतिथि श्री सुरेंद्र मैथानी का बुके एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक श्री सुरेंद्र मैथानी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील है और उन्हें समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन जहां भी मेरी आवश्यकता महसूस करें, मुझे याद करें, मैं सदैव उनकी सेवा के लिए तत्पर रहूंगा। सरकार दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है।

इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्री विनय उत्तम ने सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा दिव्यांगजन विवाह पुरस्कार योजना के अंतर्गत यदि दोनों पति-पत्नी दिव्यांग हों तो 35,000 रुपये की धनराशि प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त स्वरोजगार हेतु दुकान संचालन के लिए 10,000 रुपये, दुकान निर्माण के लिए 20,000 रुपये, दिव्यांग पेंशन हेतु प्रति माह 1,000 रुपये तथा कुष्ठावस्था पेंशन हेतु 3,000 रुपये की धनराशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि जो दिव्यांगजन ट्राईसाइकिल या अन्य योजनाओं का लाभ लेना चाहते हैं, वे तत्काल विभाग से संपर्क कर सकते हैं। अंत में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने माननीय विधायक जी को अपनी विधायक निधि से प्रति लाभार्थी विभागीय अनुदान 25,000 रुपये के अतिरिक्त आने वाले व्यय भार हेतु 05 दिव्यांगजनों के लिए धनराशि उपलब्ध कराने पर विभाग की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी श्री विनय उत्तम, विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र कुमार, जिला कार्यालय से प्रशांत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव न लड़ने वाले पंजीकृत राजनैतिक दलों की सुनवाई की

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने प्रदेश के पते पर पंजीकृत ऐसे राजनैतिक दल जो विगत छः वर्षों से प्रत्यक्ष रूप से लोक सभा एवं विधान सभा के चुनाव में प्रतिभाग नहीं कर रहें थे उनके प्रतिनिधियों के साथ बुधवार दिनांक 03 सितम्बर, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में सुनवाई की। उन्होंने प्रत्येक दल द्वारा प्रस्तुत किए गए अंशदान रिपोर्ट,वार्षिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरण जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया और सभी दलों के मोबाइल नंबर,पंजीकरण संख्या,वर्तमान पता व ईमेल की भी जांच की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा ऐसे दलों के प्रतिनिधियों को अपना प्रत्यावेदन,शपथपत्र एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ सुनवाई के दौरान कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। उन्होने सुनवाई के लिए प्रदेश के पते पर पंजीकृत 121 राजनैतिक दलों को कारण बताओं नोटिस जारी किया था, इसमें से 03 सितम्बर को 51 राजनैतिक दलों को सुनवाई के लिए बुलाया गया था,जिसमें से 17 पंजीकृत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सुनवाई में प्रतिभाग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 02 एवं 03 सितम्बर को की गयी सुनवाई में 121 राजनैतिक दलों में से 55 राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत किया।

सुनवाई के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक दल को प्रतिवर्ष 30 सितम्बर तक अपनी अंशदान रिपोर्ट तथा 31 अक्टूबर तक अपने आय-व्यय की आडिट रिपोर्ट देना अनिवार्य है। इसी प्रकार लोकसभा चुनाव के बाद 90 दिनों में तथा विधानसभा चुनाव के बाद 75 दिनों में अपने आय व्यय का ब्योरा भी देना है। प्रत्येक दल को चंदे के रूप में प्राप्त 20 हजार रुपए से अधिक के अंशदान की रिपोर्ट देनी है। उन्होंने कहा कि सभी दलों के प्रतिनिधियों को अपनी पार्टी का ईमेल,मोबाइल नंबर तथा वर्तमान पता को अपडेट रखना होगा, जिससे कि आयोग के निर्देशों व अन्य तथ्यों की जानकारी को समय से उपलब्ध कराया जा सके।

बुधवार को हुई सुनवाई में गदर पार्टी प्रतापगढ़, नवचेतना पार्टी मैनपुरी, नवीन समाजवादी दल प्रयागराज, निस्वार्थ सेवा राष्ट्र सेवा पार्टी प्रयागराज, पूर्वांचल क्रांति पार्टी जौनपुर, राष्ट्रवादी इंसान पार्टी प्रयागराज, राष्ट्रवादी समाज पार्टी कानपुर नगर, राष्ट्रीय बंधुत्व पार्टी प्रयागराज, आम जन क्रांति पार्टी इटावा, राष्ट्रीय लोकतंत्र दल हापुड, राष्ट्रीय मानव विकास पार्टी अमरोहा, सामूहिक एकता पार्टी कानपुर नगर, सर्वप्रिय समाज पार्टी इटावा, सत्य शिखर पार्टी अयोध्या, यूथ सोशलिस्ट पार्टी मुरादाबाद, युवा अनुभव पार्टी गोरखपुर, भारतीय युवा स्वाभिमान पार्टी औरैया जिले में पंजीकृत राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का प्रवर्तन अभियान अवैध निर्माण सील

**कोई भी व्यक्ति बिना विधिवत स्वीकृति के भूमि उपविभाजन, प्लाटिंग अथवा निर्माण कार्य न करें**



नेशनल एक्सप्रेस अरशद

मुरादाबाद। नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग एवं अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा सतत प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निर्देशानुसार प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने जोन-3, सबजोन-14, थाना क्षेत्र सम्भल रोड अंतर्गत अवैध निर्माण के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की। प्रवर्तन कार्यवाही का विवरण क्रम विपक्षी स्थान क्षेत्रफल कार्यवाही इकराम ग्राम लालपुर, बस्तौर, सम्भल रोड, जोन-3, सबजोन-14 लगभग 700 वर्गमीटर अवैध निर्माण सील,स्थिति विपक्षी द्वारा बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के लगभग 700 वर्गमीटर भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। कार्यवाही प्रवर्तन दस्ते द्वारा नियमानुसार तत्काल प्रभाव से उक्त अवैध निर्माण को सील कर दिया गया। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण पुनः स्पष्ट करता है कि कोई भी व्यक्ति बिना विधिवत स्वीकृति के भूमि उपविभाजन, प्लाटिंग अथवा निर्माण कार्य न करें। अन्यथा ध्वस्तीकरण, सीलिंग एवं विधिक कार्यवाही तत्काल प्रभाव से की जाएगी। उत्तर प्रदेश के विकास प्राधिकरणों हेतु अधिसूचित 'मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन 2025' के अंतर्गत ही निर्माण कार्य कराया जाए। अन्यथा ऐसा कोई भी निर्माण अवैध माना जाएगा एवं उसके विरुद्ध विधिसंगत ध्वस्तीकरण, सीलिंग व अन्य कानूनी कार्यवाही की जाएगी। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का प्रवर्तन अभियान भविष्य में भी सख्ती, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ जारी रहेगा।

# न्यायालय के आदेश पर भूमि पर दलित को मिला था कब्जा

**लाठी लेकर कर रही रात दिन रखवाली**

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



ठाकुरद्वारा। मुस्लिम इंटर कॉलेज छात्रावास के सामने स्थित भूमि को लेकर न्यायालय में वाद दायर किया गया था। न्यायालय के आदेश पर 22 अगस्त को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइश के बाद भूमि पर कब्जा दिला दिया गया था। इस दौरान कॉलोनाइजर में विरोध किया लेकिन उसकी एक न चल पाई। नगर के मुस्लिम इंटर कॉलेज छात्रावास के सामने मुंडो वाली कॉलोनी के निकट स्थित भूमि को लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। भगवान देई आदि बनाम धर्मेंद्र सिंह आदि मुकदमे में न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को आदेशित किया था कि प्रतिवादीगण भूमि पर कब्जा करके प्लाटिंग या निर्माण कर सकते हैं इसलिए यथा स्थिति कायम रखते हुए अमीन कमीशन जारी कर दिया गया। न्यायिक कर्मियों की मौजूदगी में 22 अगस्त को तारबाड़ कर कब्जा दिला दिया गया था। इस कीमती जमीन पर भूमिया की नजर लगी हुई थी। माफिया ने तार बार उखाड़ फेंकी तो दलित महिला ने किसी तरह फिर से बार-बार लगवा ली लेकिन फिर से माफिया ने यह उखाड़ फेंका। विवश होकर दलित महिला चौकीदार के साथ अपनी जमीन पर दिन रात लाठी लेकर पहरा दे रही है। दलित महिला में पुलिस से गुहार लगाई है उस परेशान करने वाले माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रोजगार मिशन से संबंधित जिला कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत गठित जिला कार्यकारी समिति की प्रथम बैठक जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वप्रथम स्थानीय रोजगार बाजार की मांग का सर्वेक्षण कर लिया जाए। साथ ही स्थानीय नियोजकों, रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों तथा कुशल श्रमिकों का डाटा भी एकीकृत पोर्टल पर दर्ज किया जाए, इसके लिए क्यूआर कोड विकसित करके इसका व्यापक प्रचार प्रसार कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जनपद के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों, तकनीकी, व्यावसायिक तथा प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में प्लेसमेंट सेल स्थापित किए जाएं। इसके साथ ही इन संस्थानों में इस वर्ष हुए कैम्पस प्लेसमेंट में चयनित अभ्यर्थियों की सूची प्राप्त करने के भी निर्देश दिये। उन्होने उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन करने तथा सभी विभागों का सहयोग प्राप्त कर स्थानीय नियोजकों से सम्पर्क स्थापित करते हुए उन्हे रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित करने के निर्देश सहायक निदेशक सेवायोजन श्री रत्नेश चन्द्र को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, संयुक्त निदेशक उद्योग योगेश कुमार, उप निदेशक कृषि श्री संतोष द्विवेदी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में फरियादियों की समस्याएं सुनी, थाना स्तर पर निस्तारण के निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुरादाबाद। पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद कुमार रणविजय सिंह ने बुधवार को मुरादाबाद पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान आम जन की समस्याएं सुनी। इस जनसुनवाई में विभिन्न थानों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी सिटी ने जनसुनवाई के दौरान सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे थानों में महिला हेल्पडेस्क और जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं ताकि पीड़ितों को बार-बार पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि जो शिकायतें थाना स्तर पर निस्तारित की जा सकती हैं, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर, तय समय सीमा में और गुणवत्तापूर्वक किया जाना चाहिए। एसपी कुमार रणविजय सिंह ने स्पष्ट किया कि पुलिस की प्राथमिकता जनसेवा है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच संवाद स्थापित कर विश्वास को मजबूत करना है।

# बाइको के टकराने पर दो व्यक्तियों में मारपीट

ठाकुरद्वारा। बाइकों की मामूली भिड़न्त को लेकर दो व्यक्तियों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। बाद में दोनों पक्षों में फैसला हो गया।नगर के मोहल्ला छःराहा में नगर के वार्ड दस निवासी रफी और काशीपुर निवासी डिलीवरी बॉय सुहैल की वाइक आपस में टकरा गईं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई देखते-देखते मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। जहां पर बाद में दोनों पक्षों के बीच फैसला हो गया।

## खबरें फटाफट

### रेस्टोरेन्ट में हुए झगड़े में फायरिंग करने वाले आरोपी पिस्टल सहित किया गिरफ्तार



मुरादाबाद। वादी बब्बू राणा पुत्र अशोक कुमार राणा निवासी मण्डी बांस महल सराय मण्डी चौक थाना मुगलपुरा ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के भाई के साथ मारपीट कर ,उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से गोली मारने, जिससे वादी के भाई के पैर में गोली लगने से घायल हो जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा मुकदमा में गोली मारने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त बुधवार को आरोपी की पिस्टल ले जाने वाले प्रकाश में आये आरोपी सतीश पुत्र जीवाराम निवासी सेक्टर 02 बुद्धि विहार थानामझोला जनपद मुरादाबाद को एक पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया गया।

### मैराज बानो का आकस्मिक निधन पर दी श्रद्धांजलि

मुरादाबाद। बुधवार को उर्दु अनुवादक मैराज बानो वर्तमान तैनाती थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद का आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय मैराज बानो पुत्री मौ मंजूर निवासी मौ फैजगंज थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद की निवासी थी। जो दिनांक 01/05/1995 को उत्तर प्रदेश पुलिस में उर्दु अनुवादक के पद पर भर्ती हुई थी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं अन्य पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों द्वारा स्वर्गीय मैराज बानो के आकस्मिक निधन होने पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा दिवंगत के परिजनों को सांत्वाना दी गयी और दिवंगत के पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान भिजवाया गया।

# महिला ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

ठाकुरद्वारा। महिला ने पति पर गाली गलौच और मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र लेकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के फरीदनगर रोड निवासी एक महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसका पति आए दिन बिना किसी बात के उसके साथ गाली-गलौच और मारपीट करता रहता है। बुधवार की सुबह बह अपने घरेलू कामकाज में बिजी थी तभी उसके पति ने बिना किसी बात के उसके साथ गली-गलौच शुरू कर दी विरोध करने पर आरोपी ने उसे मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# गोकशी के आरोपियों को बिना कार्रवाही छोड़ने पर एसएसपी की सख्त कार्रवाही कोतवाल सहित 10 पुलिसकर्मी निलंबित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




मुरादाबाद। मुरादाबाद में गोकशी के आरोपियों को बिना कार्यवाही छोड़ने पर एसएसपी की सख्त कार्यवाही से कोतवाल सहित 10 पुलिसकर्मी निलंबित किए गए। आदेश के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।बड़ी कार्यवाही करते हुए थाना अध्यक्ष,चौकी प्रभारी, सब इंस्पेक्टर समेत 10 पुलिसकर्मी निलंबित किए गए। आरोपियों की कार से बरामद गौमांस पुलिसकर्मियों ने कर दिया था गायब,एसएसपी के मामला संज्ञान में आने पर 3 सीओ और एसओजी से कराई मामले की जांच तथा जमीन खुदवाकर मांस भी बरामद किया गया। एसएसपी ने तुरंत बड़ी कार्यवाही करते हुए 10 पुलिसकर्मी निलंबित किये। सभी के खिलाफ बिठाई जाँच। मंगलवार देर रात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, थाना पाकबड़ा मुरादाबाद उ0नि0 अनिल कुमार चौकी प्रभारी ग्रोथ सेन्टर, थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद.उ0नि0 महावीर सिंह, थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद मुख्य आरक्षी बंसत कुमार, थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद मुख्य आरक्षी धीरेन्द्र कसाना, थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद आरक्षी मोहित, थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद आरक्षी मनीष, थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद उ0नि0 तस्लीम, तैनाती यूपी-112 पी0आर0वी0, थाना पाकबड़ा, मुरादाबाद आरक्षी राहुल, तैनाती यूपी-112 पी0आर0वी0, थाना पाकबड़ा मुरादाबाद 10. आरक्षी चालक सोनू सैनी, तैनाती यूपी-112 पी0आर0वी0, थाना पाकबड़ा मुरादाबाद को पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही स्वेच्छाचारिता एवं अकर्मण्यता बरतने के गम्भीर आरोप में उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की दण्ड एवं अपील के प्राविधानों के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद द्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है।

# डीएम की अनुमति के बिना औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण नहीं कर सकेंगे अधिकारीः मंडलायुक्त



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुरादाबाद। मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय उद्योग बंधु की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। मंडलायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी विभागीय अधिकारी जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति और उद्योग विभाग के अधिकारियों को सूचित किए बिना उद्यम इकाइयों का निरीक्षण नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि उद्योगों के संचालन में उद्यमियों को अनावश्यक असुविधाओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए यह बेहद जरूरी है कि उद्यम इकाइयों के निरीक्षण के लिए व्यवस्थित प्रणाली लागू होनी चाहिए। रामगंगा नदी पर रामपुर को जोड़ने वाला एक ही सेतु है। इस सेतु पर किसी कारणवश जाम लगने की वजह से लोगों को आवागमन के दौरान काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सेतु निगम के अधिकारियों को एक अन्य सेतु के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देशित किया। रामगंगा नदी क्षेत्र को भी अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए मंडलायुक्त ने नगर निगम और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मंडल में मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए, इसके लिए उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

मंडलायुक्त ने डियर पार्क के संचालन के संबंध में पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति को लेकर समीक्षा की तथा वन विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को डियर पार्क के संचालन में आ रही रुकावटों को दूर कराने के निर्देश दिए।

डोलरा गांव निकट दलपतपुर में ड्राइपोर्ट परियोजना के लिए सड़क के चौड़ीकरण के सम्बन्ध में समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी ने बताया कि इस प्रकरण में प्रस्ताव तैयार कर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के लिए शासन को भेज दिया गया

# युवक पर चाकू से हमला कर घायल करने के आरोप में मुकदमा, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

**आरोप है कि नसीमा ने उसके पुत्र को अपने प्रेम प्रसंग में फंसा रखा था।**



ठाकुरद्वारा। नगर के वार्ड नंबर 3 में मंगलवार की दोपहर एक युवक लहुलुहान मिला था। गंभीर घायल को नगर के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था।जहां से उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था। घायल के पिता ने वार्ड नंबर 2 निवासी नाजिम और उसकी पत्नी नसीमा व अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है। बुधवार को फॉरेंसिक टीम ने नसीमा के घर पहुंच कर साथ्य जुटाए हैं।कोतवाली क्षेत्र के गांव शरीफ नगर निवासी शमशुलहक ने पुलिस को तहरीर देकर कहां कि उसका पुत्र मंगलवार की सुबह करीब 10:00 बजे अपने घर से ठाकुरद्वारा स्थित तेजस हॉस्पिटल आया था। दोपहर करीब 1:00 बजे उसे सूचना भी लेकर उसका पुत्र शहनवाज गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में है।सूचना पाकर जब वह अपने परिजनों के साथ सरकारी अस्पताल में पहुंचा तो देखा कि उसके पुत्र की गर्दन कटी है और हाथ की नशे भी कटी हुई हैं। हालत नाजुक देखकर सरकारी अस्पताल से हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। आरोप है कि उसके पुत्र का नसीमा पत्नि नाजिम निवासी मोहल्ला जमनावाला वार्ड नंबर 2 के घर आना जाना था। आरोप है कि नसीमा ने उसके पुत्र को अपने प्रेम प्रसंग में फंसा रखा था। उसने अपने पुत्र को काफी समझाया लेकिन नसीमा उसका पीछा नहीं छोड़ती थी। नसीमा का पति नाजिम सऊदी अरब से घर आया हुआ था। नसीमा के पति को प्रेम प्रसंग का पता चलने पर नसीमा और उसके पति ने नाजिम ने अपने परिवार के सहयोग से षड्यंत्र रचकर उसके पुत्र शहनवाज को धोखे से अपने घर बुलाकर उसकी हत्या करने की कोशिश की और घातक हथियारों से हमला कर गर्दन व हाथ की नसे काट दी।और मारपीट कर अपने घर के सामने डाल दिया। विद्युत की शिकायत पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज़ किया है।

# थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा नशा मुक्ति केन्द्र मे भर्ती युवक की गला रेतकर हत्या करने वाले 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। थाना सिविल लाइन्स पुलिस को सूचना मिली की थाना क्षेत्रांतर्गत जीवन उदय नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती एक व्यक्ति की वहां भर्ती एक अन्य व्यक्ति द्वारा गला रेतकर हत्या कर दी गई है। सूचना पर तत्काल क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स तथा थाना प्रभारी सिविल लाइन्स द्वारा उच्चाधिकारीगण को सूचना दी गई तथा मौके पर पहुंचे। जानकारी करने पर पता चला कि जीवन उदय नशा मुक्ति केन्द्र केसरी कुन्ज कॉलोनी रामगंगा विहार में भानु प्रताप सिंह पुत्र तेजवीर सिंह निवासी ग्राम जैगुआ खुर्द थाना रज़बपुर जनपद अमरोहा द्वारा इसी केन्द्र पर करीब 20 दिन पहले भर्ती हुए युवक अरुण पटेल पुत्र स्वर्गीय खमानी सिंह निवासी ग्राम चंदूपुर बिचपुरी थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली की अपने कमरे में गला रेतकर हत्या कर दी तथा कमरा बन्द कर खुद भी उसी कमरे में बैठ गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त भानु प्रताप को हिरासत पुलिस में लिया गया तथा मृतक के शव को बाद आवश्यक कार्यवाही के लिये पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। गिरफ्तार भानु प्रताप सिंह पुत्र तेजवीर सिंह निवासी ग्राम जैगुआ खुर्द थाना रज़बपुर जनपद अमरोहा अभियुक्त भानु प्रताप सिंह द्वारा पूछने पर बताया कि करीब 10 महीने पहले मेरे परिवार वालो ने मुझे इस नशा मुक्ति केन्द्र मे भर्ती कराया था, मुझे यहाँ घुटन महसूस हो रही थी, मैं नशा मुक्ति केन्द्र से बाहर जाना चाहता था। मैने अपने पापा से भी, मुझे यहाँ से निकालने के लिए कई बार कहाँ था।

परन्तु वह मेरी बात नही मानते थे और मुझे पैसे भी नही देकर जाते थे। मैंने 5-6 दिन पहले अरूण पटेल से भी अपने लिए उसके घर से पैसे मंगाने के लिए कहाँ था। परन्तु मेरे कहने के बावजूद भी अरूण भी अपने घर से मेरे लिए पैसे नही मंगवा रहा था। कल भी मेरे पापा मुझसे मिलने नशा मुक्ति केन्द्र आये थे लेकिन मेरे कहने पर भी मुझे पैसे नही देकर गये । जब अरूण पटेल मेरे कमरे मे आया तो मैने अरूण पटेल से भी अपने घर से रूपये मंगाने के लिए कहा तो अरूण पटेल ने भी अपने घर से मेरे लिए रूपये मगांने के लिए साफ मना कर दिया, इस बात पर मुझे अरूण पर बहुत गुस्सा आया तो मैने गुस्से मे अरूण पटेल के साथ मारपीट की, इसी दौरान खिडकी का कांच टूट गया और मैने कांच का टुकडा उठाकर उससे अरूण पटेल का गला काट कर हत्या कर दी।

# महिला पुलिस दल ने छात्राओं को दी जानकारी

भोजपुर। बुधवार को भोजपुर पुलिस महिला दल ने भोजपुर के विभिन्न मौहल्ला, चौराहा व कोचिंग सेंटर और स्कूलों में पहुंचकर घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।



# अखिलेश ने छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की



लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को उन वायरल वीडियो को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला, जिनमें पुलिसकर्मी छात्रों और कार्यकर्ताओं को कथित तौर पर पीटते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्तासीन लोग युवाओं को निशाना बनाकर अंदरूनी सत्ता संघर्ष में उलझे हुए हैं।

यादव ने 'एक्स' पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें से एक तस्वीर में पुलिसकर्मी विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों की पिटाई करते दिख रहे हैं जबकि दूसरी तस्वीर गोरखपुर में भाजपा और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की है।

यादव ने लिखा, "भाजपावाले इसी तरह बहलाते हैं पहले आपसी झगड़े में खुद ही पिटवाते हैं फिर दिखावटी माफी मांगने के लिए कान में फुसफुसाते हैं उसके बाद जख्मों पर बातों का मरहम लगाते हैं।"

उन्होंने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए लिखा, "छात्र पूछ रहे हैं 'मुख्य' पिटवा रहे हैं, 'उप' पिटों का हाल पूछने आ रहे हैं आख़िर ये मामला क्या है? छात्र कराहते हुए आपस में बुदबुदा रहे हैं कि 'या तो दोनों मिले हैं या भिड़े हैं।"

सपा प्रमुख ने कहा, "जानकार कह रहे हैं दरअसल ये सत्ताधारियों के बीच अपना वर्चस्व साबित करने की अंदरूनी लड़ाई है। ये 'परिषद' बनाम 'वाहिनी' के दो पाटों के बीच पिस रहे और पिट रहे लोगों का मामला है।" उन्होंने कहा, "इस ऐतिहासिक पिटाई और घर-घर तक पहुंच चुके 'घनघोर पिटाई के वीडियो' के बाद ये छात्र सोच रहे हैं कि अब किस मुंह से हम कहेंगे कि हम सत्ताधारी लोगों के खेमे के हैं।"

यादव ने लिखा, "इस पिटाई ने उनकी पोर-पोर ही नहीं बल्कि आंखें भी खोल दी हैं और अब वो भी कह रहे हैं, ये बात तो सच निकली कि 'भाजपा किसी की सगी नहीं है।" यादव ने भाजपा सरकार से घायलों का समुचित इलाज करवाने और 1-1 लाख का मुआवजा देने की मांग की।

यादव द्वारा साझा की गईं तस्वीरों में गोरखपुर की तस्वीरें शामिल हैं, जहां भाजपा और सपा कार्यकर्ता संपत्ति विवाद को लेकर भिड़ गए थे।

इसके अलावा, बाराबंकी में विरोध प्रदर्शन के दौरान वर्दीधारी पुलिसकर्मियों द्वारा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं समेत छात्रों की पिटाई का एक वीडियो भी वायरल हुआ है।

## युवा लेखकों को प्रोत्साहित व प्रकाशकों से जोड़ेगा राष्ट्रीय पुस्तक मेला: आयोजक

लखनऊ, (भाषा) राष्ट्रीय पुस्तक मेले का 22वां संस्करण बृहस्पतिवार को लखनऊ के बलरामपुर गार्डन में शुरू होगा। आयोजकों ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्देश्य युवा लेखकों को प्रोत्साहित करना व उन्हें प्रकाशकों से जोड़ना है।

उन्होंने बताया कि चार से 14 सितंबर तक चलने वाले इस 11 दिवसीय साहित्यिक आयोजन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष के आयोजन में नए लेखकों को प्रकाशकों से मिलने, प्रतिक्रिया प्राप्त करने और पुस्तक प्रकाशन के बदलते स्वरूप, जिसमें प्रिंट-ऑन-डिमांड मॉडल भी शामिल है, पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। मंगलवार को लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय पुस्तक मेले के संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने कहा कि मेले को आगंतुकों के लिए सुलभ और मनोरंजक बनाने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है।

# घाघरा नदी ने पकड़ी रफ्तार, जलस्तर खतरे के निशान से 37 सेंटीमीटर पार



● छोड़ा गया 3 लाख 79 हजार 582क्यूसेक पानी

गोंडा।जिले में घाघरा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 37 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है।जिसमें गिरिजा, शारदा और सरयू बैराज से 3 लाख 79 हजार 582 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।जिला प्रशासन व बाढ़ खंड विभाग ने सभी 28 बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है।घाघरा नदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर करनैलगंज व तरबगंज तहसील के तटीय इलाकों में विशेष निगरानी की जा रही है।राजस्व कर्मचारी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बाढ़ चौकियों पर तैनात किया गया है।

तटीय क्षेत्र के निवासियों को नदी के बढ़ते जलस्तर के बारे में सूचित किया जा रहा है।सिंचाई विभाग व बाढ़ खंड के अधिकारी लगातार तटबंधों का निरीक्षण कर रहे हैं और जहाँ समस्या सामने आ रही है उसका तत्काल समाधान किया जा रहा है।जिला मुख्यालय पर बने कंट्रोल रूम से भी निगरानी की जा रही है।ब्योंदा माझा गांव में पानी भर जाने से लोग नावों का उपयोग कर रहे हैं।ग्रामीण पशुओं का चारा लाने व आवागमन के लिए नावों पर आश्रित हैं।

नेपाल व बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण नदी का जलस्तर निरन्तर बढ़ रहा है।यदि यही स्थिति जारी रही तो गांवों की तरफ पानी बढ़ने की आशंका है।इससे स्थानीय लोगों की दैनिक गतिविधियां, बच्चों की शिक्षा और पशुपालन प्रभावित हो सकते हैंइस संबंध में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि नदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर हम लोग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर हैं और हमारी सभी बाढ़ चौकियां सक्रिय हैं।राजस्व विभाग के अधिकारी, पशुपालन विभाग के अधिकारी सहित बाढ़ खंड विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि नदी का पानी फिलहाल गांव के तरफ नहीं जा रहा है।जहाँ भी हमारी आबादी प्रभावित होगी वहाँ हम लोग तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराएंगे।सभी तटीय इलाकों में नाव की व्यवस्था की गयी है जिससे यदि मार्गों में पानी भर जाए तो ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत न हो।

# उच्च न्यायालय ने 4 मेडिकल कॉलेज में आरक्षित सीटों को लेकर उप्र सरकार की अपील पर फैसला सुरक्षित रखा



लखनऊ, (भाषा) इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने आंबेडकर नगर, कन्नौज, जालौन और सहारनपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में आरक्षित वर्ग के लिए 79 प्रतिशत से अधिक सीट आरक्षित करने संबंधी राज्य सरकार के आदेश को रद्द करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर चार सितंबर को फैसला आएगा।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा दायर विशेष अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें एकल न्यायाधीश पीठ के फैसले को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने राज्य सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दायर विशेष अपील पर यह आदेश पारित किया।

राज्य सरकार ने इस मामले में बहस करने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता जे एन माथुर और संजय भसीन के साथ-साथ अधिवक्ता सैयद मोहम्मद हैदर रिजवी सहित विशेष निजी वकीलों की एक टोली को नियुक्त किया था, जबकि लखनऊ पीठ में दस अतिरिक्त महाधिवक्ता मौजूद थे ताकि किसी भी तरह से आरक्षण बहाल हो सके।

वकीलों के समूह ने दलील दी थी कि उच्चतम न्यायालय ने इंदिरा साहनी मामले में प्रवेश में पचास प्रतिशत से अधिक आरक्षण कोटा की अनुमति दी थी। इसके पहले न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की पीठ ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) अभ्यर्थी सबरा अहमद द्वारा दायर एक याचिका पर पिछले बृहस्पतिवार को फैसला दिया था।

नीट-2025 में 523 अंक और अखिल भारतीय रैंक 29,061 प्राप्त करने वाली याचिकाकर्ता ने दलील दी कि 2010 और 2015 के बीच जारी किए गए कई सरकारी आदेशों ने आरक्षण की सीमा को गैरकानूनी रूप से बढ़ा दिया।

याचिका में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इन कॉलेजों में राज्य सरकार के कोटे में 85-85 सीट हैं, लेकिन अनारक्षित वर्ग को केवल सात सीट आवंटित की जा रही हैं। इसे उस दीर्घकालिक सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन बताया गया कि आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। राज्य सरकार ने एकल पीठ के फैसले को दो न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष विशेष अपील में चुनौती दी है।

# एडेड कालेजों में नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी का आरोप



● स्वयं प्रकाश शुक्ला सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

गोंडा। जिले में एडेड जूनियर स्कूलों में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी व फर्जीवाड़ा किये जाने का एक और मामला सामने आया है जहां पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर बालक भगवान कालेज के पूर्व चर्चित लिपिक स्वयं प्रकाश शुक्ला व दो अन्य के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।इससे पहले भी नौकरी लगवाने के नाम पर ही ठगी को लेकर स्वयं प्रकाश शुक्ला के खिलाफ जिले के दो अन्य थानों में भी मुकदमा दर्ज हो चुका है।

मामले में पीड़ित रमेश कुमार मौर्य ने बताया कि स्वयं प्रकाश शुक्ला ने एडेड जूनियर स्कूल में शिक्षक की नौकरी दिलाने का वादा किया था।वर्ष 2018 में रमेश कुमार मौर्य ने अपने ड्राइवर उमाशंकर जायसवाल की मदद से स्वयं प्रकाश को 6 लाख रुपए दिये तथा शेष 4 लाख रुपए लेखाधिकारी अवधेश कुमार शुक्ला के खाते में जमा कराया गया।रमेश ने कर्ज लेकर व पत्नी के गहने बेच कर यह धनराशि इकट्ठा किया था।

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने दो महीने में नौकरी दिलाने का वादा किया था और नौकरी न मिलने की स्थिति में ब्याज सहित पैसे लौटाने का भी वादा किया था।इसके बाद लम्बे समय तक न तो नौकरी मिली और न ही पैसे वापस हुए।

शिकायत के बाद स्वयं प्रकाश शुक्ला ने सुलहनामे में 10 लाख रुपए लेने की बात स्वीकार किया।उन्होंने अभी तक मात्र 4 लाख रुपये किश्तों में वापस किया है।वहीं इस संबंध में पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने कई अन्य बेरोजगार युवाओं से भी धोखाधड़ी की है।

पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों के विरुद्ध जल्द ही कार्यवाही की जाएगी।वहीं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच कराई जा रही है।

जांच के आधार पर मामले में विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके पूर्व भी स्वयं प्रकाश शुक्ला के विरुद्ध जिले के दो अलग अलग थानो. में मुकदमा दर्ज हो चुका है उसकी भी जांच की जा रही है।

## बाढ़ प्रभावित ग्राम बहादुरपुर में राहत सामग्री का विवरण किया गया



गोण्डा।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर तहसील तरबगंज के अंतर्गत आने वाले बाढ़ प्रभावित ग्राम बहादुरपुर में आज बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण किया गया। हाल ही में सरयू नदी के जलस्तर में कुछ वृद्धि के कारण क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिससे ग्रामीणों के दैनिक जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।

प्रशासन द्वारा समय रहते सक्रियता दिखाते हुए राहत कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में आज ग्राम बहादुरपुर में विशेष शिविर लगाकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री, पीने का पानी, दवाइयां, मच्छरदानी, सैनिटरी किट, जलरोधी तिरपाल व आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित की गईं।राहत सामग्री वितरण के दौरान उपजिलाधिकारी तरबगंज, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार तथा अन्य राजस्व व पंचायत विभाग के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा राहत सामग्री के वितरण की मॉनिटरिंग स्वयं की गई ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हर जरूरतमंद परिवार तक सहायता पहुँचे।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति के साथ है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि ग्रामीणों की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी समस्या को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए।

# स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी की जयंती मनाई गई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोंडा। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संविधान सभा के सदस्य, लेखक प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय पंडित कमला पति त्रिपाठी की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने कहा की 3सितंबर 1905को वाराणसी के प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार में जन्मे स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी जी 1921के सविनय अवज्ञा आंदोलन से सक्रिय हुए 1942के भारत छोड़ो आंदोलन में 3साल जेल की सजा हुई अंग्रेजी हुकूमत से ही असेम्बली के मेंबर रहे संविधान सभा के सदस्य रहे देश के विभिन्न मंत्रालयों के साथ ही रेल मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे महान विद्वान की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर हम अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह ने कहा स्वर्गीय त्रिपाठी आजादी आंदोलन से सक्रिय और आजीवन कांग्रेस विचारधारा पर रहे विधानसभा राज्य सभा लोकसभा के निर्वाचित सदस्य रहे वरिष्ठ पत्रकार और लेखक के साथ ही केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे महामनीषी को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। शिव कुमार दूबे, उपाध्यक्ष इरशाद अहमद, केटी तिवारी, अवधेश दूबे, महासचिव अरविंद शुक्ला, राजेश सिंह ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग के अर्जुन वर्मा ने स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता वाजिद अली, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सगीर खान उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, राजबहादुर सिंह, जावेद मारूफ, वेद प्रकाश सिंह, संतोष सिंह, महासचिव लक्ष्मी देवी प्रजापति, इश्तियाक खान ब्लॉक अध्यक्ष राम सिंह, धर्मराज सिंह, तारिक फारुकी, सेवादल के हरिराम वर्मा, वंशीधर वर्मा,छोटेलाल सत्यराम यादव एस पी शुक्ला, शहजादे मेवाती , जानकी देवी सहित तमाम कांग्रेस जनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

## भाजपा विधायक ने सपा के विरोध प्रदर्शन के दौरान अपनी बेटी के उत्पीड़न का आरोप लगाया

बलिया (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश की भाजपा विधायक केतकी सिंह ने समाजवादी पार्टी (सपा) की महिला शाखा की सदस्यों पर लखनऊ में स्थित उनके आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान उनकी नाबालिग बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया है।

सिंह ने दावा किया कि उनकी बेटी सदमे में है और लखनऊ में पढ़ाई जारी रखने को तैयार नहीं है। बलिया जिले के बांसडीह से भाजपा विधायक सिंह ने कहा कि बुधवार को हुई घटना के समय वह घर पर नहीं थीं। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराएंगी। सिंह द्वारा सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर अयोध्या और राम मंदिर पर की गई टिप्पणियों को लेकर किया गया था। सिंह ने इस सप्ताह की शुरुआत में अयोध्या और राममंदिर के बारे में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान को लेकर उनपर निशाना साधते हुए टिप्पणियां की थीं।

# मायावती ने कानपुर में शिवालय पार्क का प्रस्ताव रद्द करने का किया स्वागत, सरकार को दिया धन्यवाद



लखनऊ, तीन सितंबर (भाषा) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कानपुर के गौतम बुद्ध पार्क में शिवालय पार्क बनाने के विवादास्पद प्रस्ताव को रद्द करने के कथित फैसले का स्वागत किया और इस कदम के लिए प्रशासन को धन्यवाद दिया।

मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "कानपुर के प्रसिद्ध बुद्ध पार्क में शिवालय पार्क बनाने का यह अति-विवादित प्रस्ताव रद्द किये जाने की आज मीडिया में ख़बर छपी है, जिसका स्वागत व उत्तर प्रदेश सरकार को इसके लिये धन्यवाद भी है।"

उन्होंने इसी पोस्ट में कहा, "उम्मीद है कि सरकार आगे अन्यत्र कहीं भी ऐसा कोई विवाद खड़ा करने के षडयंत्र को गंभीरता से लेकर इसके विरुद्ध सख़्ती करेगी ताकि समाज में शांति-व्यवस्था, आपसी भाईचारा एवं सौहार्द का वातावरण बिगड़ने ना पाये।"

बसपा अध्यक्ष ने इससे पहले 31 अगस्त को एक पोस्ट में इस परियोजना पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने इसे 'पूरी तरह से अनुचित' बताया था और चेतावनी दी थी कि अगर इसे नहीं रोका गया तो इससे अशांति और नफरत फैल सकती है।

दरअसल, कानपुर नगर निगम ने गौतम बुद्ध पार्क के भीतर 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृतियों वाले पार्क के निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपये की योजना पेश की थी। उसके बाद से ही विवाद खड़ा हो गया था। गौतम बुद्ध पार्क बौद्धों और आंबेडकरवादियों की आस्था का प्रतीक माना जाता है।

इस कदम का आजाद समाज पार्टी के प्रमुख और सांसद चंद्रशेखर आजाद सहित विभिन्न दलित नेताओं ने कड़ा विरोध किया और कहा कि यह भगवान बुद्ध और डॉ. भीम राव आंबेडकर द्वारा प्रस्तुत धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को कमजोर करता है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को किया जागरूक




● महिला कल्याण विभाग द्वारा दूसरे दिन भी आयोजित किया कार्यक्रम

गोण्डा। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित किये जा रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, परसपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं व महिलाओं को पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, सखी निवास, पीएम मातृत्व वंदना योजना जैसे सरकारी संसाधनों की जानकारी देना था। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देकर ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। जागरूकता ही सबसे बड़ा अस्त्र है एवं सशक्तिकरण की शुरुआत जानकारी से होती है।

सेंटर मैनेजर चेतना सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि हर महिला को यह समझाना है कि वो इनसे कैसे लाभ उठा सकती है। जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने कहा कि सरकार की कई योजनाएं महिलाओं के लिए चलाई जा रही हैं, जरूरत है उन्हें सही माध्यम से पहुंचाने की।

जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने कहा कि बेटियों को शुरू से ही अपने अधिकारों के प्रति सजग करना ज़रूरी है एवं 1098 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर को विषम परिस्थिति के लिए उपयोग में लाने के लिए अवगत कराया गया ताकि संकट के समय में सही उपयोग किया जा सके। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डन नीलम सिंह, सुषमा पाल, अंजू वर्मा, प्रिया सिंह, ज्योति कुमार, आरती, नीलम शुक्ला, इन्द्र वर्मा सहित कई शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# यूपी रेरा ने अनधिकृत खातों में भुगतान लेने वाले बिल्डर पर कसा शिकंजा




लखनऊ, तीन सितंबर (भाषा) उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने कुछ 'डेवलपर' (बिल्डर) द्वारा घर खरीदारों से भुगतान की राशि अनधिकृत खातों में जमा कराये जाने पर चिंता जताते हुए आवंटियों से ऐसे उल्लंघन के मामलों की तुरंत सूचना देने का आग्रह किया है।

यूपी रेरा ने कहा कि बिल्डर की ऐसी अनियमितता न सिर्फ नियामक द्वारा की जाने वाली निगरानी को कमजोर करती है बल्कि घर खरीदारों को वित्तीय जोखिम में भी डालती है। नियामक ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक सुविधा शुरू की है। अगर कोई बिल्डर अनधिकृत खाते के अलावा किसी अन्य खाते में भुगतान राशि लेता है तो आवंटी वेबसाइट पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ''कुछ बिल्डर इस प्रणाली का दुरुपयोग कर रहे हैं, जो अस्वीकार्य है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।''

रेरा के नियमों के तहत, बिल्डर को अपनी हर परियोजना के लिए बताये गये बैंक खाते में ही भुगतान प्राप्त करना होता है और प्रचार सामग्री तथा खरीदार के दस्तावेजों में इस जानकारी का खुलासा करना होता है।

यूपी रेरा ने कहा कि इस खाते में एकत्रित धनराशि का 70 प्रतिशत प्रतिदिन एक 'एस्क्रो खाते' में स्थानांतरित किया जाता है और इसका उपयोग केवल परियोजना विकास के लिए किया जाता है, जिससे उस परियोजना का समय पर पूरा होना और वितरण सुनिश्चित होता है।

'एस्क्रो खाता' एक सुरक्षित, अस्थायी तृतीय-पक्ष खाता है जिसमें कुछ शर्तें पूरी होने तक धन या संपत्ति रखी जाती है जिससे लेनदेन में शामिल पक्षों को धोखाधड़ी या जोखिम से सुरक्षा मिलती है। एक तटस्थ मध्यस्थ यानी 'एस्क्रो एजेंट' इस खाते का प्रबंधन करता है।

नियामक ने कहा कि इन दिशानिर्देशों के बावजूद बिल्डर द्वारा भुगतान की राशियों को अन्य बैंक खातों में लिये जाने के कई मामले सामने आए हैं। इसी वजह से नियामक निगरानी को मजबूत करने के लिए रिपोर्टिंग सुविधा शुरू की गई है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगमों में 12 घंटे का विशेष अभियान



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर विकास विभाग के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों में स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं और जन-जागरुकता के लिए 12 घंटे का विशेष अभियान चलाया गया। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

बयान के अनुसार यह पहल स्वच्छ भारत मिशन और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों के अनुरूप स्थानीय समस्याओं का समाधान करने और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई। यह अभियान न केवल लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने में सफल रहा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को भी मजबूत करता है। बयान के अनुसार लखनऊ नगर निगम ने सभी आठ जोनों में 32 कर वसूली और शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए। इन शिविरों में 1,365 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया और एक दिन में ल2.30 करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ। गोरखपुर नगर निगम ने दुकानदारों को कपड़े के थैले वितरित किए। इसके अलावा एकल इस्तेमाल प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया गया।

वाराणसी में नगर निगम की टीम ने भरत मिलाप कॉलोनी और महेश नगर कॉलोनी के 86 घरों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया।

मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने मछली फाटक के 15 साल पुराने कूड़ा ढलाव घर को पूरी तरह हटाकर उसका सौंदर्यीकरण किया।

# चार धाम व बारह ज्योतिर्लिंग की पैदल यात्रा पूरी कर टूंडला लौटे आदित्य सिकरवार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



● भक्ति व अदम्य साहस का प्रतीक आदित्य सिकरवार ने पूरी की यात्रा, फूलमाला व पगड़ी पहनाकर किया सम्मान

टूंडला। नगर टूंडला के धर्मपरायण और सेवा भाव से सम्पन्न आदित्य सिकरवार ने हाल ही में चैत्र नवरात्रि में लिया गया चार धाम एवं बारह ज्योतिर्लिंग पैदल यात्रा का संकल्प सफलतापूर्वक पूर्ण किया। आज नगरवासियों ने उनका भव्य स्वागत कर उन्हें फूलमाला, शॉल और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया

विगत चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि को बिना किसी धनराशि के, सिर्फ भक्ति और इच्छाशक्ति के बल पर आदित्य सिकरवार ने भारत के चारों कोनों में स्थित चार धाम और बारह ज्योतिर्लिंग की यात्रा शुरू की। इस कठिन यात्रा में उन्होंने भक्तों के सहयोग और प्रभु कृपा से हर चुनौती का सामना किया। आदित्य ने बताया कि यात्रा के दौरान कई बार उन्हें राह, भोजन और रहने की चिंता हुई, लेकिन देशभर के भक्तों ने आश्रय, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर उनकी मदद की। उन्होंने अपनी यात्रा को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स – फेसबुक, इंस्टाग्राम और यू ट्यूब – के जरिए अपने फॉलोवर्स के साथ साझा किया।

त्रा के अनुभव को साझा करते हुए आदित्य ने कहा, "जब आप सब कुछ भगवान पर छोड़ देते हैं तो भगवान भी आपका ध्यान रखते हैं। यात्रा कठिन अवश्य थी, लेकिन लोगों से मिले असीम प्रेम और सहयोग ने इसे सुगम बनाया। कई आध्यात्मिक अनुभव भी हुए, जिन्हें मैं नगरवासियों के साथ साझा करूंगा।

रवि सक्सेना, चित्रांश, गोविंद नौहवार, जॉन्टी, प्रशांत शर्मा, जसवंत सिंह, महिपाल सिंह, गुंजन श्रीवास्तव, निक्की श्रीवास्तव, मुकेश पचौरी, धीरेन्द्र सिंह, विवेक श्रीवास्तव, रोहित जैन, गद्दू जैन, चंदू जैन, गुरदीप नौहवार, अंकुर मिश्रा, कौशलेंद्र, उमेश, जुनेद, भजन लाल, विक्रम, गुड्डू, दिनेश सिकरवार, वैभव श्रीवास्तव, रजत पाठक, दुष्यंत जादौन, निर्मल, अभिषेक पचौरी, सुनील पाठक, सोनू सिकरवार, राहुल सिकरवार, अमित सिकरवार, जगवीर सोलंकी, जितेंद्र जुरैल, सुमित यादव, राकेश नौहवार, कार्तिक नौहवार, गौरव आदि मौजूद रहे।

## करोड़ों की वाणिज्यिक भूमि पर स्टाम्प चोरी का आरोप, जांच की मांग

फिरोजाबाद । मैन रोड स्थित स्टेशन रोड पर स्थित वाणिज्यिक भूमि के मामले में उपनिबंधक तहसील टूण्डला में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रवीन चंद्र जैन की संपत्ति पर वर्षों से आदित्य पैराडाईस नाम से मैरिज होम चलाने वाले उनके पौत्र आदित्य जैन ने भूमि का दानपत्र दो भागों में बनवाकर पंजीकरण कराया। शिकायत में कहा गया है कि संपत्ति का वास्तविक मूल्य लगभग 14 करोड़ रुपये है, लेकिन दानपत्र पंजीकरण के समय स्टाम्प शुल्क मात्र 5 हजार रुपये लगाया गया। आरोप है कि इस चालाकी से सरकार को भारी राजस्व हानि हुई। संपत्ति में कई पक्के कमरे, लेट्रिन, बाथरूम, सीढ़ियाँ और बड़ी बाउंड्रीवाल बनी हुई हैं। चूंकि जमीन स्टेशन रोड पर है, इसलिए यह वाणिज्यिक भूमि की श्रेणी में आती है। शिकायत में उपनिबंधक से स्थल निरीक्षण कर संबंधित लोगों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# फिरोजाबाद प्रेस क्लब के प्रयास से पत्रकार एवं पुलिस की गोष्ठी का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



**फिरोजाबाद** । प्रेस क्लब फिरोजाबाद ने प्रयास पर बुधवार को एसएसपी सभागार में पुलिस तथा पत्रकारों के मध्य एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के साथ साथ पुलिस के अन्य आलाधिकारियों के साथ साथ साथ-साथ बड़ी संख्या में प्रेस क्लब की टीम से जुड़े पत्रकारों ने भाग लिया।

इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा , महासचिव राहुल चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान, संगठन मंत्री धर्मेंद्र कुमार सिंह , कोषाध्यक्ष कृष्ण पोरवाल आदि के साथ साथ ने अन्य कई पत्रकारों पत्रकारों क्षेत्र में पत्रकारों को होने वाली असुविधाओं तथा पुलिस का पत्रकारों के प्रति व्यवहार आदि पर चर्चा की गई । उन्होंने कहा कि आपसी तालमेल से जनसमस्याओं का समाधान और अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने कहा कि पत्रकार और पुलिस, दोनों समाज की बेहतरी के लिए अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। आपसी सहयोग से समाज में सकारात्मक वातावरण स्थापित किया जा सकता है।

एसएसपी महोदय ने पत्रकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने तथा जल्द जल्द ही तथ्यात्मक बिंदुओं पर अमल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल से कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकेगा।

गोष्ठी में मौजूद पत्रकारों और अधिकारियों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि मिलकर जनहित से जुड़े मुद्दों पर कार्य किया जाएगा। इस दौरान संगठन से जुड़े पत्रकारों ने बारी बारी सभी आलाधिकारियों का स्वागत सम्मान भी किया । वहीं इसी दौरान प्रेस क्लब के द्वारा राजीव गुप्ता , मयंक भटनागर, अमित गुप्ता आदि समाजसेवियों का भी स्वागत सम्मान किया ।

# पुलिस-मुठभेड़ में आरोपी सुमित दिवाकर घायल, अवैध तमंचा बरामद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



● थाना रसूलपुर क्षेत्र में फायरिंग मामले के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमले के बाद जवाबी कार्रवाई, आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया

फिरोजाबाद। 3 सितंबर 2025 को थाना रसूलपुर क्षेत्र में पुलिस और एक आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। यह कार्रवाई फायरिंग के एक मामले में आरोपी की तलाश के दौरान हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर दो विशेष पुलिस टीमें गठित की गई थीं।

एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नगला बरी चौराहे के पास देखा गया है। पुलिस टीम ने वहाँ चेकिंग अभियान चलाया। जब पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का इशारा किया, वह भागने लगा। पुलिस द्वारा घेराबंदी करने पर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी।

घायल आरोपी की पहचान सुमित दिवाकर के रूप में हुई, जो प्रेमनगर डाक बंगला थाना रसूलपुर का निवासी है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किए गए। उसे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना रसूलपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस आरोपी के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## डॉक्टरों ने नेत्र रोगों को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

शिकोहाबाद। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा दिवस पर लोगों को जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त चिकित्सालय में किया गया। जिसमें अस्पताल में आए मरीजों को राष्ट्रीय अन्धता एवं दृष्टि क्षीणता नियंत्रण के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमेश चन्द्र केशव ने किया। इस दौरान सीएमएस ने कहा कि नेत्र रोग कई तरह के होते हैं। कभी-कभी आखों में पानी आने लगता है, जलन होती है। इसके अलावा धीमे धीमे करके आंखों की रोशनी भी कम होने लगती है। ऐसे में हमें अपनी आखों को मसलना नहीं चाहिए बल्कि नेत्र चिकित्सक को दिखाकर सही सलाह एवं उपचार लें। वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ दीपक तिवारी ने कहा कि अक्सर आखों में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर लोग आखों को मसलते हैं।

# वन दर्शन: विभिन्न पौधों के बीच घूमकर विद्यार्थियों ने जाने प्रकृति के फायदे

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर



शिकोहाबाद । प्रकृति संरक्षण को समर्पित संस्था पर्यावरण मित्र ने बुधवार को श्रीबाँके बिहारीलाल भावना पब्लिक स्कूल माधौगंज के विद्यार्थियों को शिकोहाबाद स्थित पर्यावरण मित्र प्रयोगशाला में वन दर्शन कराया।

विद्यार्थियों को वन दर्शन में केचुआ खाद, नाड़ेप खाद एवं किचिन वेस्ट से खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को कचरा प्रबन्धन के माध्यम से गीले कचरे से खाद बनाना व सूखे कचरे को रिसाइकिल हेतु भंगार वाले को बेचने के बारे में बताया गया। जैविक खेती, जैविक सब्जी, मिश्रित वन के लाभ भी विद्यार्थियों को बताए गए। बागानों में लगे मौसमी व नीबू के फलों को उन्हें दिखाया गया । नर्सरी में उन्हें नये पौधे तैयार करने की विधि बताई गई। इसके उपरान्त विद्यार्थियों से कचरा प्रबन्धन एवं मिश्रित वन के लाभ पर स्वस्थ चर्चा की गई ।विद्यार्थियों को बताया गया कि यदि वे अपने घर से ही कचरे के पृथक्कीकरण अर्थात कचरे को अलग-अलग करें , तो गीले कचरे की खाद व सूखा कचरा कवाड़े वाले को बेचकर लाभ कमाया जा सकता है । विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए पर्यावरण मित्र संस्था द्वारा तैयार किए गए ' इतना तो करें ' के पम्पलेट भी विद्यार्थियों में वितरित किए गए । वन दर्शन कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य भावना यादव एवं शिक्षकों में भूरी सिंह, अतुल, सृष्टि, खुशी, वन्दना, अन्जू, अंजली, गीताजंली, मोहिनी एवं रिया मौजूद रहे ।

# राजेश भनावत ने बारावफात जुलूस के चलते पुलिस बल के साथ की पैदल गश्त



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर

जसराना। कस्बा पाढ़म में बीती रात आईपीएस राजेश भनावत ने थाना प्रभारी जसराना शेर सिंह, चौकी इंचार्ज पाढ़म अजय अवाना, संदीप कुमार व सुमित कुमार के साथ पुलिस फोर्स संग पैदल गश्त किया। यह गश्त मियाँ मोहब्बत शाह की दरगाह से शुरू होकर मेन बाजार, झंडा मैदान, मूले की बरी, पाढ़म बस अड्डा होते हुए दरगाह संदल शाह पर सम्पन्न हुई।

आईपीएस ने आगामी 5 सितम्बर (शुक्रवार) को निकलने वाले बारावफात जुलूस जो कि संदल शाह दरगाह से बस्ती होकर गुजरेगा की तैयारियों को लेकर मौके पर जानकारी ली और पुलिस-प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने चाक-चौबंद व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में शांति व्यवस्था भंग न हो।

## नगर के प्रतीक चौधरी बने राज्य स्कूनर चैंपियनशिप के विजेता

शिकोहाबाद । नगर शिकोहाबाद के प्रोफेसर स्व. राजपाल सिंह यादव के पौत्र एवम समाजसेविका शशीप्रभा यादव के बड़े बेटे प्रतीक चौधरी ने प्रयागराज में कई दिनों से चल रही राजा रामकुमार भार्गव स्मृति राज्य स्नूकर प्रतियोगिता में लखनऊ के आयुष मित्तल को 6-2 से हराकर स्नूकर चैंपियनशिप के विजेता बने और अपने जिले तथा नगर का नाम रोशन किया है । पिछले दोनों से चल रही उत्तर प्रदेश बिलियड्र्स एवं स्नूकर एसोसिएशन के तहत प्रयागराज क्यू स्पोर्ट्स एसोसिएशन (पीसीएसए) की ओर से हेस्टिंग रोड स्थित बैज बॉल स्नूकर अकादमी में फाइनल में आयुष ने पहला फ्रेम 67-0 से जीतकर 1-0 की बढ़त बनाई थी । इसके बाद प्रतीक ने अगले पांच ट्रॉफी के साथ विजेता व अन्य फ्रेम में जीत दर्ज की। आठवें फ्रेम में उन्होंने 30 -1 बाजी मारकर मुकाबले को 6-2 से अपने नाम कर लिया।

# वीरू साहनी ने दिया तालाबों के पट्टा आवंटन पर जोर



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। सभापति उ० प्र० मत्स्य जीवी सहकारी संघ लखनऊ वीरू साहनी ने जनपद फिरोजाबाद का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होने मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, पंचायतीराज विभाग एवं मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के अध्यक्षों तथा सचिवों के साथ निरीक्षण भवन दबरई पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने नई समितियों के गठन एवं ग्राम समाज के तालाबों के शतप्रतिशत पट्टे आवंटन कराने की आवश्यकता पर बल दिया साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य को निर्देश दिये कि मछुआ बाहुल्य वाले ग्रामों में मत्स्य विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये तथा वहाँ किसान क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु कैम्प लगाया जाये। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय रामानुज शुक्ला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य गौरव सिन्हा, जिला पंचायतराज अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता, डी०जी०एम० फिरोजाबाद जिला सहकारी बैंक अग्रणी बैंक प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक एवं मत्स्य निरीक्षक कौशलेन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दहेज हत्या का वांछित आरोपी गिरफ्तार किया

फिरोजाबादः थाना जसराना पुलिस टीम ने 03 सितंबर 2025 को दहेज हत्या मामले में वांछित आरोपी रंजीत पुत्र रजनेश को गिरफ्तार किया। क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एटा-शिकोहाबाद मार्ग के पास, विलासपुर रोड से आरोपी को दबोचा। आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

## सट्टा खेलते युवक गिरफ्तार

टूंडला। मंगलवार रात्रि 11.20 बजे थाना पुलिस ने रेलवे एनसीआर मैदान पर सट्टा खेलते एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान दीपक जैन, निवासी मोहल्ला सत्ता कोठी, थाना एत्मादपुर, आगरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के बारे में किया जागरूक



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

फिरोजाबाद । बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरौली में सरकार के निर्देशन में चलाई जा रहे सशक्त भारत अभियान के अंतर्गत तथा छात्र-छात्राओं के मन से डर निकालने एवं उनकी आत्मरक्षा एवं सुरक्षा को बढ़ाने तथा सम्मान पूर्वक जीवन स्तर को जीने के लिए बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से विनीत चौधरी स्काउट गाइड कैप्टन के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के बारे में जागरूक किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान विनीत चौधरी ने आत्मरक्षा के बारे में काफी महत्वपूर्ण बातें बताएं तथा छात्राओं को कई टिप्स भी दिए । इस दौरान विद्यालय स्टाफ से अमरनाथ सिंह आर्य, ममता उपाध्याय, नीलम शर्मा महेंद्र सिंह तथा अभिभावक पुष्पा देवी, सर्वेश देवी ,गीत देवी ,मोहिनी आदि के साथ साथ छात्र व छात्राएं मौजूद रहीं ।

# भक्तांबर पाठ में 48 तथा महाआरती में 108 दीप जलाकर जैन समाज ने किया कार्यक्रम



ल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद । श्री दिगंबर जैन लामेचुवाल सेवा समिति फिरोजाबाद के तत्वाधान में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ 48 दीपक के द्वारा भक्तांबर पाठ और 108 दीप को द्वारा महाआरती का आयोजन श्री दिगंबर जैन रसूलपुर जैन मंदिर में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में काफी श्रद्धालुओं ने भक्ति पूर्वक भक्तांबर पाठ और दीप जलाकर अर्चना की ।

अनुराग शास्त्री ने लोगों को भक्ति साधना के बारे में बताया और पूरा प्रांगण में श्रद्धालुओं ने भगवान की जयकारा लगाते हुए झूम के नृत्य किया।

समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन (रॉकी) ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं का सम्मान किया ।

कार्यक्रम में निर्देशक देवेंद्र कुमार जैन , महामंत्री कृष्ण जैन ,कोषाध्यक्ष सौरभ जैन ,विनय जैन, आलोक जैन ,संजय जैन, सोनम जैन, राशि जैन, राखी जैन, पिंकी जैन, अर्चना जैन आदि के साथ अन्य महिलाओं, पुरुषों , युवकों ,युवतियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## तीसरे दिन भी अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी ,जमकर की नारेबाजी

सिरसागंज। तहसील में तहसील प्रशासन के खिलाफ अधिवक्ताओं की हड़ताल लगाता जारी है। बुधवार को तहसील अधिवक्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और कार्रवाई की मांग की है।

रेवेन्यू बार एसोसिएशन सिरसागंज के अधिवक्ताओं में तहसीलदार को ज्ञापन दिया और बताया कि 30 अगस्त को शाम 8 बजे न्यायालय मजिस्ट्रेट सिरसागंज की मौजूदगी में तहसील के कर्मचारी द्वारा एक व्यक्ति की मारपीट की गई। जो अपराध कृत्य है और कार्रवाई की मांग की है।

बुधवार को भारी संख्या में अधिवक्ता ने तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कार्रवाई की मांग की है।

# कांग्रेस नेताओं ने स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व मुख्यमंत्री पं. कमलापति त्रिपाठी की जन्मजयंती पर की पुष्पांजली अर्पित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद । जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बुधवार को प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पं. कमलापति त्रिपाठी की जन्मजयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की गईं और उनके वताये गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया ।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुये कहा कि कमलापति त्रिपाठी ने समाज सुधार लेखनी से लोगो के दिलों मे गहरा स्थान बनाया और निर्भीकता के साथ पत्रकारिता की , प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के रेलमंत्री के रूप मे अभूतपूर्व योगदान किया जिसे आज भी याद किया जाता है1

कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव , जितेंद्र तिवारी , सेवादल जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव , जिला महासचिव शैलेन्द्र शुक्ला , जिला सचिव संजय यादव , अनिल कुमार यादव दरोगा जी , वाररूम प्रभारी संदीप कुमार , अनुसूचित विभाग जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह आजाद एड. , कुलदीप कुमार , रमन कुमार , दीपक कुमार , विपिन कुमार , आकाश यादव , रनवीर सिंह , हुलासी राम , राजेंद्र कुमार , अजय कुमार , दिनेश चन्द्र सहित अनेकों लोग मौजूद रहे1

## गाटा संखया में नाम न होने के बाद भी जमीन की कर दी रजिस्ट्री, एसएसपी से शिकायत

टूंडला। गाटा संख्या में जमीन में नाम न होने के बाद भी दूसरे की जमीन को अपने गांव की महिला के नाम रजिस्ट्री कर दी।

पीड़ित ने महिला सहित तीन के विरुद्ध एसएसपी से शिकायत की है।

लाइनपार के गांव नगला ईस्माइल निवासी सीमा देवी की जमीन उन्हीं गांव में गाटा संख्या 365 में है। उनकी जमीन को नगला हृदय निवासी एक युवक ने अपने ही पड़ोस की एक महिला के नाम रजिस्ट्री करा दी है। साथ ही रजिस्ट्री करने के दौरान नगला हृदय निवासी युवक ने गवाही दी है।

पीड़ित ने महिला सहित तीन के नाम एसएसपी सौरभ दीक्षित से शिकायत की है। वहीं एसएसपी द्वारा मामले की जांच कराकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।

# घर मे घुसकर अलमारी में रखे आभूषण चोरी थाने में की शिकायत



नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर

फ़रीज़ाबाद । थाना जसराना क्षेत्र के गाँव मोहिनीपुर में अज्ञात चोर घर मे घुसकर अलमारी में रखे आभूषणों की चोरी कर ले गये जिसकी तहरीर गृह स्वामी ने थाने में दी है ।

आलीपुर मोहनीपुर निवासी सुरेन्द्र सिंह ने थाना जसराना प्रभारी को तहरीर देते हुए कहा है, कि दिनांक 02 सितम्बर की रात में अज्ञात चोरों द्वारा घर मे घुसकर अलमारी में रखी झुमकी, टॉप्स , अँगूठी, तोड़यिा एवं रसोई में रखे बक्से का कैश और कमरे में रखे बक्से से सोने की ब्रजमाला (लटकन) पर चोरो ने हाथ साफ कर चोरी कर ले गये।

इसकी जानकारी सुबह आँख खुलने पर हुई जब कमरे में रखी अलमारी खुली हुई थी, और उसके गेट में चाबी लगी हुई थी। और उसमें रखा हुआ उक्त सामान गायब था।

और बक्सों में रखा केश व अन्य सोने की ब्रजमाला भी गायब मिली। जिसके बाद 112 पर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने मौके पर आकर मुआयना किया।

# रूस ने यूक्रेन पर 500 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं, जेलेंस्की ने और समर्थन मांगा



**कीव, (एपी)** रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 500 से अधिक ड्रोन और दो दर्जन मिसाइलें दागीं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूरोपीय नेता यूक्रेनी सुरक्षा को मजबूत करने और अब तक अमेरिकी नेतृत्व वाले असफल शांति प्रयासों को गति देने के उद्देश्य से बातचीत जारी रखे हुए हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के हमले के मुख्य लक्ष्य नागरिक बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से ऊर्जा सुविधाएं थीं। उन्होंने कहा कि रूस ऊर्जा सुविधाओं को सर्दी से पहले निशाना बनाकर अपने पड़ोसी को परेशान करने की आक्रामक नीति पर काम कर रहा है। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि हमलों में मुख्य रूप से पश्चिमी और मध्य यूक्रेन को निशाना बनाया गया और कम से कम पांच लोग घायल हो गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लड़ाई रोकने के प्रयासों के बावजूद, हाल के महीनों में नागरिक क्षेत्रों पर रूसी हवाई हमले तथा 1,000 किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति में यूक्रेनी सुरक्षा को ध्वस्त करने के रूसी सेना के प्रयासों में कमी नहीं आई है। जेलेंस्की ने हालांकि ट्रंप के युद्ध विराम और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने-सामने शांति वार्ता के प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया है, लेकिन क्रेमलिन ने इस पर आपत्ति जताई है।

हाल ही में कूटनीतिक गतिविधियों के बीच, पुतिन चीन में चीनी नेता शी चिनफिंग और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के साथ-साथ भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिले।

वाशिंगटन का कहना है कि ये देश रूस के युद्ध प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं। उसके अनुसार, उत्तर कोरिया ने रूस को सैनिक और गोला-बारूद भेजा है वहीं चीन और भारत ने रूसी तेल खरीदा है, जिससे अप्रत्यक्ष रूप से रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था को मदद मिली है।

रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने का आग्रह करते हुए जेलेंस्की ने 'टेलीग्राम' पर कहा, "पुतिन अपनी अभेद्यता का प्रदर्शन कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "केवल पर्याप्त दबाव की कमी, विशेषकर युद्ध अर्थव्यवस्था पर, ही रूस को इस आक्रामकता को जारी रखने के लिए प्रेरित करती है।"



## इजराइल के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े स्थल पर निर्माण कार्य तेज

**दुबई, (एपी)** इजराइल के संदिग्ध परमाणु हथियार कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र पर एक प्रमुख नयी संरचना का निर्माण कार्य तेज हो गया है।

उपग्रह चित्रों के विश्लेषण के आधार पर विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक नया परमाणु ऊर्जा संयंत्र अथवा परमाणु हथियार बनाने की सुविधा हो सकती है - लेकिन इस कार्यक्रम में गोपनीयता के कारण निश्चित रूप से कुछ भी जानना मुश्किल है।

# इंडोनेशिया में हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले सफेद धुआं निकलता देखा गया



**जकार्ता, (भाषा)** इंडोनेशिया में लापता हुए हेलीकॉप्टर को पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले सफेद धुआं छोड़ते और कम ऊंचाई पर उड़ते देखा गया था। बुधवार को एक खबर में यह दावा किया गया।

हेलीकॉप्टर में एक भारतीय नागरिक समेत आठ लोग सवार थे। इंडोनेशियाई समाचार एजेंसी 'अंतरा' की रिपोर्ट के अनुसार, खोज एवं बचाव (एसएआर) दल ने कहा कि एस्टिंडो एयर बीके 117 डी3 हेलीकॉप्टर को दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले सफेद धुआं छोड़ते और कम ऊंचाई पर उड़ते देखा गया था।

पायलट समेत आठ लोगों को ले जा रहे हेलीकॉप्टर का सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 8.54 बजे दक्षिण कालीमंतन के तनाह बुम्बू जिले के मेंटेवे में मंदिन दमार झरने के पास उड़ान भरते समय संपर्क टूट गया।

यात्रियों में भारतीय नागरिक संथा कुमार भी शामिल थे। विमान में सवार अन्य लोगों की पहचान कैप्टन हर्यंतो (पायलट), तकनीशियन इंग हेंद्रा और यात्रियों मार्क वेरेन, युडी फेब्रियन, एंडीज रिसा पासुलु, क्लॉडाइन क्विटो और इबॉय इरफान रोजा के रूप में हुई है।

बंजरमासिन खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख आई पुतु सुदयाना ने मंगलवार को कहा, ''एक शिक्षक और कई छात्रों ने हेलीकॉप्टर को धुआं छोड़ते हुए नीचे उड़ते देखा। उड़ान रडार डेटा के अनुसार, यह अंतिम संपर्क बिंदु से आगे था।''

उन्होंने कहा कि संयुक्त खोज एवं बचाव दल (एसएआर) हवाई और जमीनी, दोनों तरह के अभियान संचालित करके नए स्थान का पता लगाएगा।

# पुतिन ने बीजिंग में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन से मुलाकात की



**बीजिंग, (एपी)** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने बीजिंग में द्विपक्षीय वार्ता शुरू की। दोनों नेताओं ने द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित एक भव्य सैन्य परेड में भाग लेने के बाद दियाओयुताई सरकारी अतिथि गृह में औपचारिक रूप से मुलाकात की।

क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पुतिन और किम औपचारिक स्वागत समारोह से लेकर वार्ता स्थल तक एक ही कार में सवार होकर गए।

पत्रकारों से बातचीत में पुतिन ने उत्तर कोरियाई सैनिकों की बहादुरी और वीरता की प्रशंसा की, जिन्होंने रूस के कुर्स्क सीमा क्षेत्र में यूक्रेनी घुसपैठ को विफल करने के लिए मॉस्को के सैनिकों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी थी।दक्षिण कोरियाई आकलन के अनुसार, उत्तर कोरिया ने पिछले वर्ष से अब तक रूस में लगभग 15,000 सैनिक भेजे हैं। उसने पुतिन के यूक्रेन में तीन साल से जारी युद्ध में मदद देने के लिए बैलिस्टिक मिसाइलों और तोपों सहित बड़ी संख्या में सैन्य उपकरण भी भेजे हैं। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद से प्योंगयांग और मॉस्को के बीच सहयोग ''काफी मजबूत'' हुआ है।

## खैबर पख्तूनख्वा में घात लगाकर हमले में छह की मौत

**पेशावर, (भाषा)** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात हमलावरों ने एक यात्री वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह वाहन दरादार से सद्दा जा रहा था, तभी संदिग्ध आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे निचले कुर्रम जिले के महोरा के पास उस पर घात लगाकर हमला किया। पुलिस ने बताया कि हमलावर हमले के बाद भागने में कामयाब रहे, लेकिन पीड़ितों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मृतकों के शवों को जिला मुख्यालय अस्पताल भेज दिया गया है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। सेना ने बताया कि मंगलवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक अर्धसैनिक बल के मुख्यालय पर हुए आतंकवादी हमले को सुरक्षा बलों ने सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया, जिसमें छह सैनिक और पांच आतंकवादी मारे गए। यह हमला बन्नू जिले में उस समय हुआ जब प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन को निशाना बनाया।

### भारत हमसे बहुत ज्यादा शुल्क वसूल रहा था, जो दुनिया में सबसे ज्यादा था।

# हम भारत के साथ बहुत अच्छी तरह तालमेल रखते हैं : ट्रंप



**न्यूयॉर्क / वाशिंगटन, (भाषा)** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ 'बहुत अच्छी तरह तालमेल' रखता है, लेकिन कई वर्षों से उनका संबंध 'एकतरफा' था क्योंकि नई दिल्ली की ओर से वाशिंगटन पर 'भारी शुल्क' लगाया जा रहा था।

ट्रंप से मंगलवार को जब पूछा गया कि क्या वह भारत पर लगाए गए कुछ शुल्क हटाने पर विचार कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा, ''नहीं, हम भारत के साथ बहुत अच्छी तरह तालमेल रखते हैं।''

ट्रंप की यह टिप्पणी नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में तनाव के बीच आई है, जब अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है जो दुनिया में सबसे ज़्यादा शुल्कों में से एक है। उन्होंने व्हाइट हाउस में कहा कि कई वर्षों तक भारत और अमेरिका के बीच संबंध 'एकतरफा' थे और उनके पदभार ग्रहण करने के बाद इसमें बदलाव आया। ट्रंप ने कहा, ''भारत हमसे बहुत ज्यादा शुल्क वसूल रहा था, जो दुनिया में सबसे ज्यादा था।''उन्होंने कहा कि इसलिए अमेरिका भारत के साथ ज्यादा व्यापार नहीं कर रहा था। उन्होंने कहा, ''लेकिन वे हमारे साथ व्यापार कर रहे थे क्योंकि हम उनसे शुल्क नहीं वसूल रहे थे। मूर्खतापूर्ण तरीके से, हम उनसे शुल्क नहीं वसूल रहे थे।''अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत अपने उत्पादों को अमेरिका में भेज रहा था।

ट्रंप ने कहा, ''वे इसे हमारे देश में भेजेंगे। इसलिए इसे यहां नहीं बनाया जाएगा, जो एक नकारात्मक बात है, लेकिन हम कुछ भी नहीं भेजेंगे क्योंकि वे हमसे 100 प्रतिशत टैरिफ वसूल रहे थे।''

अमेरिकी राष्ट्रपति ने हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल का उदाहरण देते हुए कहा कि कंपनी भारत में अपनी मोटरसाइकिल नहीं बेच सकी क्योंकि उस पर 200 प्रतिशत शुल्क था।उन्होंने कहा, ''तो क्या हुआ? हार्ले डेविडसन भारत गई और एक मोटरसाइकिल संयंत्र लगाया, और अब उन्हें शुल्क नहीं देना पड़ता, यह हमारे जैसा ही है।''सोमवार को, ट्रंप ने दावा किया कि भारत ने अब अपने टैरिफ को पूरी तरह से कम करने का 'प्रस्ताव' दिया है, 'लेकिन अब देर हो रही है'। उन्होंने कहा कि भारत अपना अधिकांश तेल और सैन्य उत्पाद रूस से खरीदता है और अमेरिका से बहुत कम खरीदता है।

ट्रंप प्रशासन ने भारत पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क और रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है, जिससे भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है, जो 27 अगस्त से प्रभावी हो गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि वह किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों के हितों से समझौता नहीं कर सकते। उन्होंने आगाह किया कि ''हम पर दबाव बढ़ सकता है, लेकिन हम इसे सहन करेंगे।''

भारत ने अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों को 'अनुचित और अतर्कसंगत' बताया है।

नई दिल्ली ने कहा कि किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह, वह अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा।

वर्ष 2024-25 में, दोनों देशों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब डॉलर (86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात) था।



## संक्षिप्त खबरें



### सबसे खुशी का पल दर्दनाक बन गया, बेंगलुरू भगदड़ पर बोले कोहली

**बेंगलुरू, (भाषा)** भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल खिताब जीतने के जश्न में चार जून को हुई भगदड़ के बारे में कहा है कि यह उनकी टीम का सबसे खुशी का दिन हो सकता था जो 11 लोगों की मौत के बाद दर्दनाक बन गया । आरसीबी के 18 साल में पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के बाद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जश्न के लिये ढाई लाख प्रशंसकों के जमा होने के बाद भगदड़ मच गई थी । कोहली ने आरसीबी के एक्स हैंडिल पर कहा, '' आप कभी भी इस तरह दिल तोड़ने वाली घटना का सामना नहीं करना चाहते । जो हमारी टीम के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया।'' उन्होंने कहा, '' मैं अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों और चोटिल हुए अपने प्रशंसकों के बारे में सोचता हूं और प्रार्थना करता हूं । आपकी क्षति अब हमारी कहानी का हिस्सा है । हम मिलकर सावधानी, सम्मान और जिम्मेदारी से आगे बढेंगे ।'' घटना की आधिकारिक जांच में बताया गया कि इस अराजकता का कारण उचित मंजूरी का अभाव और अत्यधिक भीड़ थी, जो फ्रेंचाइजी द्वारा सोशल मीडिया पर भेजे गए निमंत्रणों के कारण उमड़ी थी। पुलिस ने स्वीकार किया कि दर्शकों को नियंत्रित करने के लिए उनके पास संख्या बल बहुत कम था और जांच में आरसीबी को प्रशंसकों को बड़ी संख्या में आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। इसके बाद, आरसीबी ने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की और उनकी स्मृति में सार्थक कार्रवाई करने का संकल्प लिया। इसने 'आरसीबी केयर्स' नामक एक फाउंडेशन भी शुरू किया, जिसने बेहतर भीड़ प्रबंधन प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए स्टेडियम अधिकारियों, खेल निकायों और लीग भागीदारों के साथ मिलकर काम करने का वादा किया है।

### भारत में अल्पकालिक भूमिका के लिये तैयार हैं अनुभवी डच कोच ओल्टमेंस

**राजगीर, (भाषा)** नीदरलैंड के महान कोच और भारतीय पुरूष टीम के पूर्व हाई परफार्मेंस निदेशक रोलेंट ओल्टमेंस भारत में फिर से काम करने को तैयार हैं लेकिन पूर्णकालिक जिम्मेदारी नहीं निभाना चाहते ।भारतीय पुरूष टीम के साथ पांच साल तक हाई परफार्मेंस निदेशक और मुख्य कोच रह चुके 71 वर्ष के ओल्टमेंस को लगातार खराब प्रदर्शन के बाद 2017 में हटाया गया था । उन्होंने तब कहा था कि भारत में काम करना आसान नहीं है, खासकर खेलों में । यहां एशिया कप में चीन की टीम के साथ आये ओल्टमेंस ने कहा कि वह पूर्णकालिक भूमिका नहीं चाहते लेकिन किसी भी राष्ट्रीय टीम के साथ सलाहकार के तौर पर अल्पकालिक भूमिका के लिये तैयार हैं । उन्होंने पीटीआई से कहा, '' पूर्णकालिक कोच को लंबे दौरों पर जाना होता है और लंबे अनुबंध भी होते हैं । मैं अब वह नहीं चाहता । मेरा फोकस अल्पकालिक अनुबंधों पर है ।''

### ध्रुव जुरेल अगर चोट से उबर जाते हैं तो वह टीम की कमान संभाल सकते हैं।

# दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल: श्रेयस, जायसवाल और ठाकुर पर रहेगी सबकी निगाहें



**बेंगलुरु, (भाषा)** श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की तरफ से मध्य क्षेत्र के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी करने के लिए अपना मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे।

अय्यर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया लेकिन वह यहां सत्र की शानदार शुरुआत करके वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला तथा उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले खुद को दावेदारी में बनाए रखना चाहेंगे।

अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के लिए 17 मैचों में 50.33 की औसत और 175 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाए। उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा पश्चिम क्षेत्र को भी मिलेगा। जहां तक जायसवाल का सवाल है तो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर दी है लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह राष्ट्रीय चयन समिति की पहली की पसंद नहीं हैं। वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले लाल गेंद की क्रिकेट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। जायसवाल का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट था और उन्हें अगला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला तक इंतजार करना पड़ सकता है। दूसरी ओर ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए चयनकर्ताओं की नजरों में बने रहने के लिए वह अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे रुतुराज गायकवाड़ और तनुश कोटियन अभी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान खींचना चाहेंगे।

जहां तक मध्य क्षेत्र का सवाल है तो ध्रुव जुरेल अगर कमर की चोट से उबर जाते हैं तो वह टीम की कमान संभाल सकते हैं। यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाया था।

जुरेल के बिना भी उनकी बल्लेबाजी दमदार रही, क्योंकि कार्यवाहक कप्तान रजत पाटीदार, दानिश मालेवार और शुभम शर्मा ने बड़े शतक जड़े। उनके पास बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे तथा तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के रूप में मजबूत गेंदबाजी इकाई भी है। एक अन्य सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र का मुकाबला दक्षिण क्षेत्र से होगा।



### अल्काराज और जोकोविच की सेमीफाइनल में टक्कर, पेगुला भी जीती

**न्यूयॉर्क, (एपी)** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने जिरि लेहेका को 6 . 4, 6 . 2, 6 . 4 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरूष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच से होगा । दो साल पहले यहां अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के बाद से अल्काराज हार्डकोर्ट पर पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं । जोकोविच ने उन्हें आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में हराया था । अगर अल्काराज अमेरिकी ओपन खिताब जीतते हैं तो एटीपी रैंकिंग में यानिक सिनेर को पछाड़कर शीर्ष पर काबिज हो जायेंगे । जोकोविच ने टूर्नामेंट में आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को क्वार्टर फाइनल में हराया और जीतने के बाद फ्रिट्ज की हौसलाअफजाई कर रहे प्रशंसकों की ओर चुंबनों की बौछार कर दी । जोकोविच ने 6 . 3, 7 . 5, 3 . 6, 6 . 4 से जीत दर्ज की । पिछले साल के उपविजेता फ्रिट्ज के खिलाफ जोकोविच का जीत का रिकॉर्ड 11 . 0 का है । जोकोविच रिकॉर्ड 53वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जिसमें से फ्लशिंग मीडोज पर 14वीं बार उन्होंने अंतिम चार में जगह बनाई । जोकोविच ने कहा, '' आखिर में तो जीत मायने रखती है । मुझे गर्व है कि मैने जुझारूपन दिखाया । मैं काफी जुनून के साथ खेलता हूं और मुझे खेल का मजा आ रहा है ।'' महिला वर्ग में जेसिका पेगुला ने बारबोरा क्रेसिकोवा को 6 . 3, 6 . 3 से हराकर अपने कैरियर के दूसरे ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई ।

### किसी भी समय नई गेंद लेने की अनुमति मिलनी चाहिए

**लंदन, (भाषा)** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने सुझाव दिया है कि टेस्ट क्रिकेट में टीमों को 160 ओवर के भीतर किसी भी समय नई गेंद लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, जबकि मौजूदा नियम के अनुसार 80 ओवर के बाद ही नई गेंद लेनी होती है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से 2018 में संन्यास लेने वाले कुक ने कहा कि इस बदलाव से खेल के सबसे बड़ा प्रारूप अधिक रोमांचक और रणनीतिक हो जाएगा। आपको उन 160 ओवरों के लिए दो नई गेंदें मिली हैं और आप जब चाहें दूसरी गेंद ले सकते हैं। आप चाहें तो 30 ओवर के बाद नई गेंद ले सकते हैं।''इंग्लैंड के एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इसी पॉडकास्ट पर कहा कि क्रिकेट में भी अन्य खेलों की तरह किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी उतारने का प्रावधान होना चाहिए।

### विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में कप्तानी करने पर शुरू में थोड़ा नर्वस होना लाजमी है

# महेंद्र सिंह धोनी की तरह 'कैप्टन कूल' बनना चाहती हैं पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना



**नयी दिल्ली, (भाषा)** आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की कप्तानी करने जा रही फातिमा सना भारत के विश्व कप विजेता कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हैं और उन्हीं की तरह 'कैप्टन कूल' बनने की ख्वाहिश भी रखती हैं ।

अप्रैल में हुए क्वालीफायर्स में अपराजेय रहने वाली पाकिस्तानी टीम भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले वनडे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज दो अक्टूबर को कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ करेगी ।

तेईस वर्ष की फातिमा ने लाहौर से भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा, '' विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में कप्तानी करने पर शुरू में थोड़ा नर्वस होना लाजमी है लेकिन मैं बतौर कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से प्रेरणा लेती हूं ।'' उन्होंने कहा, '' मैने उनके भारत के कप्तान के तौर पर और आईपीएल मैच देखे हैं । वह जिस तरह मैदान पर फैसले लेते हैं, शांत रहते हैं और अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं, उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है । जब मुझे कप्तानी मिली थी तभी मैने सोचा था कि धोनी की तरह बनना है । उनके इंटरव्यू भी देखे तो काफी कुछ सीखने को मिला ।''

धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली जबकि फातिमा ने छह मई 2019 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था । महिला वनडे विश्व कप में पाकिस्तान पांच बार (1997, 2009, 2013, 2017 और 2022 में) खेला है लेकिन 1997, 2013 और 2017 में एक भी मैच नहीं जीत सकी । पिछली बार 2022 में एकमात्र जीत हैमिल्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली लेकिन बाकी सारे मैच हारकर टीम आखिरी स्थान पर रही थी । पाकिस्तान के लिये 34 वनडे में 397 रन बनाने और 45 विकेट लेने वाली हरफनमौला फातिमा को यकीन है कि इस बार यह मिथक टूटेगा क्योंकि युवा खिलाड़ियों को पता है कि उनके प्रदर्शन से देश में महिला क्रिकेट का मुस्तकबिल तय होगा ।

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




विकसित भारत केवल विकसित नहीं होगा बल्कि वह आत्मनिर्भर भी होगा और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता होगी।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके 5 कालिदास मार्ग स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।






## विकसित भारत के लिये हर क्षेत्र को चिह्नित करके काम करना जरूरी: योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना साकार करने के लिये देश के हर क्षेत्र को चिह्नित करके काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने आईआईटी-कानपुर के उद्योग—अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम 'समन्वय' में हिस्सा लेते हुए अपने संबोधन में विकसित भारत और अर्थव्यवस्था समेत विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल विकसित नहीं होगा बल्कि वह आत्मनिर्भर भी होगा और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता होगी।

आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत के लिए हर एक क्षेत्र को चिन्हित करके उस पर काम करना होगा।

उन्होंने कहा, "पिछले 11 वर्षों में आपने बदलते हुए भारत को देखा है। यह बदलता हुआ भारत जो आज फिर से दुनिया की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था में से एक है, आज दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। तीसरी से दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में युवाओं का योगदान होना है और हमारे लिए वह समय विकसित भारत का होगा।"



आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले उत्तर प्रदेश में एक निराशाजनक वातावरण था और देश में यह धारणा बन चुकी थी कि उत्तर प्रदेश सुधरने वाला नहीं है।

उन्होंने कहा कि उन्हें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि पिछले आठ वर्ष में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के निवासियों के साथ मिलकर जो प्रयास प्रारंभ किये, उनका परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश देश की नंबर दो अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है।

उन्होंने इस अवसर पर आईआईटी कानपुर द्वारा आयोजित समन्वय कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और सस्टेनेबिलिटी नामक तीन महत्वपूर्ण विषयों पर अलग-अलग सत्र होंगे और उन सभी मुद्दों पर चर्चा होगी जिन्हें लेकर आज एक सामान्य नागरिक, समाज, देश और दुनिया भी चिंतित है।

उन्होंने कहा कि इससे लाभान्वित होकर वे अपने आप को आगे बढ़ाना चाहेंगे।

मुख्यमंत्री ने आईआईटी-कानपुर और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच तालमेल का जिक्र करते हुए कहा कि कोविड महामारी के दौरान विभिन्न निदानात्मक आकलनों के जरिये सरकार की मदद करने वाले इस संस्थान से डिफेंस कॉरिडोर परियोजना में भी सहयोग मिल रहा है।

## अपना एक माह का वेतन बाढ़ राहत कोष में देंगे रालोद के विधायक और सांसद

मेरठ (उप्र), (भाषा) राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी के सभी विधायक और सांसद अपने एक माह का वेतन देश के बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए राहत कोष में जमा करेंगे।

रालोद के पूर्व प्रदेश महासचिव (संगठन) एवं प्रदेश प्रवक्ता आतिर रिज़वी ने यहां बताया कि जयंत चौधरी ने कहा है कि देश के कई राज्य बाढ़ से प्रभावित हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए रालोद के सभी विधायक और सांसद अपना एक माह का वेतन राहत कोष में देंगे।

लोकसभा में रालोद के दो सदस्य, राज्यसभा में एक, उत्तर प्रदेश विधानसभा में नौ और विधान परिषद में एक सदस्य है। इसके अलावा राजस्थान में भी रालोद का एक विधायक है। रिजवी ने बताया कि जयंत ने पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से अपील की कि वे राहत कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लें और बाढ़ प्रभावितों तक सहायता पहुंचाने में सहयोग करें।--

## यमुना प्राधिकरण को ईएसआरआई यूज़र कॉन्फ्रेंस में मिला 'स्पेशल अचीवमेंट अवार्ड इन जीआईएस'



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण YEIDA को जीआईएस Geographic Information System के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए ईएसआरआई यूज़र कॉन्फ्रेंस में स्पेशल अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन होटल पुलमैन, एरोसिटी, दिल्ली में आयोजित हुआ।

यह सम्मान YEIDA के वनमैप जियोपोर्टल के नवाचार और जीआईएस तकनीक के प्रभावी उपयोग के लिए दिया गया, जिसने भूमि प्रबंधन, शहरी नियोजन, अतिक्रमण नियंत्रण और नागरिक सेवाओं में पारदर्शिता व दक्षता को नई ऊँचाई दी है।पुरस्कार YEIDA के ओएसडी शैलेन्द्र कुमार भाटिया IAS ने ग्रहण किया।

इस अवसर पर प्राधिकरण के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।YEIDA द्वारा जीआईएस तकनीक के प्रमुख उपयोग:भूमि प्रबंधन – आवंटित, उपलब्ध और अधिग्रहीत भूखंडों का डिजिटल रिकॉर्ड शहरी नियोजन – मास्टर प्लान, ज़ोनिंग, सड़क और उपयोगिताओं में सहयोग अतिक्रमण की पहचान – अवैध कब्ज़ों और भूमि दुरुपयोग पर निगरानी प्री-सर्वे मैपिंग – फील्ड वर्क से पहले वर्चुअल सर्वे की सुविधा नागरिक सेवाएँ – ऑनलाइन पोर्टल से नक्शे, भूखंड विवरण और विकास योजनाएँ।निर्णय सहयोग – नीतिगत निर्णयों और परियोजनाओं की स्वीकृति हेतु डैशबोर्ड व एनालिटिक्स अंतरविभागीय समन्वय – योजना, राजस्व, इंजीनियरिंग और प्रवर्तन विभागों के लिए साझा प्लेटफ़ॉर्म।YEIDA का वनमैप जियोपोर्टल एक केंद्रीकृत जीआईएस प्लेटफॉर्म है, जो सटीक भूमि शासन, स्मार्ट प्लानिंग, सक्रिय अतिक्रमण नियंत्रण और पारदर्शी नागरिक सेवाओं को सक्षम बनाता है। यह उपलब्धि प्राधिकरण की सतत विकास और स्मार्ट प्रशासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाना चाहिए: जयशंकर

**नयी दिल्ली,** (भाषा) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक परिदृश्य में अस्थिरता ने भारत और जर्मनी के बीच संबंधों को विस्तार देने के लिए एक ''बहुत ही मजबूत'' मामला बना दिया है और नयी दिल्ली और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाना चाहिए क्योंकि इससे विश्व अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ अपनी वार्ता के बाद, जयशंकर ने भारत के साथ व्यापार को दोगुना करने संबंधी बर्लिन के संकल्प का भी स्वागत किया और कहा कि विचार-विमर्श का ध्यान व्यापार, रक्षा और सुरक्षा, हरित हाइड्रोजन, भविष्य की प्रौद्योगिकियों, स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा और गतिशीलता के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना था। उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि (बातचीत का) एक और दौर जल्द ही शुरू होगा। हम चाहते हैं कि आने वाले दिनों में यह



एक निर्णायक निष्कर्ष पर पहुंच जाए।'' उन्होंने वेडफुल के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा, ''और हमारा मानना है कि यह हमारे पारस्परिक हित में होगा। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिलेगी।' उन्होंने कहा, 'यह वहां एक बड़ा कारक होगा। यह एक प्रकार का सहारा होगा, जिसकी आज विश्व अर्थव्यवस्था को वास्तव में जरूरत है।'' ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीतियों के कारण भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव के मद्देनजर इस टिप्पणी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जयशंकर ने कहा, ''वेडफुल ने मुझे आश्वासन दिया कि जर्मनी यूरोपीय संघ के साथ एफटीए वार्ता में अपना पूरा सहयोग देगा।'' एक महत्वपूर्ण घोषणा में विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि छात्र आदान-प्रदान को और बढ़ावा देने के लिए स्कूल और कॉलेज यात्राओं के लिए निःशुल्क वीजा देने पर सहमति हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने वैज्ञानिक सहयोग और अनुसंधान के साथ-साथ लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ाने का संकल्प लिया है।

जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में जर्मनी के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, ''आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के संबंध में जर्मनी ने जो समझदारी दिखाई है, उसकी हम बहुत कद्र करते हैं। मंत्री वेडफुल ने खुद आतंकवादी हमलों से अपने लोगों की रक्षा करने के हमारे अधिकार के बारे में स्पष्ट रूप से बात की है।'' विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापार, रक्षा और सुरक्षा, हरित हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, भविष्य की प्रौद्योगिकियों, स्वच्छ ऊर्जा और गतिशीलता के क्षेत्रों में संबंधों के विस्तार पर विस्तृत चर्चा की।

## विश्वविद्यालय परिसर को सुरक्षित बनाने की दिशा में काशी हिंदू विश्वविद्यालय की नई पहल

### महिला सुरक्षा को मज़बूत करने के उद्देश्य से नमस्ते बीएचयू ऐप में नया फीचर लॉन्च | कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने की सुरक्षा के नए फीचर की शुरुआत | ऐप पर सुरक्षा बटन दबाने पर कंट्रोल रूम को मिलेगा अलर्ट, तुरंत प्रतिक्रिया और सहायता होगी सुनिश्चित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

वाराणसी, 03.09.2025: बीएचयू कैंपस में महिला सुरक्षा हेतु अपनी प्रतिबद्धता को मूर्त रूप देते हुए, काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने एक नई पहल की है। विश्वविद्यालय ने अपने ऐप 'नमस्ते बीएचयू' में एक नया सुरक्षा फीचर जोड़ा है जो सुरक्षा संबंधी किसी भी स्थिति का सामना करने वालों को तुरंत प्रतिक्रिया और सहायता सुनिश्चित करेगा। कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने बुधवार को महिला महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस सुरक्षा फीचर का शुभारंभ किया। पहले चरण में, यह फीचर विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए उपलब्ध है और बीएचयू परिसर की भौगोलिक सीमाओं के भीतर काम करेगा।

किसी भी आपात स्थिति में, सेफ्टी बटन दबाने पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के कंट्रोल रूम को तुरंत सजग कर देगा। सजगता के साथ, यह सिस्टम उपयोगकर्ता का विवरण और लोकेशन सुरक्षा तंत्र को भेज देगा, जिससे तत्काल प्रतिक्रिया संभव होगी। प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और यह सुविधा महज पहला चरण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह नया उपाय बीएचयू समुदाय में विश्वास की भावना जगाएगा।



प्रो. चतुर्वेदी ने बताया कि यह सुविधा 'सेलुलर नेटवर्क' पर काम करेगी और कंट्रोल रूम के साथ साझा की गई लोकेशन इतनी सटीक होगी कि पेट्रोलिंग टीमें सहायता पंहुचा सकें। उन्होंने छात्राओं से कहा कि जब भी उन्हें किसी खतरे जैसी स्थिति का आभास हो, वे इस सुविधा का उपयोग करने में संकोच न करें।उपयोगकर्ता के अनुभव और प्रतिक्रिया के आधार पर सुरक्षा सुविधा को अपडेट किया जाएगा। कुलपति ने कहा, ₹हर सॉफ़्टवेयर के अलग-अलग संस्करण होते हैं जिसमें अनुभव और प्रतिक्रिया के अनुसार बदलाव किए जाते हैं। इस सुरक्षा अलर्ट को भी भविष्य में अपडेट किया जाएगा।₹ इस नई पहल की सफलता के आधार पर, बीएचयू इस पहल को देश के अन्य विश्वविद्यालयों के साथ भी साझा करना चाहेगा। नमस्ते बीएचयू ऐप के विशेषज्ञों की टीम द्वारा विकसित, इस नए सुरक्षा फ़ीचर को मुख्य आरक्षाधिकारी कार्यालय के साथ मिलकर संयुक्त रूप से तैयार किया गया है। उपयोग में आसानी के लिए डिज़ाइन किए गए इस फ़ीचर के लिए उपयोगकर्ताओं को अपने मोबाइल फ़ोन में नमस्ते बीएचयू ऐप इंस्टॉल करना होगा। नमस्ते बीएचयू ऐप के विकास में अग्रणी रहे डॉ. टी वी प्रभाकर ने इस नए फ़ीचर का प्रदर्शन करते हुए बताया कि यह उपयोगकर्ता को दो विकल्प प्रदान करता हैः कंट्रोल रूम को कॉल करना और कंट्रोल रूम में एक तीव्र ध्वनि उत्पन्न करना।

मुख्य आरक्षाधिकारी प्रो. एस. पी. सिंह ने बताया कि यह पहल महिला सुरक्षा की दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आज का शुभारंभ केवल पहला संस्करण है और आगे के परीक्षणों के साथ, इस सुविधा के नए संस्करण जल्द ही उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि उप मुख्य आरक्षाधिकारी प्रो. निर्मला होरो के नेतृत्व में 9 सदस्यीय टीम बनाई गई है। यह टीम सुरक्षा फीचर की प्रतिक्रिया व प्रदर्शन आदि पर निगरानी व सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी। प्रोफेसर निर्मला होरो ने कहा कि इस नई सुविधा के शुभारंभ के लिए महिला महाविद्यालय को चुनना छात्राओं की सुरक्षा के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

स्वागत भाषण देते हुए, महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रीता सिंह ने एमएमवी समुदाय की ओर से इस नए फीचर के शुभारंभ के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वविद्यालय और उसके सदस्यों के विकास के लिए कुलपति के दृष्टिकोण की सराहना की। प्रो. ऋचा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रो. पद्मिनी रवींद्रनाथ ने कार्यक्रम का संचालन किया। ऐप के शुभारंभ के दौरान महिला महाविद्यालय के शिक्षक, बड़ी संख्या में छात्राएं, प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य तथा नमस्ते बीएचयू टीम के सदस्य देव अंगिरस, अंशुमन शर्मा, विकास सिंह, शालिनी यादव, और संस्कार शर्मा भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की पत्नी के पास भी दो मतदाता पहचान पत्र: भाजपा

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की पत्नी के पास भी दो मतदाता पहचान पत्र हैं और पार्टी नेता राहुल गांधी 'अपने ही नेताओं के बीच इस तरह के आपराधिक कृत्यों से खुद को अलग नहीं कर सकते'।

इससे पहले सत्तारूढ़ भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं और राहुल गांधी अपनी पार्टी की वोटों की चोरी को 'बचाने और छिपाने' के लिए बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। भाजपा के इस आरोप पर कांग्रेस, खेड़ा या उनकी पत्नी कोटा नीलिमा, जो तेलंगाना में पार्टी की नेता भी हैं, की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर लिखा, ''तेलंगाना के खैरताबाद (60) विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार और पवन खेड़ा की पत्नी तथा कांग्रेस नेता कोटा नीलिमा के पास भी दो सक्रिय ईपीआईसी (मतदाता फोटो पहचान पत्र) हैं। एक खैरताबाद (तेलंगाना का विधानसभा क्षेत्र) में पंजीकृत है और दूसरा नयी दिल्ली में।' उन्होंने कहा, 'अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कांग्रेस नेताओं के पास कई ईपीआईसी नंबर हैं और वे एक से ज्यादा जगहों पर पंजीकृत मतदाता हैं। यह कोई संयोग नहीं है।' मालवीय ने आरोप लगाया, '' 'वोट चोरी' में लिप्त लोग ही आम नागरिकों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए बदनाम कर रहे हैं और हमारी संस्थाओं को कमजोर कर रहे हैं।''

भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी अपने ही खेमे के भीतर 'इन आपराधिक कृत्यों' से खुद को 'मुक्त' नहीं कर सकते, खासकर सार्वजनिक पद पाने के इच्छुक लोगों और उनके 'आंतरिक गुट' के सदस्यों से जुड़े मामलों से। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी से इस पर जवाब देने की मांग की।

मालवीय ने यह भी मांग की कि निर्वाचन आयोग इस मामले की जांच शुरू करे।



खेड़ा और उनकी पत्नी के मामले को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने कहा कि खुद को 'मोहब्बत की दुकान' कहने वाली कांग्रेस दरअसल 'फर्जीवाड़ा और फरेब का बाजार' चला रही है।

इल्मी ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''कांग्रेस के सीडब्ल्यूसी सदस्य और मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा के पास दो ईपीआईसी हैं, वहीं पता चला है कि उनकी पत्नी कोटा नीलिमा, जो 2023 के राज्य चुनावों में तेलंगाना की खैरताबाद विधानसभा सीट से पार्टी की उम्मीदवार थीं, के पास भी दो ईपीआईसी हैं।'' उन्होंने इस मुद्दे पर राहुल गांधी पर 'चुप्पी' साधने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उसे लोकतंत्र से कोई लेनादेना नहीं है। इल्मी ने कांग्रेस के 'वोट चोरी' के आरोपों पर कहा, ''पूरा देश जानता है कि ईवीएम आने से पहले कश्मीर और बिहार में वोटों की डकैती कैसे होती थी। 1980 में सोनिया गांधी ने अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा लिया था, जबकि उस समय वह इतालवी नागरिक थीं।''

राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया था कि उनकी पार्टी जल्द ही 'वोट चोरी' के बारे में खुलासों का एक 'हाइड्रोजन बम' लेकर आएगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसके बाद देश को 'अपना चेहरा' नहीं दिखा पाएंगे। इसके बाद भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला किया है।

राहुल गांधी ने यह टिप्पणी बिहार में अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन समारोह में की। इससे कुछ दिन पहले उन्होंने दावा किया था कि कर्नाटक के एक लोकसभा क्षेत्र से संबंधित मतदाता आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि कथित तौर पर भाजपा के इशारे पर निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावों में 'धांधली' की गई थी ताकि भाजपा को वोट 'चुराने' और 2024 के आम चुनाव में सीट जीतने में मदद मिल सके। 'वोट चोरी' के आरोप पर नेता प्रतिपक्ष की आलोचना करते हुए मालवीय ने कहा, ''राहुल गांधी ने एक प्रेस वार्ता की और बिना पर्याप्त जांच-पड़ताल के, ईमानदार मतदाताओं को निशाना बनाया और उन्हें बदनाम किया।

## भगवान महावीर देशना फाउंडेशन प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से की सौजन्य भेंट

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नई दिल्ली, भगवान महावीर देशना फाउंडेशन (BMDF) के प्रतिनिधिमंडल ने आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय श्री रामनाथ कोविंद जी से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर फाउंडेशन के निदेशकगण श्री अनिल जैन, श्री राजीव जैन, श्री सुभाष ओसवाल, श्री मनोज कुमार जैन तथा श्री सत्य भूषण जैन उपस्थित रहे।प्रतिनिधिमंडल ने आगामी भगवान महावीर निर्वाणोत्सव के उपलक्ष्य में 26 अक्टूबर, भारत मंडपम्, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भव्य सांस्कृतिक-आध्यात्मिक आयोजन की जानकारी साझा की।

इस कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति "मेरा णमोकार" के माध्यम से भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, संयम एवं करुणा के संदेशों को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुँचाने का उद्देश्य रखा गया है।



पूर्व राष्ट्रपति महोदय को इस ऐतिहासिक आयोजन हेतु आमंत्रित किया गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।

माननीय श्री रामनाथ कोविंद जी ने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि भगवान महावीर के विचार आज भी समाज और राष्ट्र के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं और उनकी शिक्षाओं का प्रसार समाज में शांति, सौहार्द एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करेगा।

यह भेंट न केवल प्रेरणादायी रही, बल्कि इससे समाजहित में धर्म और संस्कृति के संवर्धन हेतु फाउंडेशन के प्रयासों को और गति मिली।

प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन देश ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर जैन धर्म के शाश्वत सिद्धांतों को नई दिशा देगा।मनोज कुमार जैन

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569 I प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।